www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार, 28 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-173 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





बिकने वाले बिक गए अब कोई बिकने वाला नहीं 02

■ स्वच्छता कायम करना प्राथमिकता : शैली
■ भाजपा में बढ़ रही ओबीसी महिला आरक्षण की मांग 03

■ नाजी इकाई के लड़के को 'हीरो' कहने वाले कनाडाई...
■ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बनी चिंता का कारण 07

13 अक्टूबर को रिलीज होगी तापसी पन्नू ... 10

## सार संक्षेप

### मिलाद-उन-नबी की राष्ट्रपति मुर्मू ने दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हजरत मुहम्मद साहब के जन्म दिन मिलाद-उन-नबी की पूर्व संध्या पर नागरिकों को शुभकमानाएं दी हैं और पैगंबर मुहम्मद के सद्भाव और भाईचारे के संदेश को याद रखने हुए मानवता के लिए मिल कर काम करने का आह्वान किया है। श्रीमती मुर्मु ने अपने संदेश में कहा है, पैगंबर मुहम्मद ने दुनिया को शांति और प्रेम का संदेश दिया है। उनकी शिक्षाएं हमें सद्भाव और भाईचारे के साथ रहने के लिए प्रेरित करती हैं।

### पीएम विश्वकर्मा योजना में 1.40 लाख से अधिक आवेदन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने बुधवार को कहा कि दस दिनों के भीतर, पीएम विश्वकर्मा योजना को 1.40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। श्री राणे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पीएम विश्वकर्मा योजना की सफलता की जानकारी देते हुए लिखा कि पीएम विश्वकर्मा योजना प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी दूरदर्शी दृष्टि का परिणाम है।

### नायडू को तत्काल राहत देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना में कथित घोटाले से संबंधित मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की पुलिस हिरासत के खिलाफ उनकी याचिका पर तत्काल विचार करने से इनकार कर दिया, लेकिन मुकदमा रद्द करने की गुहार पर विचार के लिए सहमति व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने दलीलें सुनी।

### अनंतनाग में वाहन में हुए विस्फोट में 8 लोग जख्मी



**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार सुबह एक वाहन के अंदर विस्फोट से 8 बिहारी श्रमिक झुलस गए और कुछ दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। यह घटना डूरू अनंतनाग के लारकीपोरा बाजार में घटी। पुलिस ने बताया कि मजदूरों के साथ लोड कैरियर में ले जाई जा रही सीमेंट मिक्स सेटलिंग वाइब्रेशन मशीन, बगल के पोर्टेबल जेनरेटर और तेल के टिन के डिब्बे में विस्फोट हो गया।

### उप्र के मथुरा में ट्रैक छोड़ प्लेटफार्म पर चढ़ी ट्रेन



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में देर रात ट्रेन हादसा हो गया। यहां गाजियाबाद-मथुरा ईएमयू ट्रेन प्लेटफार्म पर चढ़ गई। ट्रेन गाजियाबाद की ओर से आई थी। ट्रेन का इंजन वाला हिस्सा प्लेटफॉर्म पर चढ़ गया।



### 19वें एशियन गेम्स

## निशानेबाजी में भारत का जलवा, जीते दो स्वर्ण



सिफ्ट कौर सामरा

**हांगझाऊ।** 19वें एशियन गेम्स में बुधवार को भारत ने निशानेबाजी स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते। वूमेंस 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इंडिविजुअल में सिफ्ट कौर सामरा ने नया कीर्तिमान रचते हुए स्वर्ण पदक पर अपना निशाना लगाया, जबकि मनु भाकर, ईशा सिंह और रिद्म सांगवान की तिकड़ी को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक मिला।

# मणिपुर अशांत राज्य घोषित

## 19 थाना क्षेत्रों को छोड़कर शेष राज्य को अशांत क्षेत्र' की श्रेणी में रखने का निर्णय

**इम्फाल,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। हिंसाग्रस्त मणिपुर में सरकार ने कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए 19 पुलिस थाना क्षेत्रों को छोड़कर शेष राज्य में यथास्थिति बरकरार रखने और उसे आगामी एक अक्टूबर से अगले छह महीने तक 'अशांत क्षेत्र' की श्रेणी में रखने का निर्णय लिया है। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल ने इस आदेश को बुधवार को मंजूरी दे दी और यह आगामी एक अक्टूबर से लागू होगा। इस दौरान राज्य प्रशासन की मदद के लिए अशांत क्षेत्रों में सेना तैनात रहेगी। सरकार का कहना है कि अभी राज्य में कानून व्यवस्था की मौजूदा स्थिति की समीक्षा या उसका आंकलन करना संभव नहीं है इसलिए 19 पुलिस थाना क्षेत्रों को छोड़कर शेष राज्य में यथास्थिति बनाये रखते हुए इसे अशांत क्षेत्र की श्रेणी में ही रखा जा रहा है। आदेश में कहा गया है कि जिन 19 पुलिस थाना क्षेत्रों को अशांत क्षेत्र के दायरे से बाहर रखा गया है उनमें इम्फाल, लेम्फेल, सिटी , सिंगजेमी, सेकमल, लेमसंग, पेटसोल, वंगोई, पोरोमपट , हिन्जेंग, लेमलेई, इरिलबंग, लेमिखांग , थोबल,



- 1 अक्टूबर से लागू होगा आदेश
- अगले छह महीने के निर्णय लागू
- अशांत क्षेत्रों में सेना तैनात रहेगी

विष्णुपुर, नामबोल, मोइरंग, काकचिंग और जिरबाम शामिल हैं।

**दूसरे दिन भी छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी**

मुख्यमंत्री सचिवालय से लगभग 200 मीटर दूर इंफाल के मोइरंगखोम इलाके में सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारी छात्रों को तितर-बितर करने के लिए कई राउंड आंसूगैस के गोले दागे, जिसके बाद बुधवार को कई आंदोलनकारी छात्र घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि आंदोलनकारी छात्रों ने सुरक्षा बलों पर पथराव किया, जिसके बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसूगैस के गोले और धुआं बम छोड़े। छह जुलाई को लापता एक लड़की समेत दो युवा छात्रों के अपहरण और हत्या के खिलाफ विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने दूसरे दिन भी आंदोलन किया। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। छात्र जब हमें न्याय चाहिए के नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के बंगले की ओर बढ़ रहे थे, सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक दिया, जिसके बाद झड़प हो गई।



पिछले पांच माह में वहां स्थिति बहुत बिगड़ी है और सरकार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रही है : गौरव गोगोई

## खूबसूरत राज्य मणिपुर युद्धक्षेत्र में बदला : खड़गे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की और उनसे भाजपा के अक्षम मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने का आग्रह किया। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया- 147 दिनों से मणिपुर के लोग पीड़ित हैं, लेकिन पीएम मोदी के पास राज्य का दौरा करने का समय नहीं है। इस हिंसा में छात्रों को निशाना बनाए जाने की भयावह तस्वीरों ने एक बार फिर पूरे देश को झकझोर दिया है। अब यह स्पष्ट है कि हिंसा के खिलाफ इस संघर्ष में महिलाओं और बच्चों को हथियार बनाया गया। खूबसूरत राज्य मणिपुर को युद्ध के मैदान में बदल दिया गया है, यह सब बीजेपी के कारण है! अब समय आ गया है कि पीएम मोदी बीजेपी के अयोग्य मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करें।

### सीबीआई ने मरम्मत के मामले में दर्ज किया केस

# केजरीवाल के बंगले की सीबीआई जांच

**नई दिल्ली,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले की मरम्मत मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। जांच एजेंसी ने बुधवार को मामला दर्ज किया है। 12 मई को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने उनके बंगले और इसके कैम्पस में बने कार्यालय की मरम्मत को लेकर उपराज्यपाल विनय सक्सेना को एक रिपोर्ट सौंपी थी।

उन्होंने बताया था कि बंगले पर 52.71 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसके बाद 18 जून को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने पीडब्ल्यूडी के 7 अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्हें 15 दिन के अंदर अपना जवाब देना था। इस मामले पर



- विजिलेंस ने 52.71 करोड़ खर्च करने की दी थी रिपोर्ट
- आम आदमी पार्टी ने बताया, भाजपा की है साजिश

आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा हमारी पार्टी को खत्म करने की पुरजोर कोशिश कर रही है। अब वे (भाजपा) केजरीवाल पर लगाम लगाना चाहते हैं, इसलिए सभी एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, उनके साथ 2 करोड़ दिल्लीवासियों का आशीर्वाद है। उन पर अब तक 50 से ज्यादा मामले दर्ज कर जांच की जा चुकी है। तब कुछ नहीं मिला और अब भी कुछ नहीं मिलेगा। भाजपा चाहे जितनी जांच करा ले, केजरीवाल हमेशा आम आदमी की भलाई के लिए लड़ते रहेंगे।

**किसी भवन योजना की नहीं ली गई मंजूरी**

नोटिस के मुताबिक, केजरीवाल के बंगले के पुराने ढांचे को बिना सर्वे रिपोर्ट के ढहा दिया गया था। पीडब्ल्यूडी ने नए भवन के निर्माण के लिए किसी भवन योजना की मंजूरी भी नहीं ली थी। मुख्यमंत्री के घर का निर्माण उनके अधिकारों का उल्लंघन कर किया गया है।

## हिन्द प्रशांत देशों के सेना प्रमुखों का सम्मेलन संपन्न

**नई दिल्ली,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। हिन्द प्रशांत देशों के सेना प्रमुखों ने खुले और समावेशी हिन्द प्रशांत क्षेत्र की पुरजोर वकालत करते हुए इस क्षेत्र में सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान की दिशा में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है। भारत और अमरीका की सेनाओं ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र के सेना प्रमुखों के 13 वें द्विवार्षिक सम्मेलन की यहां संयुक्त रूप से मेजबानी की थी। सोमवार को शुरू हुआ यह सम्मेलन बुधवार को संपन्न हो गया। सम्मेलन के दौरान विभिन्न मंचों तथा सत्रों में हिन्द प्रशांत क्षेत्र पर व्यापक चर्चा हुई और इसमें सभी देशों ने नियमों पर आधारित व्यवस्था वाले खुले और समावेशी हिन्द प्रशांत की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विभिन्न स्तर पर विविधता देखने को मिलती है। सभी ने क्षेत्र की चुनौतियों का मिलकर समाधान करने की दिशा में प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की।

> चुनौतियों का मिलकर समाधान करने पर हुए सहमत

# दानिश अली को मिल रही धमकियां

**नई दिल्ली,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) सांसद कुंवर दानिश अली ने बुधवार को कहा कि संसद में जबसे उनके खिलाफ़ भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सांसद रमेश बिधुड़ी की ओर से आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है तब से उन्हें नफरत भरे संदेश और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

अमरोहा के लोकसभा सांसद ने अभद्र भाषा लिखे एक स्क्रीन शॉट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स'पार साझा करते हुए आज लिखा, पिछले शुक्रवार को संसद में हुए प्रकरण सामने आने के बाद से कुछ लोग नफरत भरे संदेश भेज रहे हैं और मुझे जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। उम्मीद है दिल्ली पुलिस संज्ञान लेगी और उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह और दिल्ली पुलिस को टैग करके कार्रवाई की मांग की है। चंद्रयान -3 की सफलता पर लोकसभा में चर्चा के दौरान श्री बिधूड़ी ने श्री अली के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसके लिए हालांकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माफी मांग ली थी।



- संसद की घटना के बाद से नफरत भरे संदेश मिल रहे
- गृहमंत्री और दिल्ली पुलिस से कार्रवाई की मांग की

## अभद्र टिप्पणी करने वाले बिधूड़ी को टोंक की जिम्मेदारी

संसद में अभद्र टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें सचिन पायलट के जिले टोंक का प्रभारी बनाया गया है। बिधूड़ी दिल्ली की दक्षिण दिल्ली सीट से लोकसभा सदस्य हैं। संसद के विशेष सत्र के दौरान उन्होंने सदन में बीएसपी सांसद दानिश अली पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिसकी विपक्षी दलों ने खूब निंदा की थी।बाद में भाजपा ने भी बिधूडी को नोटिस दिया। बिधूड़ी को 15 दिन में इस नोटिस का जवाब देना है उससे पहले ही पार्टी ने उन्हें टोंक का प्रभारी बना दिया है।

# मप्र के उज्जैन में 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म

**उज्जैन,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। उज्जैन में 12 साल की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। महाकाल थाना इलाके में बड़नगर रोड पर दांडी आश्रम के पास बच्ची सोमवार शाम घायल हालत में मिली थी। उसके कपड़े खून से सने थे। बच्ची आधे-अधूरे कपड़ों में सांवराखेड़ी सिंहस्थ बाइपास की कॉलोनियों में ढाई घंटे तक भटकती रही। इसके सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने खोजे हैं। वह पूरे आठ किलोमीटर चलती गई। उसके प्राइवेट पार्ट्स में गंभीर चोटें हैं। उसने पुलिस को बताया- उसकी मां के साथ भी गलत काम हुआ है, लेकिन उसकी मां कहां है और वह उज्जैन तक कैसे आई? इस बारे में कुछ भी नहीं बता पा रही है। ज्यादा खून बह जाने के कारण बच्ची को इंदौर के अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। वहां उसे खून चढ़ाया गया, बच्ची अब खतरे से बाहर है। डॉक्टरों ने रेप की पुष्टि की।

**ऑटो ड्राइवर हिरासत में**

पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें एक ऑटो रिक्शा हाटकेश्वर मार्ग पर दिखाई दिया है, जिसमें एक



- बच्ची बोली, मां के साथ भी गलत काम हुआ
- राहुल ने कहा, बेटियों की स्थिति से पूरा देश शर्मसार

व्यक्ति भी पीड़ित के साथ दिख रहा है। फुटेज की मदद से पुलिस ने मंगलवार रात को ऑटोवाले को खोज निकाला। हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को ड्राइवर के ऑटो से खून के धब्बे मिले हैं। पुलिस अब बच्ची के ब्लड सैंपल लेकर मिलान करेगी। ऑटो ड्राइवर के मोबाइल में कई पोर्न वीडियो भी मिले हैं।

राहुल गांधी से लेकर, उमा भारती, वीडी शर्मा, कमलनाथ और अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने घटना की निंदा करते हुए इसे दुर्भाग्यजनक बताया। साथ ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। राहुल गांधी ने कहा कि मध्य प्रदेश की बेटियों की स्थिति से पूरा देश शर्मसार है।

### खालिस्तान-गैंगस्टर्स नेटवर्क पर एनआईए की बड़ी कार्रवाई

# जांच एजेंसी की 7 राज्यों में 53 जगह छापेमारी

**नई दिल्ली,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में आतंकवादी-गैंगस्टर-ड्रग तस्कर गठजोड़ को ध्वस्त करने के लिए नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को देश के 7 राज्यों में छापेमारी की. एनआईए की ओर से की गई इस छापेमारी में कई लोग हिरासत में लिए हैं। सुबह शुरू हुई इस छापेमारी में एनआईए ने 53 जगहों पर छापे मारे, जिसमें हथियार, गोला-बारूद भी बरामद किया। कनाडा में मौजूद





हिरासत में लिए कई संदिग्ध, गोला-बारूद भी बरामद

खालिस्तान समर्थक आतंकी अर्श डल्ला, लॉरेंस बिश्नोई और सुक्खा दुनेके जैसे बड़े गैंग्स्टर्स के ठिकानों पर छापेमारी की गई। एनआईए ने घोषित आतंकवादी अर्श डल्ला और कई कुख्यात गैंगस्टरों से जुड़े आतंकवादियों-गैंगस्टरों-ड्रग तस्करों के गठजोड़ पर बड़े पैमाने पर कई राज्यों में कार्रवाई के दौरान कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। छह राज्यों पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान, उत्तराखंड और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में मारे गए छापों के दौरान पिस्तौल, गोला-बारूद, बड़ी संख्या में डिजिटल सबूत और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई।

### चुनावी मोड में आए प्रधानमंत्री

# 5 राज्यों का तूफानी दौरा करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। पांच राज्यों मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़, राजस्थान,तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनाव की तिथियों के ऐलान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन राज्यों का तूफानी दौरा करेंगे। उनकी नजर खासकर मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ और तेलंगाना पर है,जहां भाजपा की चुनावी संभावनाएं फिलहाल बेहतर नहीं है। प्रधानमंत्री इस माह के आखिर में यानि 30 सितम्बर को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले का दौरा करेंगे और वहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा तीन अक्टूबर को वे जगदलपुर में रहेंगे और वहां भी जनसभा को करेंगे।सूत्रों की माने तो आगामी एक अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी तेलंगाना के दौरे पर होंगे और महबूबनगर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके एक दिन बाद ही यानि तीन अक्टूबर को वे फिर से तेलंगाना पहुंचेंगे और निजामाबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। वही मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री पहले से ही अपनी ताकत झोंक रहे हैं।

### आंदोलन — देशभर के सरकारी कर्मियों का दिल्ली कूच

# पुरानी पेंशन का मामला पकड़ रहा जोर

**नई दिल्ली, 27 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में पुरानी पेंशन बहाली के लिए चल रहा आंदोलन अब जोर पकड़ने लगा है। पहले केंद्रीय कर्मचारी संगठनों ने 10 अगस्त को नई दिल्ली के रामलीला मैदान एक विशाल रैली आयोजित की थी। अब नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) द्वारा एक अक्तूबर को रामलीला मैदान में ही एक विशाल रैली आयोजित की जा रही है।**

खास बात ये है कि इस रैली में भाग लेने के लिए विभिन्न राज्यों के सरकारी कर्मचारी, दिल्ली पहुंचना शुरू हो गए हैं। महाराष्ट्र एवं दूसरे राज्य, जो दिल्ली से ज्यादा दूरी पर हैं, वहां से सरकारी कर्मियों ने रेल में टिकट बुक कराई है। कर्मचारी, तत्काल में टिकटें लेने को आतुर हैं। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा है कि 'पुरानी पेंशन' बहाली का मुद्दा, अब जीवन मरण का प्रश्न बन चुका है।





- एक अक्तूबर को रामलीला मैदान में होगी एक विशाल रैली

एनएमओपीएस के अंतर्गत महाराष्ट्र के सोशल मीडिया इंचार्ज विनायक चौथे ने दावा किया है कि पांच लाख से अधिक केंद्र एवं राज्यों के सरकारी कर्मचारी, दिल्ली के रामलीला मैदान में पहुंचेंगे।

एक साल से इस रैली की तैयारी हो रही है। विभिन्न राज्यों का दौरा कर सरकारी कर्मियों से दिल्ली पहुंचने की अपील की गई है। कई राज्यों में सरकारी कर्मियों ने अपने-अपने तरीके से ओपीएस की मांग उठाई है। कहीं पर कर्मियों की पदयात्रा तो कहीं साइकिल यात्रा निकाली गई। राज्यों की राजधानियों से लेकर जिला स्तर पर पुरानी पेंशन बहाली की गूंज सुनाई पड़ी है। पुरानी पेंशन लागू होने से सरकार को कोई नुकसान नहीं होगा। सरकार, जानबूझकर कर्मियों को परेशान कर रही है। जब पांच राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो सकती है, तो पूरे देश में क्यों नहीं। बंधु ने केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा, हमारे देश की आंतरिक और सीमा की सुरक्षा में तैनात सीएपीएफ जवानों को भी पुरानी पेंशन से वंचित रखा जा रहा है।

उवाच

"भ्रष्टाचार रोकना कठिन काम नहीं है। जिस दिन लोग ट्रांसफर पोस्टिंग में पैसे और विकास योजनाओं में कमीशन लेना बंद कर दें, दावा करता हूं कि भरष्टचार काफी हद तक खत्म हो जाएगा, अधिकारी को पैसे लेने की हिम्मत नहीं होगी।"

–बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 24.0 |
| मुंबई | 27.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# जलवायु परिवर्तन बड़ा मुद्दा : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने इंडियन स्मार्ट सिटी कान्क्लेव के आयोजन में की शिरकत

**इंदौर,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। इंदौर में आयोजित स्मार्ट सिटी कॉफ्रेंस में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने इंदौर को देश के सबसे स्मार्ट शहर और एमपी को बेस्ट स्टेट का अवार्ड सौंपा। जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि देश में जलवायु परिवर्तन एक बड़ा मुद्दा है। हमें राष्ट्रीय स्तर पर इसके लिए काम करना होगा। उन्होंने स्मार्ट शहरों में किए जा रहे कार्यों को सकारात्मक पहल बताया। इस दिशा में और टिकाऊ विकास पर और अधिक काम किए जाने की जरूरत है। राष्ट्रपति इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 में सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है। स्मार्ट सिटी मिशन का इसमें बड़ा योगदान है।

### राष्ट्रपति ने इंदौर को दी बधाई

उन्होंने मध्य प्रदेश को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदेश का पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। उन्होंने आईसी अवार्ड सेरेमनी में विजेता शहरों और राज्यों को पुरस्कार वितरित किए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुर्मु ने कहा कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। इंदौर देश की स्मार्ट सिटीज में भी सबसे ऊपर है। उन्होंने इंदौर के निवासियों, जन-प्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, केंद्र सरकार के सम्बद्ध विभागों तथा अन्य सभी स्टेकहोल्डर्स की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की शहरी आबादी, लगभग 46 करोड़ से बढ़कर 87 करोड़ से अधिक हो जाएगी। तब हमारे 50 प्रतिशत से अधिक देशवासी शहरी क्षेत्रों में रहेंगे। भारत के शहर आज देश की जीडीपी में लगभग दो-तिहाई योगदान करते हैं। अनुमान है कि शहरों का जीडीपी को कुल योगदान वर्ष 2047 तक 80 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा।



शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है : द्रोपदी मुर्मू

इन आंकड़ों से यह संदेश मिलता है कि शहरों और नगरवासियों की बढ़ती आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर भविष्य का रोडमेप तैयार करना है और उस पर आगे बढ़ना है। एक महत्वपूर्ण मुद्दा, जो प्रत्येक विषय पर तथा हर स्तर पर सतत विकास की चर्चा में शामिल है। वह है क्लाईमेट चेंज इस संदर्भ में क्लाईमेट स्मार्ट सिटीस असेसमेंट फ्रेमवर्क जो भारत के 100 स्मार्ट शहरों के लिए शुरू किया गया था, वह इस बात का उदाहरण है कि शहरों में जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय स्तर पर कैसे कार्य किया जा सकता है। साथ ही सर्वश्रेष्ठ केंद्र शासित प्रदेश का पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चंडीगढ़ और राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर दूसरा स्थान प्राप्त करने के लिए तमिलनाडु तथा संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी बधाई दी।

### महिलाओं की सुरक्षा पर और ध्यान देने की है जरूरत : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने आगे कहा कि शहर में सीसीटीवी सर्विलांस से सुरक्षा मजबूत हो रही है, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा पर और ध्यान देने की जरूरत है। शहरों में ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट आ रहा है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। शहर में ग्रीन एनर्जी पर ध्यान दिया भी दिया जा रहा है, लेकिन इस दिशा में और काम करने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि अभी भी मलेरिया और डेगू जैसी बीमारियां शहरों में हर साल फैलती है। स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना होगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी क्षेत्रों जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति को गौंड पेंटिंग भेंट की। स्मार्ट सिटी से जुड़ी तीन किताबों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में अगली स्मार्ट सिटी अवार्ड स्पर्धा की घोषणा की गई। अगले साल 10 जनवरी तक स्मार्ट शहर अपनी प्रविष्टियां भेज सकते है।

## पटनायक के खिलाफ भाजपा का विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**भुवनेश्वर,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा विधानसभा में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया जिसे लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ। भाजपा के मुख्य सचेतक मोहन माझी ने पटनायक पर विपक्ष पर हमला करने और विधानसभा की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया। आरोप के अनुसार मुख्यमंत्री ने 25 सितम्बर को सदन में अपने स्वत: संज्ञान बयान में विपक्षी दलों को कथित तौर पर जनविरोधी कहा था। इस मुद्दे को लेकर भाजपा पटनायक से माफी की मांग कर रही है। शून्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश करते हुए माझी ने आरोप लगाया कि पटनायक ने विपक्षी दलों का अपमान किया है और सदन और सदस्यों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

मांझी ने मांग की कि मुख्यमंत्री 25 सितम्बर को सदन में दिए अपने बयान के लिए सदन से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि पटनायक ने 25 सितम्बर को सदन में एक बयान में कहा था कि विपक्ष जनविरोधी है और लोग उन्हें करारा जवाब देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा था कि लोग खुश हैं, जनप्रतिनिधि खुश हैं और विपक्षी सदस्यों को राजनीतिक कारणों से नाखुश नहीं होना चाहिए। माझी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने अपने सचिव को बचाने के लिए सदन में बयान दिया और विपक्ष का अपमान किया। उन्होंने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि हैं और जनता ने हमें चुना है और मुख्यमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि हम जनविरोधी कैसे हो सकते हैं।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक युगांतकारी : धनखड़

**नई दिल्ली,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एक युगांतकारी करार देते हुए बुधवार को कहा कि जब तक 50 प्रतिशत मानवता के लिए न्याय सुनिश्चित नहीं किया जाता तब तक समाज का विकास नहीं हो सकता। धनखड़ ने बुधवार को राजस्थान में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स) पिलानी के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में एक तिहाई आरक्षण देने के विधेयक का उल्लेख करते हुए कहा कि यह महिलाओं के अधिकारों की मान्यता और उनके अधिकार की पुष्टि है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा को सबसे प्रभावी और प्रभावशाली यंत्र बताया और कहा कि इससे भारत के विकास में तेजी आएगी।



- राजस्थान में बिट्स पिलानी के छात्रों को किया संबोधित
- जीवन की बेहतरी के लिए शिक्षा को बताया प्रभावी यंत्र

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जवाबदेही और नागरिक भागीदारी के महत्व को सुदृढ़ करते हुए प्रत्येक नागरिक को संसद में याचिका प्रस्तुत करने का अधिकार है। उपराष्ट्रपति जगदीप ने कहा कि जी-20 सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करना भारत के सभ्यतागत लोकाचार के साथ गहराई से मेल खाता है।

### भ्रष्टाचार लोकतंत्र व विकास का हत्यारा

भ्रष्टाचार को लोकतंत्र और विकास का हत्यारा करार देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में, सत्ता के दलालों के प्रभाव वाले सत्ता गलियारों को बेअसर करने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति की गई है। उन्होंने लोगों से भारतीय संस्थानों को कलंकित करने, बदनाम करने और कमजोर करने वाले भारत विरोधी वक्तव्यों का सक्रिय रूप से मुकाबला करने का आह्वान किया।

## सार संक्षेप

### ईद-ए-मिलाद की ओम बिरला ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ईद-ए-मिलाद उन नबी की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। बिरला ने अपने संदेश में कहा कि ईद-ए-मिलाद के अवसर पर शुभकामनाएं। इस दिन, आइए हम करुणा, एकता और भाईचारे के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करें। इस अवसर पर मैं सभी भारतीयों के लिए शांति, सहिष्णुता, दया और समझ की कामना करता हूं।

### तमिलनाडु कांग्रेस पदाधिकारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के एक जिला पदाधिकारी की कल रात उपनगरीय तांबरम के पास एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। कांचीपुरम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अलावुर नागराज की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब नागराज सड़क किनारे एक भोजनालय में खाना खा रहे थे तब एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। नागराज वालाजाबाद यूनियन काउंसलर भी थे।

### गया में लोजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**गया।** बिहार में गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के गमहरिया गांव के निकट जीटी रोड पर आज बाइक सवार तीन अपराधियों ने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-पशुपति गुट) नेता अनवर खान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि आमस थाना क्षेत्र के सिहुली गांव के रहने वाले लोजपा नेता अनवर खान सैलून से आ रहे थे। जैसे ही वे गमहरिया बाजार के पास पहुंचे तभी बाइक सवार तीन अपराधियों ने उनपर ताबड़तोड़ गोलिया चलानी शुरू कर दी। जब-तक लोग कुछ समझ पाते तीनों अपराधी मोटरसाइकिल छोड़कर मौके से फरार हो गए। लोजपा नेता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### मोदी की तेलंगाना यात्रा को लेकर तैयारियां तेज

**हैदराबाद।** तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक अक्टूबर की राज्य की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों के साथ मिलकर सावधानीपूर्वक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजधानी 365 खम्मम-सूर्यपेट सड़क को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और वारंगल-खम्मम तथा खम्मम-विजयवाड़ा एनएच 163 ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल राजमार्ग की आधारशिला रखेंगे, जो नागपुर-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारा का एक हिस्सा है।

## पूर्व विधान पार्षद रणवीर नंदन ने जदयू से दिया इस्तीफा

**पटना,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पूर्व विधान परिषद सदस्य रणवीर नंदन ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया और इसके तुरंत बाद ही जदयू ने उन्हें निष्कासित कर दिया। नंदन ने बुधवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को अपना त्याग पत्र भेजा, जिसमें लिखा था, मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। उन्होंने इस त्यगपत्र में पार्टी को छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया है। वहीं, नंदन के इस्तीफा देने के तुरंत बाद ही जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने उनकी (नंदन की) पार्टी की प्राथमिक सदस्यता रद्द करते हुए उन्हें छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। कुशवाहा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है, आपके द्वारा पार्टी की विचारधारा से विपरीत लगातार प्रेस विज्ञप्ति जारी करने, बयान देने और पार्टी विरोधी कार्य में संलिप्त रहने के कारण तत्काल प्रभाव से पार्टी के सभी पद से पदमुक्त कर प्राथमिक सदस्यता रद्द करते हुए छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित किया जाता है। गौरतलब है कि राजनीतक गलियारे में कयास लगाया जा रहा है कि नंदन को जदयू के उचित स्थान नहीं दिये जाने की वजह से काफी समय से नाराज चल रहे थे और अंततः उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। साथ ही यह भी माना जा रहा है कि वह जल्द ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का फिर से दामन थामेंगे।

### पार्टी ने किया निष्कासित

## दिग्विजय ने सिंधिया पर बोला हमला

# बिकने वाले बिक गए अब कोई बिकने वाला नहीं

**उज्जैन,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला बोलते हुए कहा कि जो बिकने वाले थे बिक गए अब कांग्रेस में बिकने वाला कोई नहीं है। सिंधिया कहीं से भी चुनाव लड़ें पार्टी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उनके बारे में तो मेरे विचार उसी दिन खत्म हो गए थे जब वे भाजपा में चले गए थे। उनके लड़ने से कांग्रेस को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। लोगों ने मन बना लिया है कि जो लोग धोखा देते हैं ऐसे लोगों को इस बार जनता धोखा देने वाली है। इन लोगों के साथ भी इस बार जनता उसी प्रकार का व्यवहार करेगी जो की होना चाहिए। उज्जैन में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में दिग्विजय सिंह ने कहा कि ऐसी वीभत्स घटना में सख्ती से कार्रवाई होना चाहिए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलना चाहिए। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बुधवार को बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे, जहां उन्होंने चांदी द्वार से भगवान महाकाल का पूजन-अर्चन किया। इस दौरान वे हाथ जोड़कर बाबा महाकाल की भक्ति में लीन दिखाई दिए। दिग्विजय ने कहा कि भाजपा ने व्यापारियों को लूटा है, चंदा वसूली की और जीएसटी के नाम पर व्यापारियों को परेशान किया। हमने 15 महीने की सरकार के दौरान किसानों का 2 लाख का कर्ज माफ करने का निर्णय लिया था जिसमें 27 लाख किसानों के 1 लाख तक के कर्ज माफ भी हुए। हमारा वादा 2 लाख तक का था हम किसानों के 2 लाख तक का कर्ज माफ कर देते लेकिन तब तक उन्होंने सरकार गिरा दी। यानी भाजपा ने किसानों के साथ भी नुकसान किया। उनका भला भी नहीं किया। अनुसूचित जाति के भाइयों बहनों के बच्चों के बैकलॉग खाली पड़ा है, वह नहीं भरा जा रहा है। डेढ़ लाख नौकरियां उनको मिल सकती थीं वह नहीं भरी गईं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति जनजाति के बच्चों को जो छात्रवृत्ति मिलती थी पिछले 3 सालों से वह छात्रवृत्ति उन्हें नहीं मिल पाई। भाजपा पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग पूरी नहीं कर पाए, जबकि हमने उसे पूरा कर दिया था।



धोखेबाजों को जनता देगी धोखा : दिग्विजय सिंह

### भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा फ्लॉप

भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा पर हमला करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि आज कौन सा वर्ग भाजपा को आशीर्वाद दे, जब लोगों को परेशान कर रहे हो, उनका हक छीन रहे हो। भाजपा को लोगों का काम करना चाहिए या उन्हें दर्द देना चाहिए। इसीलिए भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा फ्लॉप हो गई। आज लोगों में गुस्सा है और वह अब भाजपा को दंड देने के लिए बैठे हुए हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि अब भाजपा को काली कमाई का गुरूर है कि हम सभी को खरीद लेंगे लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि जो बिकने वाले थे वे बिक गए, अब कोई बिकने वाला नहीं है।

# मध्य प्रदेश में महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

- महिला सशक्तिकरण के प्रतिबद्ध सरकार ने कीं अहम पहले
- स्थानीय निकाय चुनावों में 17 हजार महिलाओं ने चुनाव जीता

**भोपाल,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मध्य प्रदेश में बहनें चहुंओर तरक्की कर रही हैं। महिला उद्यमिता से लेकर, आवास योजना हो या फिर शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देना प्रदेश सरकार की शुरुआती योजनाओं ने महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए एक खुला आसमान दिया है। जिसका असर अब परिणाम के रूप में सामने आने लगा है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने के कारण बहनें आर्थिक रूप से स्वावलंब हुई और स्थानीय निकाय चुनावों में स्वयं सहायता समूहों की 17 हजार महिलाओं ने चुनाव जीता। महिला के नाम संपत्ति होने पर पंजीयन शुल्क घटाकर एक प्रतिशत कर दिया गया, जिससे महिलाओं को घर में बराबरी का दर्जा मिला। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश के एमवाई का नारा दिया गया, जिसका सीधा आश्य महिला योजना से है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में शुरू की गई महिला विकास एवं सशक्तिकरण की योजनाओं से बहनें आत्मनिर्भर हो रही हैं। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राज्य की सरकार शुरू से इस बात की पैरोकार रही है कि महिलाओं को कारोबार शुरू करने के लिए हर संभव अनुकूल परिस्थितियां दी जाएं। इसके लिए सहकार के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया। बाल विवाह कम होने और बीच में पढ़ाई छोड़ने वाली बेटियों की संख्या बढ़ोतरी हुई, बेटियों को आगे बढ़ने की राह दिखी तो उत्साह दोगुना हुआ। 12वीं कक्षा में पास टॉप करने वाली बेटियों को प्रदेश सरकार द्वारा ई स्कूटी दी जा रही है। प्रदेश में बेटियों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर व्यवसाय में भी आगे बढ़ाने के लिए सरकार सहयोग कर रही है। जिससे बहनों का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है।

### स्वयं सहायता समूहों से 57 लाख परिवारों को जोड़ा

मध्य प्रदेश में 4 लाख 78 हजार स्वयं सहायता समूहों से 57 लाख परिवारों को जोड़ा गया। अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए इच्छुक पांच लाख स्वयं सहायता समूहों को 6083 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज दिलाया गया। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा एक अप्रैल 2007 में लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरूआत की गई, योजना के माध्यम से अब तक 13 लाख 30 हजार बेटियों को 366 करोड़ रुपए से ज्यादा की छात्रवृति दी जा चुकी है। योजनाओं को शुरू करने और संचालित करने में धन की कमी को आड़े नहीं आए इसके लिए सबसे पहले महिला एवं बाल विकास के वार्षिक बजट को बढ़ाया गया। वर्ष 2003 से पहले विभाग का वार्षिक बजट मात्र 262.60 करोड़ रुपए था, जिसे बढ़ाकर 14,688 करोड़ रुपए कर दिया गया।

## केसीआर ने ईद मिलाद उन नबी पर दी बधाई



**हैदराबाद,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने मिलाद उन नबी के अवसर पर मुसलमान भाइयों को बधाई दी। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि मुसलमानों का मानना है कि अल्लाह ने विश्व शांति की स्थापना के लिए मुहम्मद को आखिरी पैगंबर नियुक्त किया था। मुख्यमंत्री केसीआर ने कामना की कि पैगंबर मोहम्मद की शांति, करुणा, धार्मिक सोच, दान, एकता और सभी मनुष्यों की समानता जैसी शिक्षाएं पूरी दुनिया में फैलेंगी। मुस्लिम अल्पसंख्यक लोगों के सामाजिक-आर्थिक और आध्यात्मिक विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम फलदायी हैं। केसीआर ने साफ कर दिया कि तेलंगाना में गंगा जमुना तहजीब के संरक्षण के लिए उनके प्रयास जारी रहेंगे।

## आदिवासी, सरना धर्म कोड पारित करे केंद्र : सोरेन



**रांची,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुन: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आदिवासियों के हित में आदिवासी, सरना धर्म कोड पारित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से कहा कि हम आदिवासी समाज के लोग प्राचीन परंपराओं एवं प्रकृति के उपासक हैं तथा पेड़ों, पहाड़ों की पूजा और जंगलों को संरक्षण देने को ही अपना धर्म मानते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 12 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं। झारखंड प्रदेश जिसका मैं प्रतिनिधित्व करता हूं एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है, जहां इनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है। झारखंड की एक बड़ी आबादी सरना धर्म को मानने वाली है।

इस प्राचीनतम सरना धर्म का जीता-जागता ग्रंथ स्वंय जल, जंगल, जमीन एवं प्रकृति हैं। सरना धर्म की संस्कृति, पूजा पद्धति, आदर्श एवं मान्यताएं प्रचलित सभी धर्मों से अलग है। मुख्यमंत्री ने कहा झारखंड ही नहीं अपितु पूरे देश का आदिवासी समुदाय पिछले कई वर्षों से अपने धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति पूजक आदिवासी/ सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत है। प्रकृति पर आधारित आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व के रक्षा की चिंता निश्चित तौर पर एक गंभीर सवाल है। आज आदिवासी/सरना धर्म कोड की मांग इसलिए उठ रही है ताकि प्रकृति का उपासक यह आदिवासी समुदाय अपनी पहचान के प्रति आश्वस्त हो सके। वर्तमान में जब समान नागरिक संहिता की मांग कतिपय संगठनों द्वारा उठाई जा रही है, तो आदिवासी / सरना समुदाय की इस मांग पर सकारात्मक पहल उनके संरक्षण के लिए नितांत ही आवश्यक है।

## चिंता — कश्मीर में कई सालों से जान ले रहे अखरोट के पेड़

# पिछले तीन सालों में पेड़ से गिरकर 16 लोगों की गई जान

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,27 सितम्बर (देशबन्धु)। यह जानकर आप हैरान होंगें की कश्मीर में पेड़ भी कश्मीरियों की जानें ले रहे हैं। यह सच है कि अखरोट के पेड़ अक्सर जानलेवा बन जाते हैं और उन पर चढ़ने वाले कश्मीरी जमीन पर गिर कर जान गंवा दे रहे हैं। आज भी अनंतनाग में एक कश्मीरी।**

साहिल बट की इसी तरह जान चली गई है। वैसे यह कोई पहला हादसा नहीं था कश्मीर में बल्कि पिछले तीन सालों में अखरोट के पेड़ों से गिरकर जान गंवाने वालों की संख्या 16 को पार कर चुकी है। सबसे अधिक मौतें वर्ष 2021 में हुई थी।

जब 6 ने जान गंवा दी। अखरेट के पेड़ से गिर कर कश्मीरी सिर्फ जान ही नहीं गंवा रहे हैं बल्कि कईयों के सिर भी फूट चुके हैं, कइयों की हड्डियां भी टूट चुकी हैं और कई बिस्तर पर जिन्दगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं।



- कश्मीर में जितना भी ड्राई फ्रूट पैदा होता है उसमें 98 प्रतिशत स्थान अखरोट का है

दरअसल कश्मीर में प्रतिवर्ष 2.66 लाख मीट्रिक टन अखरोट 90 हजार हेक्टर भूमि पर उगाया जाता है। कश्मीर में जितना भी ड्राई फ्रूट पैदा होता है उसमें 98 प्रतिशत स्थान अखरोट का है और इस समय अखरोट के पेड़ों से फलों को एकत्र करने का सीजन चल रहा है। क

रीब सवा सौ करोड़ के अखरोट के बाजार में अखरोट को एकत्र करना कोई आसान कार्य नहीं है। तीस से 40 फुट की ऊंचाई वाले पेड़ों पर बिना किसी रस्सी और सुरक्षा उपकरणों के चढ़ कर फलों को एकत्र करने का जोखिम ही अब कश्मीरियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। हालांकि कश्मीर में नए बने हुए इस व्यावसायिक खतरे से निपटने को बागवानी विभाग कई बार कार्यशालाओं का भी आयोजन कर चुका है तथा कश्मीरियों को सुरक्षा प्रबंध करने की ताकिद भी कर चुका है पर किसी ने भी विभाग की चेतावनियों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन पेड़ों से गिर कर होने वाली मौतों और चोटों का आंकड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। अधिकारिक रूप से जम्मू-कश्मीर में अखरोट का पेड़ काटने पर बैन लगा हुआ है।

जानकारों की मानें तो अखरोट के पेड़ की लकड़ी फर्नीचर के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है। कश्मीर में घरों में भी अखरोट के पेड़ की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है। सूत्र बताते हैं कि बैन लगा होने के बाद भी कई बार अखरोट के पेड़ काटे जाने की खबरें आती रहती हैं क्योंकि डिमांड के चलते लकड़ी का दाम अच्छा मिल जाता है। इस बात का सुबूत यह है कि थोड़ी सी मेहनत और जान-पहचान के बाद आज भी अखरोट के पेड़ की लकड़ी से बना फर्नीचर मिल ही जाता है।

अखरोट देने वाले एक पेड़ की उम्र 150 से 200 साल तक होती है।कई पुराने पेड़ आज भी कश्मीर में लगे हुए हैं। पुराने पेड़ों की खूब देखभाल होती है।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर : आपका लड़का पागल कैसे हो गया...?
बाप : वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था...!
डॉक्टर : तो...?
बाप : लोग बोलते थे थोड़ा खिसको-थोड़ा खिसको, तभी खिसक गया...!!!

# स्वच्छता कायम करना प्राथमिकता : शैली

## निरीक्षण के दौरान रेलवे लाइन के पास पड़े कूडे के ढेर पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय सफाई व्यवस्था की निगरानी हेतु विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर रही हैं। इसी कड़ी में मेयर बुधवार को शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के सबोली क्षेत्र पहुंची। निरीक्षण के दौरान मेयर डॉ.शैली ने रेलवे लाइन के पास पड़े कूडे के ढेर पर नाराजगी जाहिर की और तुरंत प्रभाव से उसे साफ करने के आदेश दिए। मेयर ने कहा शहर में स्वच्छता कायम करना हमारी प्राथमिकता है और इस संबंध में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान क्षेत्र के पार्षद चौधरी जसवंत सिंह ने मेयर का ध्यान रेलवे लाइन के पास नाले की तरफ दिलाया और इसे कवर करवाने की मांग की। पार्षद जसवंत सिंह ने बताया कि ये नाला काफी बड़ा है और बरसात के दिनों में इससे पानी भी ओवरफ्लो करता है, जिससे क्षेत्र के लोग भी काफी परेशान है। यह रेलवे के जमीन है लेकिन इस संबंध में रेलवे के ओर से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस कार्य में आने वाले अनुमानित व्यय का ब्यौरा उपलब्ध करवाए। इसके अलावा कार्य जल्द से जल्द करवाएं। क्षेत्रीय पार्षद चौधरी जसवंत सिंह ने बताया कि उनके वार्ड में कोई मातृ एवं प्रसूति अस्पताल नहीं है, जिससे महिलाओं को दिक्कत होती है। अस्पताल के लिए खाली भूमि भी है। इसके बाद मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने अधिकारियों से कहा कि अस्पताल निर्माण अनुमानित व्यय का ब्यौरा बनाकर दें, जिससे जल्द से जल्द इस प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू किया जा सके। क्षेत्र के लोगों विशेषकर महिलाओं के लिए अस्पताल बनवाया जाएगा।

**सबोली वार्ड में बनेगा मेटरनिटी अस्पताल : शैली ओबरॉय**



### मेट्रो वेस्ट कंपनी को दो ऑटो टिप्पर बढ़ाने के निर्देश

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने वार्ड में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और मेट्रो वेस्ट कंपनी को दो ऑटो टिप्पर बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार आटो टिप्पर की संख्या में इजाफा किया जाना जरूरी है। इस मौके पर विधायक चौधरी सुरेन्द्र कुमार, शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के उपायुक्त संजीव कुमार मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ निगम के अधिकारी भी मौजूद थे।

### कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबन के दिए आदेश

मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने क्षेत्र में स्थित तीन निगम विद्यालयों का दौरा किया और व्यवस्था का जायजा लिया। मेयर के संज्ञान में आया एक शिक्षक पिछले कुछ सालों से अनुपस्थित है। मेयर ने मामले को संज्ञान में लिया और शिक्षक को कार्य में लापरवाही के लिए बर्खास्त करने के आदेश दिये। मेयर ने कहा कि निगम की आप सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संबंध में किसी भी कोताही को लेकर जीरो टालरेंस नीति का अनुसरण करती है। इस दौरान स्कूल में मीड डे मील की गुणवत्ता की भी जांच की गई।

# एनईसी कॉर्पोरेशन को किया गया सम्मानित

**नई दिल्ली,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। एनईसी कॉर्पोरेशन की सब्सिडरी एनईसी कॉर्पोरेशन इंडिया को स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटीज अवॉर्ड कॉन्टेस्ट आईएसएसी 2022 में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनईसी कॉर्पोरेशन इंडिया को स्मार्टसिटी सेगमेन्ट में टॉप तीन एमएसआई में से एक के रूप में दर्शाया गया और सूरत बस ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम एएफसीएस प्रोजेक्ट के लिए एमएसआई पार्टनर कैटेगरी में दूसरा पुरस्कार मिला। एनईसी के पुरस्कार विजेता सूरत बस एएफसीएस प्रोजेक्ट ने कॉन्टैक्टलैस रूपे स्मार्ट कार्ड्स के द्वारा यात्रियों के लिए शहर में यात्रा को आसान बनाया है। रोजमर्रा के आवागमन को आसान बनाने के लिए डिजाइन किए गए ये स्मार्ट कार्ड तकरीबन 200,000 यात्रियों को लाभान्वित कर रहे हैं। हरदीप सिंह पुरी से इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करते हुए आलोक कुमार, कॉर्पोरेट ऑफिसर एवं सीनियर वाईस प्रेज़ीडेन्ट-हैड ऑफ ग्लोबल स्मार्ट सिटी बिज़नेस, एनईसी कॉर्पोरेशन और प्रेजीडेन्ट एवं सीईओ, एनईसी कॉर्पोरेशन इंडिया ने कहा कि शहरी परिवहन क्षेत्र में एनईसी इंडिया के उल्लेखनीय प्रयासों पर मुझे गर्व है। यह पुरस्कार एनईसी के प्रयासों की पुष्टि करता है जो स्थायित्व एवं समावेशन को बढ़ावा देते हुए देश के स्मार्ट सिटी दृष्टिकोण को साकार करने में योगदान दे रही है।

# भाजपा में बढ़ रही ओबीसी महिला आरक्षण की मांग



**पार्टी की बढ़ सकती है चिंता**

**नई दिल्ली,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले संसद का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण पारित कराने का भाजपा सरकार का दाव अब उल्टा पडता दिखाई पडने लगा है। विपक्ष के साथ ही पार्टी की कई महिला सांसदों ने भी ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण की मांग कर सरकार के सामने मुश्किल खडी कर दी है। गौरतलब हैकि पांच राज्यों के चुनाव में जाने से पहले भाजपा ने महिला आरक्षण का दाव खेलकर राजनीतिक बढत बनाने की कोशिश की थी। लेकिन विपक्ष ने पहले कोटा में कोटा आरक्षण के तहत एससी-एसटी आरक्षण की तर्ज पर ही ओबीसी महिला आरक्षण की मांग करके भाजपा के बढ़त को खारिज करने की कोशिश की।

वहीं अब भाजपा की फायरब्रांड नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती सहित बदायूं से भाजपा सांसद संघप्रिया मौर्य, उत्तर प्रदेश से पार्टी की राज्यसभा सदस्य संगीता यादव, उत्तराखंड से भाजपा की राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी और फूलपुर उत्तर प्रदेश की पार्टी की लोकसभा सदस्य केसरी देबी पटेल ने भी ओबीसी महिला आरक्षण की मांग कर सरकार को सकते में ला दिया है। बता दें कि नए महिला आरक्षण विधेयक जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा गया है, इसमें कोटा में कोटा के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में विधेयक पर चर्चा के दौरान यह कहकर ओबीसी महिला आरक्षण की मांग को खारिज कर दिया था कि संविधान में केवल सामान्य एससी, और एसटी आरक्षण का ही प्रावधान है। लेकिन पहले भाजपा की ओर से उमाभारती ने ओबीसी महिला आरक्षण की मांग की और अब संघमित्रा मौर्य ने कहा हैकि ओबीसी महिलाओं को भुलाया नहीं जा सकता है। जो ओबीसी महिलाएं हैं, उन्हें न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिले इसका विधेयक में प्रावधान किया जाना चाहिए।

जबकि संगीता यादव ने कहाकि महिला आरक्षण विधेयक पारित कराना अच्छी बात है, लेकिन इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण का प्रावधान किया जाना चाहिए। वही कल्पना सैनी ने कहा कि संवैधानिक संशोधन करके ओबीसी महिलाओं को आरक्षण दिया जाना चाहिए, जबकि केसरी देवी पटेल ने कहा कि ओबीसी बड़ा समाज है और इसलिए समाज महिलाओं को आरक्षण से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

## सार संक्षेप

### मेडीबडी ने लॉन्च किया हार्ट योर ओन हार्ट अभियान

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड हार्ट डे के मौके पर भारत के सबसे बड़े डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडीबडी ने लोगों को अपने दिल की सेहत का ध्यान रखने के लिए प्रेरित करते हुए हैशटैग हार्ट योर ओन हार्ट कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन का लक्ष्य लोगों को दिल की सेहत को प्राथमिकता देने और ऐसी लाइफ स्टाइल अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जो उनके दिल को स्वस्थ रखे। इस कैंपेन के बारे में मेडीबडी के हेड ऑफ मार्केटिंग, पार्टनरशिप्स एंड पीआर साइबल बिस्वास ने कहा कि आपका दिल आपका सबसे महत्वपूर्ण अंग है और इसको पूरे देखभाल की जरूरत होती है। कैंपेन का उद्देश्य है कि लोग ऐसा भोजन करें जो दिल के लिए अच्छा है, एक्टिव रहें, धूम्रपान न करें, तनाव न लें और नियमित जांच कराते रहें। वर्ल्ड हार्ट डे एक मौका है स्वस्थ दिल की ओर कदम बढ़ाने का। मेडीबडी में हमारा मानना है कि दिल की सेहत के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाकर हम लोगों को स्वस्थ एवं सुखी जीवन जीने में मदद कर सकते हैं। इस पहल के साथ मेडीबडी दिल को छू लेने वाला एक अभियान शुरू कर रहा है, जो लोगों को अच्छी लाइफ स्टाइल अपनाने की प्रेरणा देगा।

### फुजी फिल्म इंडिया ने किया सबसे पहला सिक्स-ए3 मल्टीफंक्शन प्रिंटर लांच

**नई दिल्ली।** बिजनेस सॉल्युशन के क्षेत्र में अग्रणी इनोवेटर, फुजी फिल्म इंडिया ने भारत में पहली बार, ए 3 मल्टीफंक्शन प्रिंटर्स एपियोस सीरीज पेश करने की घोषणा की है। इन प्रिंटर्स को फुजी फिल्म बिजनेस इनोवेशन कॉरपोरेशन ने तैयार किया है। फुजी फिल्म इंडिया ए 3 कलर मल्टीफंक्शन प्रिंटर्स और एपियोस सी 3060, सी 2560, सी2060 और ए3 मोनोक्रोम मल्टीफंक्शन प्रिंटर्स एपियोस 3560, 3060,2560 की बिक्री करेगी। इन्हें पेश करने का उद्देश्य ऑफिस वर्क के क्षेत्र में बढ़ती मांग पूरा करने के अलावा, उत्पादकता और विश्वसनीयता के मामले में हमेशा की तरह खरा उतरना भी है। फुजी फिल्म बिजनेस इनोवेशन एशिया पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड के प्रेजिडेंट मसात्सुगु नैटो का कहना है कि भारत की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था। हम फुजी फिल्म इंडिया के माध्यम से इस बाजार में प्रवेश करते हुए उत्साहित हैं। हमारी कई बरसों की विशेषज्ञता से भारत में सभी प्रकार के बिजनेस में डिजिटल रूपांतरण में मदद मिलेगी।

# व्यक्तियों को आजीवन सफलता के मार्ग पर मार्गदर्शन करना मिशन : बिंद्रा

## अपनी संक्रामक ऊर्जा से लोगों को किया प्रेरित



**नई दिल्ली,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. विवेक बिंद्रा ने थिंक डू अचीव बिग कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मोटिवेट किया। गौर वर्ल्ड स्मार्ट स्ट्रीट ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में गौर्स ग्रुप ने प्रशिक्षण और ओरिएंटेशन मीटिंग के लिए प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर डॉ.विवेक बिंद्रा को आमंत्रित किया था। बुधवार को रियल एस्टेट डेवलपर गौर्स ग्रुप ने अपनी सबसे बड़ी चैनल पार्टनर मीटिंग की मेजबानी की।

कार्यक्रम में डॉ. बिंद्रा के भाषण ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उन्हें जीवन के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपनी संक्रामक ऊर्जा से लोगों को प्रेरित किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनका मिशन व्यक्तियों को आजीवन सफलता के मार्ग पर मार्गदर्शन करना है।

### ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने मनाया दीक्षांत समारोह

**नई दिल्ली,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने पीजीपीएम 2022-23 और पीजीडीएम 2021-23 के लिए अपने 12वें दीक्षांत समारोह की मेजबानी की। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के प्रबंध निदेशक विजय चंडोक इस भव्य वार्षिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। दीक्षांत समारोह के एक भाग के रूप में, 358 छात्र आज स्नातक हुए। पीजीपीएम 2022-23 और पीजीडीएम 2021-23 के स्नातक बैचों में मेधावी छात्रों के लिए नकद पुरस्कार और स्वर्ण पदक की घोषणा की गई, जिनमें से पीजीपीएम और पीजीडीएम में क्रमश: 30 प्रतिशत और 45 प्रतिशत छात्र महिलाएं थीं। इस कार्यक्रम में ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट गुड़गांव के निदेशक मंडल, शैक्षणिक समिति, सम्मानित कर्मचारियों और निपुण छात्रों की भागीदारी देखी गई। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गुड़गांव के निदेशक डॉ. देबाशीष सान्याल ने की।

# वेव सिनेमाज अब गुरुग्राम में

**नई दिल्ली,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत में सिनेमाई अनुभव नए आयाम देने वाले वेव ग्रुप ने गुरुग्राम में वेव सिनेमाज़ की शुरुआत कर दी है। वेव ग्रुप अपने दर्शकों को मूवी देखने का जादुई, इमर्सिव और मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। गुरुग्राम में वेव ग्रुप का वेव सिनेमाज़ एम3एम अर्बाना प्रीमियम, सेक्टर 67 में स्थित है। यह 7 स्क्रीन वाला लक्ज़रियस मल्टीप्लेक्स वेव ग्रुप की ओर से गुरुग्राम शहर में पहला वेव सिनेमाज़ है। इस अवसर पर वेव ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजीव गुप्ता ने कहा कि आधुनिक भारत में सिनेमा देखने का नाता सामाजिकता से है और यह एक तल्लीन कर देने वाला अनुभव भी है, इसलिए यहां आराम व सुविधा का प्रत्येक पहलू अहमियत रखता है।

अनुभव के सभी पहलू त्रुटिरहित होने चाहिए जिनमें टॉप-ऑफ-द-लाइन टेक्नोलॉजी, फूड व स्नैक्स, सीटिंग, ऐम्बियेंस, हाइजीन और ऐक्सैसेबिलिटी शामिल हैं। वेव सिनेमाज़ में हम आज के आधुनिक ग्राहकों की जरूरतों को समझते हैं और हमने अपनी पेशकश उसी के मुताबिक तैयार की है। अपने उपभोक्ताओं को बेहद परिष्कृत मूवी व्यूइंग अनुभव पेश करते हुए हम बहुत उत्साहित हैं और हम आशा करते हैं कि हमारी नई पेशकश हमारे उपभोक्ताओं व उनके परिवारों की हर आकांक्षा को पूरा करेगी।

# भारत के मुसलमान सुरक्षित, कट्टरपंथियों पर लगाई जाए लगाम : फहीम



**नई दिल्ली,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के उत्तर पूर्वी जिले के जाफराबाद-गौतमपुरी में रहने वाले एम हसनैन ने दुबई से अफगानिस्तान का सफर पूरा करते हुए पाकिस्तान में गैर कानूनी तौर पर घुसपैठ की और वहां जाकर जिस प्रकार से एम हसनैन ने भारत में मुसलमानों के कत्लेआम जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं और जिस प्रकार वो अनर्गल बयानबाजी करके पाकिस्तान मीडिया का हीरो बना हुआ है जो की पूरी तरीके से सच नहीं है। यह बात जाफराबाद के समाजसेवी फहीम बेग ने कहीं, उन्होंने कहा कि भारत के मुसलमान देश में आजादी के साथ अपनी दिनचर्या व्यतीत करते हैं और भारत की तरक्की में पूरे तरीके से भागीदार बनकर दुनिया में भारत का नाम रोशन करने में अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। इसके इतर हालिया दिनों में मुसलमानो के प्रति कुछ कट्टरपंथी लोगों ने आचरण किया है या उनके विरुद्ध कानून हाथ में लिया है उसको भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इन धार्मिक कट्टरपंथियों पर जल्द लगाम लगानी चाहिए।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-डाढा की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-डी.ए.012349, भूखण्ड संख्या-45, क्षेत्रफल- 60 वर्ग मीटर को आवंटित श्री सलीमुद्दीन पुत्र श्री तुल्लान, निवासी-ग्राम- डाढा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आवंटित किया गया था। आवटी श्री सलीमुद्दीन पुत्र श्री तुल्लान की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती श्री ब्रजपाल सिंह पुत्र श्री पूरन सिंह, निवासी-ग्राम-सूरजपुर, परगना-दादरी, तहसील व जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-72, पृष्ठ संख्या-351 से 360 पर कमाक 470 दिनांक 01.05.2009 को उप निबन्धक, सदर, गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में पर श्री ब्रजपाल सिंह पुत्र श्री पूरन सिंह, निवासी-ग्राम-सूरजपुर, परगना-दादरी, तहसील व जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण II, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल मे बाराबंकी-अकबर पुर (161 कि.मी) के प्रस्तावित दोहरीकरण का बकाया जाफराबाद-उतरेटिया का 148 किमी दोहरीकरण कार्य से सम्बन्धित बाराबंकी से सोहावल के बीच दोहरीकरण के अंतर्गत प्लेटफार्म शेल्टरों, रेल स्तर के प्लेटफार्म, ट्रैक मशीन राइडिंग पर ट्रैक मशीन के विश्रामालयों आदि, टाइप-2 के 32, टाइप-3 के 8, टाइप-4 के 3 युनिट, कर्मचारी क्वार्टरों का बकाया कार्य तथा अन्य विविध कार्य और चन्दौली से बंधुआकलां के बीच टाइप-2 के 48, टाइप-3 के 2 तथा टाइप-4 के चार युनिट कर्मचारी क्वार्टरों का निर्माण तथा फैब्रीकेशर्न तथा अन्य संबंधित कार्य करने के संबंध में। **2. अनुमानित /निदेशात्मक परियोजना लागत :** रूपये 3071.59 लाख, **3. कार्य पूरा करने की अवधि :** 11 माह, **4. जमा की जाने वाली जमानती राशि :** रूपये 16,85,800.00, **5. विस्तृत ई-निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज :** उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 26.09.2023 से 18.10.2023 तक उपलब्ध होंगे। **6. ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय :** निविदा 11.30 बजे दिनांक 04.10.2023 से 18.10.2023 तक आई आर ई पी एस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा उसके बाद केवल तकनीकी सह वाणिज्यिक बिडों को 11.30 बजे दिनांक 18.10.2023 को खोला जाएगा। **7. निविदा खुलने की तिथि और समय :** 18.10.2023 को 11.30 बजे खोली जायेगी। (निविदा की अपलोडिंग बंद होने के तुरंत बाद)। पात्र निविदाकर्ताओं की वित्तीय बोली तदनुसार खोली जायेगी जिसकी समय और तिथि की सूचना बाद में दी जायेगी।

सं. 74-डब्लू/3/2/464/डब्लू.ए./लखनऊ दिनांक 25.09.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2990/23

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम :** एडीईएन/डीएलआई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई/लाइन के अनुभाग में प्रतिपूरक वृक्षारोपण के 07 वर्षों के लिए पौधों की आपूर्ति और रखरखाव सहित रोपण। | |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** | Rs. 3,45,95,407.96/- (तीन करोड़ पैंतालीस लाख पंचानबे हजार चार सौ सात रुपये और छियानवे पैसे मात्र) |
| 3 | **बयाना राशि (रुपये)** | Rs. 3,23,000/- (तीन लाख तेईस हजार रुपये) |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये)** | Rs. 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय** | 17.10.2023 को 15:00 तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | **आवंटन** | 04-400-32 |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

**सं :128-W/280/इ-निविदा सूचना/53/2023-24/W-3 दिनांक: 25.09.2023** 3012/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता-II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| NIT-27 | **कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अंतर्गत परिहार्य जोड़ों की बेल्डिंग, आकस्मिक स्लीपर हटाने, स्टील चैनल फिटिंग की आपूर्ति, ट्रॉली अपशिष्ट, ग्रेडिएंट पोस्ट, एलडब्ल्यूआर पोस्ट आदि की रीकंडीशनिंग और सुधार। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये): 7999596.35 बयाना राशि (रुपये): 160000.00** |
| NIT-28 | **कार्य का नामः** लूप लाइनों के SWR सिंगल रेल ट्रैक को LWR में परिवतत करने के लिए जोड़ों की बेल्डिंग और सहायक मंडल अभियंता शामली के अंतर्गत SSE/P.WAY/BTU और SSE/P.Way/SMQL खंड में एस.ई.जे. को शामिल करना। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये): 6999915.91 बयाना राशि (रुपये): 140000.00** |
| NIT-29 | **कार्य का नामः** सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अंतर्गत परिहार्य जोड़ों की बेल्डिंग, आकस्मिक स्लीपर हटाने, स्टील चैनल फिटिंग की आपूर्ति, ट्रॉली अपशिष्ट, ग्रेडिएंट, पोस्ट, एलडब्ल्यूआर पोस्ट आदि की रीकंडीशनिंग और सुधार। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये): 7997665.47 बयाना राशि (रुपये): 7997665.47** |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने तिथि और समय | 06.10.2023 से 13.10.2023 at 15:00 Hrs |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 20.10.2023 15:00 Hrs |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध। |

ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) **IREPS** साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं. : NIT/27, 28, 29/2023-24/W-2 दिनांक : 26.09.2023 2994/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07230096B | पिन (एलेक्ट्रोप्लेटेड) फॉर आई सी एफ बोगी | 60000 नग | 16-10-23 |
| 02 | 09242091 | फुट स्टेप | 10163 नग | 16-10-23 |
| 03 | 09232617 | इम्प्रेग्नेटेड कंप्रेस्ड फ्लोर बोर्ड | 553 नग | 16-10-23 |
| 04 | 09232534 | कास्ट स्टील साइड फ्रेम | 498 नग | 17-10-23 |
| 05 | 19230803A | सेट ऑफ सिंगल डक्ट लैदर | 119 सेट | 23-10-23 |
| 06 | 19230688B | ड्राइवर सीट एंड पेडस्टल असेंबली | 329 सेट | 23-10-23 |
| 07 | 09232047 | मॉडिफाइड इलास्टोमेरिक पैड | 166129 नग | 23-10-23 |
| 08 | 02235048 | स्विच बोर्ड कैबिनेट सूटेबल फॉर ई ओ जी एल एच बी ए सी कोचेस | 50 नग | 23-10-23 |
| 09 | 09232319 | एडाप्टर (नैरो जॉ) क्लास 'ई' | 67504 नग | 25-10-23 |
| 10 | 77235382 | मनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ सी एम एस क्रासिंग 1 इन 12 60 KG | 532 सेट | 25-10-23 |
| 11 | 09232050A | साइड फ्रेम की (फॉर कर्व्ज आर. बी.) | 151219 नग | 30-10-23 |
| 12 | 09232569 | टॉप हाउसिंग | 15722 नग | 06-11-23 |
| 13 | 09232548A | कांस्टेंट कांटेक्ट पॉल्यूरेथेन साइड बेयरर पैड असेंबली | 5529 सेट | 08-11-23 |
| 14 | 77235229 | फेब्रिकेशन एंड सप्लाई ऑफ़ 52 kg स्पेशल मशीन चैक रेल | 647 सेट | 08-11-23 |
| 15 | 09232049 | बोगी सेंटर पीवट टॉप | 1777 नग | 16-11-23 |
| 16 | 09232056 | बोल्स्टर बॉटम गुस्सेट | 2354 नग | 20-11-23 |
| 17 | 07230999 | थर्माप्लास्टिक पोलिएस्टर इलास्टोमेर | 23158 नग | 28-11-23 |

निविदा शर्तें -1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 55/2023-2024 दिनांक 27.09.2023 3017/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**

भारत सरकार, रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड)

**ई-निविदा सूचना**

सं. आरएस(पोल)/58/0506/1/2024 नई दिल्ली, दिनांक : 25.09.2023

विषय : सी.पी.1.1.2024 से 31.12.2024 के लिए एएआर अनुमोदित ग्रीस की खरीद के लिए रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की ई-निविदा सं. 2024 एएआर एजी टीसी के लिए ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से संयुक्त निदेशक, रेल भंडार (एम), रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड), भारत सरकार नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार ई-निविदा आमंत्रित करते हैं

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा सं. | 2024 एएआर एजी टीसी |
| 2. | कार्य का नाम | अक्टूबर 2016 के संशोधन सं. 1 के साथ अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संस्थान (आरडीएसओ) विशिष्टि सं. डब्ल्यूडी-24-विविध.2003 (संशोधन-1) के अनुरूप माल स्टॉक के कार्टिज टेपर रोलर बियरिंग के लिए एएआर अनुमोदित/अआमासं अनुमोदित ग्रीस की खरीद की खरीद. |

एएआर अनुमोदित ब्रांडस

| क्र.सं. | ग्रीस का ब्रांड | निर्माता |
|---|---|---|
| 1. | एक्सान अरपेन आरबी-320 | मैसर्स एक्सान मोबिल |
| 2. | टिमकेन प्रीमियम रेल ग्रीस | मैसर्स एक्सान मोबिल |
| 3. | शैल अल्वेनिया ईपी-डी | मैसर्स शैल कनाडा लि. |
| 4. | मोबिलीथ एसएचसी- 100 | मैसर्स एक्सान मोबिल |
| 5. | मोबिलीथ एसएचसी- 221 | मैसर्स एक्सान मोबिल |
| 6. | शेल गडुस रेल एस3 एएआर एएल | शैल ऑयल प्रोडक्ट |
| 7. | सर्वोग्रीस 'आरईपी 1' | मैसर्स आईओसी लि. |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | अनुमानित मात्रा किलोग्राम में | 2,12,263 किलोग्राम |
| 4. | बयाना | Rs. 17,78,381/- |
| 5. | ई-निविदा को जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय | 19.10.2023 को 14:30 बजे |
| 6. | पूर्ण ब्यौरों तथा ई-निविदा के लिए वेबसाइट | http://www.ireps.gov.in |
| 7. | आबंटन शीर्ष | अनुदान सं. 01 |

(एस.के. वर्मा),
निदेशक, रेल भंडार (एम)

2993/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आयोजन — दिल्ली विवि में इंडो-फ्रेंच इन्वेंट आयोजित

# विभिन्न व्याख्यानों का किया गया आयोजन

नई दिल्ली,27 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली विश्वविद्यालय के कल्चर कौंसिल द्वारा नोडल केंद्र भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज और शिवाजी कॉलेज एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भारत की जी-20 अध्यक्षता के साथ ही भारत-फ्रांस संबंध के उत्सव को मनाने के लिए इंडो-फ्रेंच इन्वेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र का आयोजन नोडल केंद्र भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष के रूप में प्रो.बलराम पाणी, अधिष्ठाता महाविद्यालय, डीयू, मुख्य अतिथि के रूप में अनूप लाठेर, अध्यक्ष, परिचालन समिति, कल्चरल समिति, डीयू, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.अभिषेक टंडन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उध्मोद्य फाउंडेशन, डीयू, प्रो. रवीन्द्र कुमार, डीन, कल्चरल कौंसिल, डीयू, उपस्थित रहे। अकादमिक सत्र में बतौर वक्ता डॉ.डेनियल बोएरी उपस्तिथि रहे।

**■ महाविद्यालय की उपलब्धियों पर फिल्म का किया प्रदर्शन**

इसके अंतर्गत विभिन्न कलाओं, चित्रों और वीमेन सेल द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की अब तक की उपलब्धियों और यात्रा पर एक फ़िल्म के प्रदर्शन के साथ ही सूफी संगीत की प्रस्तुति भी हुई। अकादमिक सत्रों के अन्तर्गत विभिन्न व्याख्यानों का आयोजन किया गया और ग्रुप डिस्कशन, रील मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, डिबेट आदि विभिन्न गतिविधियों आदि में विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी की। कार्यक्रम के अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला महाविद्यालय के प्रांगण में भास्कराचार्य कॉलेज के द्वारा जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग विषय पर डाक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई और शिवाजी कॉलेज के टीम के द्वारा भारत और फ्रांस द्विपक्षीय संबंध भारत को केवल सैन्य सहायता प्रदान करेगा विषय पर डिबेट का आयोजन किया भी किया गया। समापन सत्र के अन्तर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला कॉलेज में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष के रूप में सच्चिदानंद जोशी, सदस्य सचिव, आईजीएनसीए, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहे।



# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "1 अक्टूबर से इस मशीन को नोएडा की सड़कों पर दौड़ाया जाएगा। ये मशीन जीपीएस ट्रैकर से लैस है। इसे प्राधिकरण के ऑनलाइन सिस्टम ICCC से जोड़ा जाएगा। ताकि इसके लाइव मॉनिटरिंग की जा सके। इसके अलावा नोएडा में लगी सभी स्मॉग गन को शुरू किया जाएगा। ताकि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके : **एसपी सिंह**

## किसानों ने प्राधिकरण सीईओ के साथ की बैठक

### अगाहपुर गांव की 100 साल पुरानी आबादी पर की बातचीत, सीईओ बोले रास्ता नहीं होगा बंद



**नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन मंच का 21 सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम और ओएसडी अविनाश त्रिपाठी से मुलाकात की। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने सीईओ अवगत कराया कि गांव बरौला के कश्यप समाज के किसानों की अगहापुर गांव के माजरे में लगभग 100 वर्ष पुरानी आबादी है। मौजूदा समय में सेक्टर 42 में आती है।

कश्यप समाज के किसानों की यह आबादी राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जिसका खाता संख्या 767 और खतौनी वर्ष 1981 से वर्ष 1991 तक आबादी दर्ज होना दर्शाती है। लेकिन साल 1992 में इस आबादी को नोएडा प्राधिकरण ने जबरन अधिग्रहण कर लिया। नक्शा 11 में भी भवन नलकूप आदि दर्शा रखे है। यही नहीं कश्यप समाज के सभी किसान अपने-अपने घर बनाकर आज भी मौके पर निवास कर रहे हैं और ना ही कोई प्रतिकार प्राप्त किया है।

वर्क सर्कल और नियोजन विभाग ने बिना मौका देखें गलत तरीके से कश्यप समाज की इस आबादी के लिए जाने वाले 30 फीट चौड़े रास्ते में गलत ढंग से 5 प्रतिशत के प्लॉट लगा दिए हैं। मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण रास्ते की जमीन पर कब्जा देने आए थे। जिनका किसानों ने विरोध किया और वे वापस लौट गए। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने आश्वस्त किया कि कश्यप समाज की आबादी को जाने वाले रास्ते को बंद नहीं किया जाएगा। जल्दी किसानों के साथ न्याय किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन मंच के संरक्षक सुरेंद्र प्रधान, राष्ट्रीय महासचिव गौतम लोहिया, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष चौहान, युवा मोर्चा के प्रवक्ता विमल त्यागी, तरुण भाटी, प्रिंस भाटी, सोनू चपराना, प्रमोद भाटी आदि मौजूद रहे।

## नोएडा को मिला ट्रक माउंटेंड वाटर स्प्रिंकल

**नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदूषण के लिहाज से नोएडा के लिए 5 महीने काफी संवेदनशील माने जाते है। खेतों पराली जलने, वाहनों के चलने, इंडस्ट्री और अन्य संस्थानों में डीजल जनरेटर, कंस्ट्रक्शन और अन्य कारणों से प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ता है। एक्यूआई इंडेक्स 500 के पार तक जाता है। इसके लिए प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। सीएसआर के तहत एक निजी कंपनी ने नोएडा प्राधिकरण को ट्रक माउंटेंड वाटर स्प्रिंकल दिया है। इससे प्रदूषण पर पानी का छिड़काव किया जाएगा। इस ट्रक को डीजीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये ट्रक एक स्थान पर नहीं बल्कि शहर की सड़कों पर दौड़ेगा। डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि सीएसआर के तहत दिए गए इस ट्रक की कीमत करीब 30 लाख रुपए है। इसमें पानी का टैंक लगा है। मशीन पूरी तरह से ऑटोमैटिक है। इसमें एक बार में 7000 लीटर पानी भरा जा सकता है। एक बार में ये सात किमी तक एरिया को कवर कर सकता है। इसके बाद इसे दोबारा रिफल करना पड़ता है। इसमें लगे स्प्रिंकल फ्रंट, बैक, साइड और टॉप पर पानी की बौछार कर सकता है। इसमें एक 30 मीटर का हौज पाइप है। जिसकी मदद से पौधो पर छिड़ाव किया जा सकता है। एसपी सिंह ने बताया कि 1 अक्टूबर से इस मशीन को नोएडा की सड़कों पर दौड़ाया जाएगा। ये मशीन जीपीएस ट्रैकर से लैस है। इसे प्राधिकरण के ऑनलाइन सिस्टम ICCC से जोड़ा जाएगा। ताकि इसके लाइव मॉनिटरिंग की जा सके। इसके अलावा नोएडा में लगी सभी स्मॉग गन को शुरू किया जाएगा। ताकि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। इस मौके पर प्रबंधक आरके शर्मा, कंपनी के अधिकारी व जन स्वास्थ्य से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



- **7000 लीटर की है क्षमता, एक बार में सात किमी का एरिया करेगा कवर**

## गढ़मुक्तेश्वर में चला एचपीडीए का बुलडोजर, कई अवैध कॉलोनी ध्वस्त

**हापुड़,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। हापुड़ पिलखवा विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन दल टीम ने बुधवार को गढ़मुक्तेश्वर में अन्य क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। जहां पर अवैध रूप से बसाई जा रही कई कॉलोनीयों को ध्वस्त कर दिया गया जबकि कई अवैध निर्माणों को सील भी किया गया। एचपीडीए के उपाध्यक्ष डॉ नितिन गौड़ के मुताबिक गढ़मुक्तेश्वर के बदरखा गांव में मोहम्मद जमील व नीरज त्यागी द्वारा 10000 वर्ग मीटर में बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया। इसी गांव में कृष्ण वीर द्वारा की जा रही अवैध प्लॉटरी फ्लोटिंग को भी खुद किया गया ठंडी सड़क पर दीपक शर्मा वे राहुल शर्मा तथा जगबीर द्वारा 10000 वर्ग मीटर में काटी जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्तकिया गया। इसी तरह गड़बड़ गांव में कृष्ण गोपाल द्वारा 12000 वर्ग मीटर स्याना में जैनुल आवेदक द्वारा 250 वर्ग मीटर में होटल और गढ़मुक्तेश्वर में 4000 मीटर में पिकनिक स्पॉट और 5000 वर्ग मीटर में वंदनाशर्मा द्वारा किए जा रहे निर्माण को सील किया गया। इस अभियान में प्राधिकरण सचिव पीके सिंह व प्रवर्तन दल के तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।






## राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश में 2 से 8 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता जागरूकता अभियान

**ग्रेटर नोएडा**, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के न्याय मूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी के निर्देशों के क्रम में आगामी 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक जिला मुख्यालय, तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह मनाया जाएगा। इसी श्रृंखला में आज स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह को मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद, मुख्य संरक्षक उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की मंशा के अनुरूप जनपद में सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना ने अपने कार्यालय कक्ष में निर्वाचक मंडल गठित समिति के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। जनपद न्यायाधीश ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह को जनपद में बहुत ही वृहद स्तर पर चलाया जाए और इसको लेकर अपने सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह को लेकर जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा जन सहभागिता स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह के दौरान दर्ज हो सके।८

## सत्यम स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में कैपिटल मार्केट अवेयरनेस पर कार्यशाला आयोजित



**नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। सत्यम स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में छात्राओं के लिए कैपिटल मार्केट अवेयरनेस पर कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्टॉक मार्केट में होने वाले प्रतिभागियों को अवगत कराना था और समृद्धि के माध्यम से समुचित धन संचय के महत्व को भी बढ़ावा देना था। इस कार्यशाला की वक्ता डॉ वर्षा गोयल (एसोसिएट ऑफ़ लोटस नॉलवेल्थ) थी, जिनके द्वारा सत्यम स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के प्रांगण में 1 से 2:30 तक इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न पूंजी निवेश विकल्प, निवेश के सरल और सुरक्षित तरीके, पूंजी जागरूकता क्यों महत्वपूर्ण है और वित्तीय पूंजी का सही तरीके से प्रबंधन पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला में बी.ए. (मास मीडिया )की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया और साथ ही छात्राओं ने कैपिटल मार्केट से संबंधित प्रश्न और समस्याओं का निजात पाया।

## देश के शहीदों के नाम निगम ने किया प्रशंसनीय काम

**गाजियाबाद,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा शहर में कलश यात्रा का कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहा है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के कुशल नेतृत्व में देश के शहीदों को याद करते हुए प्रसंसनीय कार्य किया जा रहा है जिसमें गाजियाबाद नगर निगम की टीम हर घर जाकर कलश में देश के शहीदों को याद करते हुए मिट्टी तथा चावल का दान ले रही है, जिसमें जनप्रतिनिधि गण विशेष रूप से सहयोग कर रहे हैं बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक हिस्सा भी ले रहे हैं। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव नेबताया कि समस्त वार्ड में माननीय पार्षदों का सहयोग लेते हुए कलश यात्रा का कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें माननीय पार्षद अपने क्षेत्र वासियों से कलश या हाथ में लेकर देश के शहीदों को याद करते हुए उसमें एक मुट्ठी चावल तथा मिटटी का दान ले रहे हैं, लगभग 85 वार्ड में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, गाजियाबाद नगर निगम का प्रसंसनीय कार्य जिस शहर में देशभक्ति का एक जीवंत दृश्य देखने को मिल रहा है जो की सराहनीय है इस प्रकार के कार्यक्रम से हर वर्ग का व्यक्ति उत्साहित है तथा कलश यात्रा को सफल बनाने में जुट रहा है इसी क्रम में स्वच्छता का संदेश भी हर घर को दिया जा रहा है।

## अनुराग ठाकुर ने कहा, प्रधानमंत्री ने असंभव को संभव किया

**नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नोएडा के एमिटी लॉ स्कूल में यूथ पार्लियामेन्ट सोसाइटी की तरफ से आयोजित सृजन ए भारतीय राजनीति की उत्पत्ति कार्यक्रम के समापन में हिस्सा लिया। इस दौरान अनुराग ठाकुर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में सबसे बड़ा योगदान वोटर का होता है। उन्होंने कहा कि इस देश में बहुत बड़ी संख्या युवाओं की है। भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं यह लोकतंत्र का ह्रदय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्लियामेंन्ट में प्रवेश किया तो प्रणाम किया। प्रधानमंत्री ने संविधान को नमन करके काम शुरु किया। 2014 में जब हम आये तो देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी लड़खड़ाती चरमराती अर्थव्यवस्था। आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यस्था बन गया है। कोविड देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती था। उस समय पूरा देश एकजुट होकर खड़ा हुआ फ्रंट लाइन के वर्कर का हौंसला बढ़ाया। प्रधानमंत्री ने असंभव को संभव किया। 150 देशों को वैक्सीन भारत ने दुनिया को दी और 120 करोड़ भारतीयों को वैक्सीन लगाई गई। हर जिन्दगी में एक मुश्किलों का इंतहान होता है, मुश्किलों से भागना आसान होता है, भागने वालों को जिन्दगी में कुछ नहीं मिलता, लड़ने वालों के ही कदमों में जहां होता है। जी 20 की अध्यक्षता बहुत बड़ी चुनौती थी। जी20में भारत ने कुछ अलग किया। देश भर में हर राज्य में कार्यक्रम किए गए जिसमें युवाओं ने हिस्सा लिया।

भारत दुनिया का सबसे अधिक इम्पोर्ट करने वाला था, आज भारत एक्सपोर्ट कर रहा है। स्पेस सेक्टर को खोला गया, दुनिया में 104 सेटलाइट एकसाथ लांच करने वाला भारत देश बना है।




- **स्वर्णिम कॉल में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका, हमने 150 देशों को दी वैक्सीन, 120 भारतीयों को लगाई डोज**

## संतोश हॉस्पिटल ने 20 क्षय रोगियों को गोद लिया

**गाजियाबाद,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़कर संतोष हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने 100 क्षय रोगियों को गोद लेने का निर्णय लिया है। बुधवार को सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री जनरल वीके सिंह की मौजूदगी में 20 क्षय रोगियों को गोद लेकर इस पर अमल भी शुरू कर दिया। संतोष हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज के सीएमडी डॉ. पी महालिंगम ने इस मौके पर कहा कि फिलहाल हमने 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें भावनात्मक और सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराने का जिम्मा लेने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के दौरान 20 क्षय रोगियों को गोद लेकर पुष्टाहार प्रदान किया गया। उन्होंने कहा - प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में हम क्षय रोग विभाग के साथ खड़े हैं। कार्यक्रम के दौरान सांसद जनरल वीके सिंह ने क्षय रोग से एक-एक कर बात की और उनका हाल जाना। श्री सिंह ने रोगियों से जहां निक्षय पोषण योजना के तहत पोषण भत्ते के रूप में हर



- **केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने जाना क्षय रोगियों का हाल, खोजने की अपील**
- **डीटीओ ने विभागाध्यक्षों से टीबी स्क्रीनिंग बढ़ाकर क्षय रोगियों को खोजने में मदद की अपील की**

माह मिलने वाले पांच सौ रुपए के बारे में पूछा वहीं यह भी पूछा कि उन्हें दवा मिलने में किसी तरह की परेशानी का सामना तो नहीं करना पड़ता। इसके साथ ही श्री सिंह ने क्षय रोगियों को नियमित रूप से दवा खाने और उच्च प्रोटीन युक्त खुराक लेने के लिए प्रेरित किया। इतना ही नहीं श्री सिंह ने सभी क्षय रोगियों से कहा कि अपने सभी परिजनों की भी टीबी जांच अवश्य कराएं क्योंकि फेफड़ों की टीबी संक्रामक होती है। उन्होंने क्षय रोगियों से कहा कि इस रोग से पीड़ित होने के कारण वह खुद को अभिशप्त समझने की गलती कतई न करें। टीबी भी अन्य बीमारियों की तरह ही एक बीमारी है और नियमित उपचार के बाद यह पूरी तरह ठीक हो जाती है।

इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. अमित विक्रम हॉस्पिटल के चिकित्सकों और विभागाध्यक्षों से अपील की कि ओपीडी के दौरान हर रोगी की टीबी स्क्रीनिंग जरूर करें। किसी रोगी में यदि टीबी से मिलता जुलता कोई लक्षण नजर आए तो उसकी टीबी जांच अवश्य कराएं। अधिक से अधिक इस मौके पर जनरल वीके सिंह ने सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर का भी उद्घाटन उद्घाटन किया और 20 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए। मेडिकल कॉलेज की डीन डा. अलका अग्रवाल और कोऑर्डिनेटर डा. निधि बंसल ने क्षय रोगियों से पुष्टाहार किट में प्रदान किए गए उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का नियमित रूप से सेवन करने की सलाह दी।

## गाजियाबाद-पुलिस ने पकड़ी अवैध रूप से पटाखा बनाने वाली फैक्टरी, लाखों के पटाखे बरामद

**गाजियाबाद,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने बुधवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री का खुलासा किया है। पुलिस ने इस फैक्ट्री को संचालित करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से लाखों रुपए के पटाखे बरामद किए गए हैं। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि यह अवैध फैक्ट्री नंदग्राम क्षेत्र के आटोर गांव से लगी रामनगर कॉलोनी में पकड़ी गई है जिस भवन से यह फैक्ट्री पकड़ी गई है आरोपियों ने उसे किराए पर ले रखा था और वहां पर अवैध रूप से पटाखे बना रहे थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए



### दो आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों के नाम धर्मेंद्र कुमार व विकास कुमार हैं दोनों ही बिहार के रहने वाले हैं। आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि साहब हम यह अवैध पटाखे बनाने का काम किराये के मकान में कर रहे थे आगामी त्यौहार पर हम इन अवैध पटाखों की अच्छी बिक्री कर अपने परिवार का पालन पोषण करते है। आरोपियों के कब्जे से अवैध पटाखों एक कट्टा प्लास्टिक भरा हुआ करीब 3000 पटाखे, 17 कट्टे प्लास्टिक करीब 35000 अधबने सुतली बम, 3 कट्टा पटाखे के अन्दर लगना वाला खोल संख्या में करीब 7000, बारुद आधी पेटी करीब 10 किलो, सुतली 3 रोल सरिये में

## नोएडा की 95 सोसाइटी को प्राधिकरण ने जारी किया नोटिस

**नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली-नोएडा और गाजियाबाद पूरे एनसीआर में एक अक्टूबर से डीजल जेनरेटर पर रोक लगने जा रही है। एक अक्टूबर से ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान) लागू होने जा रहा है। इसके तहत हाईराइज सोसाइटी, मॉल और अस्पतालों और इंडस्ट्री में ऐसे जेनरेटर को ही चलाने की इजाजत होगी जो पीएनजी या बायो फ्यूल पर चलते हो। नोएडा प्राधिकरण ने इस मामले में 95 हाईराइज सोसाइटी को नोटिस जारी किया है। इसके तहत 30 सितंबर तक सभी सोसाइटी को 800 केवी के डीजल जनरेटर ड्यूल फार्म (70 प्रतिशत गैस और 30 प्रतिशत डीजल) में कन्वर्ट करना होगा। बिना इसे कन्वर्ट कराए वो जनरेटर को नहीं चला सकते है। इस नोटिस को नहीं मानना कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट और एनजीटी के नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। ऐसे में सोसाइटी की एओए पर जुर्माना और सीलिंग की कार्यवाही की जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि 1 अक्टूबर को ग्रेप लागू किया जा रहा है। इसमें डीजल जनरेटर और वायु प्रदूषण कारकों को बढ़ने से रोका जाता है। नोएडा में इसके लिए कई अहम फैसले लिए जा रहे है। इस क्रम में सोसाइटियों को नोटिस जारी किए गए है। सभी 95 सोसाइटी को 30 सितंबर तक जनरेटर को ड्यूल फ्यूल में कन्वर्ट कराना ही होगा। बगैर इसके यदि वे जनरेटर चलाते है तो हमे सीलिंग की कार्यवाही करनी होगी। बता दे नोएडा में अब भी कई ऐसी सोसाइटी है जहां बिजली का स्थाई कनेक्शन नहीं है।

- **1 अक्टूबर से किसी भी सोसाइटी में नहीं चलेगा डीजल जनरेटर**
- **सभी सोसाइटी डीजल जनरेटर को ड्यूल फार्म में करा ले कंवर्ट**
- **अन्यथा की स्थिति में लगेगा जुर्माना**

### निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी की अगुवाई में बन रही टीम

उन्होंने बताया कि इसके लिए प्राधिकरण के प्रबंधक आरके शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया जा रहा है। इनकी अगुवाई में कई टीमों का गठन किया जा रहा है। ये टीम 1 अक्टूबर से सोसायटी का निरीक्षण करेंगी। जहां भी जनरेटर चलता मिला उसके खिलाफ मौके पर ही एक्शन लिया जाएगा। इसे अंतिम नोटिस ही माना जाए। इसके बाद न तो नोटिस जारी किया जाएगा और न ही समय।

### बैकअप के लिए होता है इस्तेमाल

नोएडा की सोसाइटी में पावर बैकअप के लिए जनरेटर का प्रयोग किया जाता है। यहां रहने वाले निवासियों से इसके एवज में 25 से 30 रुपए या इससे अधिक रुपए प्रति यूनिट ली जाती है। यहां तभी जनरेटर चलते है जब बिजली सप्लाई नहीं होती। हालांकि पिछली बार भी जनरेटर को ड्यूल जनरेटर में कन्वर्ट कराने के लिए कहा गया था। इस मामले में नोएडा फेडरेशन ऑफ अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि नोएडा को नो पावर कट जोन बनाया गया है, बिजली की सप्लाई 24 घंटे दी जाए। इसके अलावा हम जनरेटर को ड्यूल फार्मेशन में कन्वर्ट करा ले लेकिन करने वाली कंपनी के पास इतना इफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। उन्होंने कहा हम सभी सोसाइटी के एओए को नोटिस मिला है। हमें जनरेटर कन्वर्ट कराने के लिए और समय देना होगा। इतने शॉर्ट पीरियड में ऐसा कर पाना संभव नहीं है। प्रदूषण से जुड़े सभी मामलों से निपटने के लिए प्राधिकरण ने हाल ही में अपना पर्यावरण एनवारमेंटल सेल बनाया है। डीजीएम ने बताया कि जो भी टीम बनेगी इसी सेल की गाइडेंस के अनुसार अपना काम करेगी। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पात्र गृहस्थी कार्ड' धारक बनवाएं अपना आयुष्मान कार्ड

**नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। जिनके राशन कार्ड में छह या उससे अधिक सदस्य हैं (पात्र गृहस्थी कार्ड धारक) वह अपना नाम आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत बनने वाले आयुष्मान कार्ड के पात्र लाभार्थी की सूची में अपना नाम चेक (जांच) कर लें। ऐसे सभी परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि जिन-जिन राशन कार्ड धारकों के राशन कार्ड में छह या छह से अधिक सदस्य हैं, उनका प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया ऐसे पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाना आसान हो गया है। यह कार्ड घर बैठे आयुष्मान ऐप या https://beneficiary.nha.gov.in पर जाकर बना सकते हैं। योजना के सूचीबद्ध अस्पताल, जन सुविधा केन्द्र पर जाकर आयुष्मान भारत योजना की पात्र लाभार्थी सूची में नाम चेक कराये जा सकते हैं। सेक्टर 30 स्थित चाइल्ड पीजीआई के आयुष्मान काउंटर पर भी यह सुविधा उपलब्ध है। यदि सूची में नाम है तो अपना आयुष्मान कार्ड तुरंत बनवा लें।

जनपद में बनने हैं करीब 24450 परिवारों के कार्ड

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नोडल अधिकारी डा. पवन कुमार ने बताया जनपद में पात्र गृहस्थी कार्ड धारक करीब 24450 परिवार हैं। इन सभी परिवारों के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हैं। कार्ड बनाने का काम तेजी से चल रहा है। शासन से आदेश जारी होने के बाद अब तक करीब दस हजार कार्ड बनाए जा चुके हैं। पिछले सात दिनों में ही करीब सात हजार कार्ड बनाए गये हैं।

उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान से आच्छादित परिवारों को प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक के नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिलती हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रत्येक लाभार्थी के पास आयुष्मान कार्ड होना जरूरी है। इसलिए हर लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है।




- **अपना नाम आयुष्मान भारत पात्र लाभार्थी की सूची में जरूर चेक करें**
- **योजना के अंतर्गत मिलती है प्रति वर्ष, प्रति परिवार पांच लाख रुपये तक के नि :शुल्क उपचार की सुविधा**

### ऐसे बनाएं स्वयं कार्ड

डा. पवन ने बताया कि अपने मोबाइल फोन में आयुष्मान एप डाउनलोड कर आप बेनिफिशियरी पर क्लिक करेंगे और अपना मोबाइल नंबर डालकर वेरीफाई करेंगे, तो ओटीपी आएगा। ओटीपी डालकर आपका नंबर वेरीफाई हो जाएगा, उसके पश्चात अपने स्टेट (राज्य) का चुनाव कर स्कीम में पीएमजेएवाई डालकर अपने जिले को क्लिक कर फैमिली आईडी के रूप में अपना राशन कार्ड नंबर डालेंगे। राशन नंबर के अनुरूप फैमिली की पूरी डिटेल निकल आएगी। यदि आपके घर में पहले से किसी ने कार्ड बना लिया है तो वह अप्रूव्ड दिखेगा यदि नहीं बना है तो पीले रंग में आईडेंटिफाई दिखेगा। जिसका आयुष्मान कार्ड बनाना है उस पर क्लिक करिए, क्लिक करने के पश्चात राशन कार्ड से जुड़े आधार नंबर को वेरीफाई करिए, आधार कार्ड से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी जाएगा। ओटीपी डालने के पश्चात लाभार्थी का फोटो खींच उसका डिटेल भरने के बाद सबमिट का बटन क्लिक करने के पश्चात कार्ड बन जाएगा।

## नगर निगम ने सवा करोड़ की भूमि कब्जा मुक्त कराई



**गाजियाबाद**, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम ने बुधवार को तकरीबन सवा करोड़ की भूमि अवैध कब्जे से मुक्त कराई। साथ ही नगर आयुक्त ने अवैध कब्जे करने वाले लोगों को चेतावनी दी है कि अवैध कब्जे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि सिटी जोन के अंतर्गत जटवाड़ा में स्थित शौचालय से अवैध कब्जा हटवाया गया, शौचालय जर्जर हालत में था जिस पर मुन्ना नाम के व्यक्ति ने अवैध कब्जा कई वर्षों से कर रखा था जिसको गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नियम अनुसार कार्यवाही करते हुए कब्जा मुक्त किया गया। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में जटवाड़ा स्थित शौचालय से कब्जा मुक्त कराया गया जो कि लगभग 500 वर्ग मीटर भूमि है जिसकी कीमत लगभग सवा करोड़ है जिसको गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अवैध कब्जा हटाकर अतिक्रमण मुक्त किया गया। कब्जा मुक्त अभियान के दौरान मौके पर संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम प्रवर्तन दल की टीम तथा पुलिस बल भी उपस्थित रहा। जिनके द्वारा काफी विवादित स्थिति में निगम की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया।

**अवैध कब्जे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं : नगर आयुक्त**

उवाच

यह चिंताजनक है कि हृदय सम्बन्धी बीमारियां बूढ़ों में ही नहीं युवाओं में भी बढ़ रही हैं। इस वॉकाथॉन का मुख्य उद्देश्य दिल को स्वस्थ रखने के लिए शारीरिक व्यायाम, आहार और स्वस्थ जीवन शैली पर जागरूकता फैलाना है, ताकि निवासियों को हृदय रोगों का शिकार होने से बचाया जा सके: **डॉ. सुनील बालियान, डायरेक्टर, यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के असिस्टेंट मेडिकल डायरेक्टर**

# कैपिटल ज़ोन

## डीएक्सएन कोड से पहचाना जाएगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

**ग्रेटर नोएडा,** 27 सितम्बर (देशब्धु)। मुख्यमंत्री योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) ने बुधवार को अपने इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) कोड का अनावरण किया। डीएक्सएन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का आधिकारिक आईएटीए लोकेशन आइडेंटिफायर या तीन-अक्षर का कोड होगा। कोड असाइन होने से, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने ग्राहकों के और करीब आ गया है जो विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर एयरपोर्ट की पहचान करने में सक्षम होंगे। एयरपोर्ट का संचालन शुरू होने के बाद सक्रिय होने वाला कोड यात्रियों और एविएशन प्रोफेशनल्स को किसी भी भ्रम और गलतियों से बचने के लिए तेजी से और सटीक रूप से डेस्टिनेशंस की पहचान करने और संवाद करने में मदद करेगा। उल्लेखनीय है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट स्विस टेक्नोलॉजी और एफिसिएंसी के साथ भारतीय कल्चर और हॉस्पिटैलिटी के संगम के रूप में आधुनिक व यूजर फ्रेंडली डिजाइन के जरिए न्यूनतम पर्यावरणीय प्रभाव के लिए प्रतिबद्धता के साथ संचालन के लिए तैयार हो रहा है। इसे जेवर एयरपोर्ट के नाम से भी जाना जाता है।




- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने किया अपना आईएटीए कोड का अनावरण
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

### टिकट बुकिंग में होगा डीएक्सएन, नहीं कर सकेगा कोई प्रयोग

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े शहरी समूहों में से एक भारत का नेशनल कैपिटल रीजन एक दूसरे हवाई अड्डे का हकदार है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट इस लंबे समय से चले आ रहे सपने को वास्तविकता बना देगा और हम अपने तीन-अक्षर आईएटीए कोड को पाने के लिए उत्साहित हैं, जो एयरपोर्ट के परिचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम रीजन के नए इकॉनमिक और कल्चर हब में पैसेंजर्स, कस्टमर्स और पार्टनर्स का स्वागत करने के लिए तत्पर हैं। चीफ आपरेटिंग आफिसर किरण जैन ने बताया कि अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का कोड डीएक्सएन है। एयरपोर्ट को अब पूरी दुनिया में इसी कोड से जाना जाएगा। यह एक यूनीक कोड है जिसका ये मतलब है कि जब भी आप कोई टिकट बुक करेंगे तो हमें डीएक्सएन से पहचाना जाएगा। ये कोड सिर्फ हम ही यूज कर सकते हैं। ये कभी भी चेंज नहीं होगा। एक तरीके से यह हमारा पिन कोड होगा।

### आईएटीए कोड का महत्व

>>> आईएटीए कोड प्रत्येक एयरपोर्ट के लिए यूनीक हैं और देशों और शहरों के बीच किसी भी अस्पष्टता में ग्लोबली एयरपोर्ट्स के लिए आईडेंटिफायर के रूप में काम करते हैं।

>>> ये कोड न केवल पैसेंजर्स के ट्रैवल डॉक्युमेंट्स पर दर्ज होते हैं, बल्कि डेली बेसिस पर विभिन्न अन्य कम्युनिकेशंस में एक महत्वपूर्ण एलीमेंट के रूप में भी काम करते हैं।

>>> फ्लाइट शेड्यूल, टिकटिंग, एक एयरपोर्ट से दूसरे एयरपोर्ट तक बैगेज हैंडलिंग से लेकर कम्युनिकेशन, ऑपरेशन और लॉजिस्टिक को विनियमित करने तक, आईएटीए कोड प्रत्येक स्तर पर एक एयरपोर्ट की पहचान बताया है।

### एयरपोर्ट के निर्माण में तेजी सात हजार कर्मचारी कर रहे हैं काम

एयरपोर्ट का निर्माण तेजी से प्रगति कर रहा है। टाटा प्रोजेक्ट्स को ईपीसी कंस्ट्रक्शन कॉन्ट्रैक्ट दिए हुए एक साल से अधिक समय हो गया है। मौजूदा समय में पैसेंजर टर्मिनल की छत के लिए आवश्यक संरचनात्मक स्टील पर काम किया जा रहा है। एटीसी टॉवर अब 30 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर खड़ा हो चुका है। इसके अतिरिक्त, रनवे की पूरी लंबाई के साथ सबग्रेड कार्य प्रगति पर है। लगभग 7000 कर्मचारी जो साइट पर पूरी तरह से जुटे हुए हैं। अगले कुछ महीनों में, साइट पर 20 से अधिक इमारतें बन जाएंगी, जिनमें पैसेंजर टर्मिनल, एयर ट्रैफिक कंट्रोल टॉवर, ऑफिस ब्लॉक्स, सीवेज और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के साथ इलेक्ट्रिक सबस्टेशन शामिल हैं।

## विश्व हृदय दिवस पर 30 को वाकाथॉन चलता रहे मेरा दिल का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। देश में हृदय रोगों की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा ग्रेटर नोएडा में तीन किलोमीटर की वाकाथॉन का आयोजन किया जायेगा। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर 'चलता रहे मेरा दिल' के बैनर के नाम से 3 किलोमीटर के वाकाथॉन सुबह 5:30 बजे अस्पताल से शुरू किया जाएगा। यथार्थ हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा, पिछले चार वर्षों से विश्व हृदय दिवस पर लोगों को हृदय रोग के प्रति जागरूक करने के लिए वाकाथॉन का आयोजन कर रहा है। वाकाथॉन के बाद एक इंटरेक्टिव सत्र में दिल को स्वस्थ रखने के लिए जीवनशैली और हार्ट अटैक के रोकथाम पर चर्चा की जाएगी। इस चर्चा को वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज रंजन, हृदय सर्जरी विभाग के निदेशक डॉ. अखिल रुस्तगी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ दीपांकर वत्स व डॉ. अजीत सिंह द्वारा संबोधित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों सहित डॉक्टर व अस्पताल का स्टाफ इस वाल्कथॉन में भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गौतम बुध नगर व श्री साद मिया खान, डिप्टी कमिशनर ऑफ पुलिस, गौतम बुध नगर की उपस्थिति में यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी वॉकाथॉन की टी-शर्टों को लॉन्च किया। हृदय रोगों के बारे में आम लोगों में जागरूकता बढ़ाने के संदेश के साथ इन टी-शर्टों को वाकाथॉन में प्रतिभागियों को दिया जाएगा। यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के असिस्टेंट मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुनील बालियान ने कहा कि यह चिंताजनक है कि हृदय सम्बन्धी बीमारियां बूढ़ों में ही नहीं युवाओं में भी बढ़ रही हैं। इस वॉकाथॉन का मुख्य उद्देश्य दिल को स्वस्थ रखने के लिए शारीरिक व्यायाम, आहार और स्वस्थ जीवन शैली पर जागरूकता फैलाना है, ताकि निवासियों को हृदय रोगों का शिकार होने से बचाया जा सके। सुनील कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, साद मिया खान, डिप्टी कमिशनर ऑफ पुलिस, ने यथार्थ हॉस्पिटल की इस पहल की सराहना की।



■ यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने हृदय स्वास्थ्य जागरूकता टी-शर्ट का किया लॉन्च

### सार संक्षेप

#### घर में घुसकर मारपीट में 4 लोग हुए घायल

**रबूपुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत घर मे घुस कर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। घायलों को उपचार के लिए भेज पुलिस ने शिकायत पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अनुसार गांव भीकनपुर निवासी सचिन का आरोप है कि बुधवार को गांव के ही चार लोग ने लाठी डंडों से लैस होकर उसके घर में घुस आये और गाली गलौज करते हुए पीड़ित की मां, बहन, चाचा और भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गए। बताया जाता है मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घायलों को उपचार के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि शिकायत पर मामला दर्ज करके जाच शुरू कर दी गई है।

#### समस्याओं को लेकर महापंचायत का आयोजन

**रबूपुरा।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (कृषक शक्ति) ने रौनीजा अंडरपास पर किसान अधिकार महापंचायत का आयोजन किया। पंचायत को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर ने कहा कि क्षेत्रीय किसान यमुना विकास प्राधिकरण की गलत नीतियों के कारण परेशानियों से जूझ रहे है। क्षेत्र में पंचायत व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है जिसके चलते ग्रामीण लोग विकास के लिए तरस रहे हैं। खेल मैदान, पंचायत घर, बारात घर आदि की व्यवस्था नहीं की गई। 64, 7 प्रतिशत मुआवजा नहीं दिया जा रहा। यमुना प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाली जमीन का 33 साला नहीं दिया गया। किसान कोटे का प्लॉट अभी तक वितरण नहीं किया गया। सभी समस्याओं के समाधान को लेकर पंचायत का आयोजन करना पड़ा। पंचायत में पहुंचे यमुना विकास प्राधिकरण के ओ एस डी शैलेंद्र कुमार सिंह, जेवर उप जिला अधिकारी अभय कुमार सिंह, ए सी पी रुद्र प्रताप सिंह ने किसानों के बीच बैठकर एक घंटे तक वार्ता की। इस दौरान सभी किसानों ने सर्वसम्मति से सभी मांगों पर 15 दिन का समय प्राधिकरण को दिया।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी को किया स्वागत



**ग्रेटर नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी पिछला वर्ग मोर्चा द्वारा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी का बुधवार भव्य स्वागत महेश कमांडो जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा के आवास सी 123 सेक्टर ईटा वन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रणवीर सिंह भाटी पूर्व प्रधानाचार्य व मंच का संचालन जितेंद्र भाटी जिलाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा गौतम बुद्ध नगर ने किया। गजेंद्र मावी को उपस्थित सभी लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के काफी पदाधिकारी उपस्थित थे। स्वागत समारोह के दौरान पुनीत भाटी, विनोद प्रजापति, पंकज डागर, चमन भाटी, अरुण यादव, रुपसिंह भाटी, रवि जिन्दल, अजीत मुखिया, आनन्द भाटी, श्रीचन्द्र सैन, कुलदीप भाटी, कुलदीप नागर, विजय रावल, संजीव भाटी, मनोज प्रधान, रवीन्द्र प्रधान,संदीप कुमार चेनपाल प्रधान, बिजेंद्र बघेल, बिजेंद्र भाटी ब्लाक प्रमुख, राजेन्द्र मास्टर आदि लोग उपस्थित थे।

## पारवारिक जमीनी विवाद में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**जेवर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव दस्तमपुर में पारवारिक विवाद में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। 19 सितम्बर को जमीनी विवाद को लेकर पांच भाईयों के बीच लाठी डंडो आदि से मारपीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष के दो लोग तथा दूसरे पक्ष से 5 लोग घायल हुये थे। दो पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट व जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुये कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक पक्ष के 9 लोगों व दूसरे पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दस्तमपुर के रहने वाले वाले रामेश्वर के पांच पुत्र टेकचंद, नेता, धर्मदत्त, देवेन्द्र व प्रदीप हैं। रामेश्वर अपने दो पुत्रों प्रदीप व देवेन्द्र के साथ रहते हैं। रामेश्वर के पास 40 बीघा के करीब थी। जिसमे से रामेश्वर ने वर्ष 2018 में अपनी 10 बीघा जमीन को बेचकर प्रदीप व देवेन्द्र की रूपए देकर मदद की थी। अब रामेश्वर के पास मात्र 6 बीघा के करीब ही जमीन शेष बची थी। रामेश्वर के तीन टेकचंद, नेता व धर्मदत्त अपने पिता से 6 बीघा जमीन को अपने नाम कराना चाहते थे। जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। जिसमें एक पक्ष के रामेश्वर, प्रदीप, प्रेमलता पत्नि प्रदीप, देवेन्द्र व योगेश तथा दूसरे पक्ष के जितेन्द्र व ओमप्रकाश घायल हुये थे।

प्रदीप की शिकायत पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के जीतू, ओमप्रकाश, विक्की, कैलाश, टेकचंद, धर्मदत्त, पुष्पक, प्रिंस व दुष्यंत के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तथा दूसरे पक्ष के जितेन्द्र की शिकायत पर रामेश्वर, प्रदीप, विनीत व प्रेमलता पत्नि प्रदीप के खिलाफ गाली गलौज करते हुये जानलेवा हमला करना व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया था। कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह चौहान ने बताया कि मामले में हत्या की धारा बढ़ाई गई तथा आरोपित रामेश्वर व उसके पुत्र प्रदीप को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।



19 सितम्बर को पांच भाईयों के परिवारों के बीच हुआ था खूनी संघर्ष, दादा, चाचा, चाची व चचेरे भाई पर हत्या का आरोप

## खोदना खुर्द में चला ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बुलडोजर

**ग्रेटर नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को खोदना खुर्द में अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलाया। करीब 3 हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली कराया। कुछ लोग अवैध निर्माण कर इसे कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। खाली कराई गई जमीन कीमत करीब 6 करोड़ रुपये आंकी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल -2 के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि खोदना खुर्द के खसरा संख्या 371 व 372 की 3 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा था। कालोनाइजर यहां अवैध निर्माण कर रहे थे। प्राधिकरण के प्रबंधक रामकुमार व सहायक प्रबंधक राजेश निम के साथ सुरक्षा कर्मियों मदद से बुधवार को इन खसरा नंबरों की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को हटा दिया गया। करीब 3 हजार वर्ग मीटर जमीन खाली कराई गई, जिसकी कीमत करीब 6 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। इस कारवाई में 3 जेसीबी व 1 डंफर का इस्तेमाल किया गया। करीब दो घंटे तक कार्रवाई चली। प्राधिकरण अधिकारियों ने अधिसूचित अथवा अधिग्रहित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।



- 3 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अतिक्रमण को किया ध्वस्त
- जमीन की कीमत करीब 6 करोड़ रुपए होने का अनुमान

## जनवादी महिला समिति सम्मेलन में संवैधानिक अधिकारों की बात उठी

**ग्रेटर नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। किसान सभा के नेतृत्व में प्राधिकरण पर 123 दिन चले धरने में शामिल रही आंदोलनकारी महिलाओं ने बुधवार अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के नेतृत्व में जुनपत गांव में सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता अखिल भारतीय महिला समिति की राष्ट्रीय महासचिव मरियम धवले ने की। सम्मेलन को महिला समिति की नेता आशा शर्मा आशा यादव रेखा चौहान चंदा बेगम तिलक देवी गीता भाटी जोगेंद्री पूनम भाटी ने संबोधित किया। मरियम धवले ने कहा कि महिलाओं के संवैधानिक अधिकार आज भी अधूरे हैं, महिलाओं के बुनियादी अधिकारों के लिए महिला समिति काम करती है। महिलाओं ने किसान सभा के अंतर्गत संगठित होकर प्राधिकरण और सरकार को झुकाने का कार्य किया है, इसी तरह संगठित रहना है आशा शर्मा ने महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि 5 अक्टूबर को महिला अधिकारों के लिए जंतर मंतर पर आयोजित धरना प्रदर्शन में सैकड़ो की संख्या में पहुंचना है। किसान सभा के प्रवक्ता डॉक्टर रुपेश वर्मा ने कहा कि किसान सभा की आंदोलन की सफलता का श्रेय आप महिलाओं को जाता है किसान सभा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर किसान सभा का सम्मेलन कर रही है जिसमें महिलाओं को भी बड़ी संख्या में शामिल होना है। जुनपत गांव में धर्मेंद्र वकील की बैठक पर आयोजन को सफल बनाने में अजब सिंह नेता, श्याम सिंह प्रधान, धर्मेंद्र एडवोकेट, मोहित भाटी ने सभी प्रबंध किए सुरेंद्र भाटी, नरेश नागर, यतेंद्र मैनेजर, संदीप भाटी, शिशांत भाटी, गवरी मुखिया, सुरेश यादव वीर सिंह आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।



जुनपत गांव में जनवादी महिला समिति के सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने लिया हिस्सा

## ग्रेनो प्राधिकरण के दो सेनेटरी इंस्पेक्टर की सेवाएं समाप्त

**ग्रेटर नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। काम में लापरवाही बरतने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दो सेनेटरी इंस्पेक्टर की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। बार-बार चेतावनी देने के बावजूद सुधार नहीं हुआ तो यह कार्रवाई की गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग में भारत भूषण एवं संजीव कुमार सेनेटरी इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। दोनों इंस्पेक्टर आउटसोर्सिंग पर रखे गए थे। दोनों इंस्पेक्टर के कार्य क्षेत्र में साफ सफाई ठीक प्रकार से नहीं हो रही थी। इसकी शिकायत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास भी कई बार आई। वरिष्ठ प्रबंधक स्वास्थ्य उत्सव कुमार निरंजन ने बताया कि दोनों सेनेटरी इंस्पेक्टर को बार-बार चेतावनी दी गई, लेकिन उनके काम में सुधार नहीं आया। इसके चलते दोनों को कार्य मुक्त कर दिया गया है। आउटसोर्सिंग पर मानव श्रम उपलब्ध कराने वाली एजेंसी से दो नए कार्मिकों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

काम में लापरवाही बरतने पर ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ ने उठाया कड़ा

## ईद-ए-मिलाद पर विशेष प्रार्थना सभा में बच्चों ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। जी डी गोयंका पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा में विद्यार्थियों द्वारा मुस्लिम धर्म का त्यौहार ईद-ए -मिलाद की विशेष सभा का संचालन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता से भाग लिया। सभा का शुभारंभ प्रार्थना के साथ किया गया तत्पश्चात त्यौहार की विशेषताएं बताते हुए विभिन्न जानकारियां सांझा की गयी। बच्चों ने एक कव्वाली का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसने सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की एच एम सुहानी दौर ने बच्चों की प्रशंसा की तथा सभी को ईद -ए -मिलाद की मुबारकबाद देते हुए सभी धर्मो का समान रूप से सम्मान तथा आदर करने की प्रेरणा दी।



## जीबीयू के विद्यार्थियों ने भारत मंडपम का किया भ्रमण

**ग्रेटर नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में नए जोश और नए उत्साह के साथ समर्थ भारत एवं भारत के थीम पर लोक उद्यम विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा के विद्यार्थियों ने भ्रमण किया। भारत सरकार द्वारा आयोजित कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जनसंपर्क पर केंद्रित नवरत्ना, महारत्ना कंपनियों के कार्यशैली में प्रमुख रूप से भागीदारी किया। मौका था भारत के विकास में योगदान देने वाले भारत पैट्रोलियम, ओएनजीसी, नालको, सेल, गेल, भेल, भारतीय रेल आदि औद्योगिक प्रतिष्ठानों के जनसंपर्क प्रक्रिया को सामने से देखने का अनुभव प्राप्त करने का, जनसंपर्क के विशेषज्ञों ने जनसंपर्क के विभिन्न पहलुओं से छात्रों को अवगत कराया। साथ ही छात्रों ने जनसंपर्क अभियान के रणनीतियों के बारीकियां को जुनून से सीखने का प्रयास किया। सरकार के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के द्वारा जनकल्याण हेतु संचालित शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक विकास, सामाजिक न्याय, भोजन, रोजगार आदि के कार्यविधियों को नजदीक से देखा और समझा।



## जीआईएमएस के छात्र दुबई में सर्टिफिकेशन कोर्स के लिए पहुंचे

**ग्रेटर नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान में चल रहे इंटरनेशनल एक्सचेंज प्रोग्राम आईआईपी- 23 के अंतर्गत दुबई गए हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए डे मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी दुबई में सर्टिफिकेशन कोर्स का शुभारंभ किया गया। आईआईपी 2023 दुबई के पांच दिवसीय इस एक्सचेंज श्रृंखला के प्रथम दिवस में संस्था के सदस्यों ने सर्वप्रथम दुबई शहर, शारजाह एवं दुबई के कई अन्य अतुलनीय वास्तुकला का भ्रमण किया। इन दौरान सदस्यों ने दुबई के सबसे पुरानी बाजार 'मीना बाजार' का भ्रमण किया और यह जानने की कोशिश की की भारतीय बाजार एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बाजार में ग्राहकों की मानसिकता एवं व्यापारियों के मानसिकता एक व्यापार के परिवेश में क्या रहती है एवं उनमें क्या समानता और विभिन्नताएं उपलब्ध हैं उनका ध्यानपूर्वक अध्ययन किया। संस्थान के निदेशक डॉक्टर भूपेंद्र कुमार सोम ने छात्रों से उत्सुकता और कौतूहल होने के अन्य फायदों का छात्रों के समक्ष रखा, उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्रों से यह भी कहा कि उत्सुकता ही अक्षर नवीनता को जब जन्म देती है जिससे संसार में नए प्रयास क्रियान्वित किए जाते हैं।




पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida



### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड सं0-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-04, ग्रेटर नोएडा सिटी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण आवासीय भूखण्ड योजना BHS06 में Dr. P. Madhusoodnan Pillai S/o Late D.P. Pillai के पक्ष में आवंटन संख्या BHS0674346, भूखण्ड संख्या B-166, क्षेत्रफल-250 वर्गमीटर, सैक्टर-ओमिक्रॉन-02 अतरित है। अंतरिकी Dr. P. Madhusoodnan Pillai की मृत्यु दिनांक 29.04.2021 को होने के उपरान्त Smt. Jayasree V.R. W/o Late Dr. P. Madhusoodnan Pillai ने उक्त भूखण्ड/भवन को अपने नाम नामान्तरण करने हेतु प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। इस नामांतरण के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Dr. P. Madhusoodnan Pillai के स्थान पर उनकी पत्नी Smt. Jayasree V.R. W/o Late Dr. P. Madhusoodnan Pillai के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेषकार्याधिकारी, सम्प0
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम भट्टा में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 886/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 17.04.2023 मृतक स्व0 श्रीमती जगवीरी पत्नी स्व0 श्री भजना नि0 ग्राम पारसौल परगना व तहसील जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 20.03.2020 को हो चुकी है तथा श्री भजना पुत्र श्री गोपाल की मृत्यु लगभग 20 वर्ष पूर्व हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज कर दिया जायेगा।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भट्टा | 722 | स्व0 श्रीमती जगवीरी पत्नी स्व0 श्री भजना नि0 ग्राम परसौल | श्री सुरेन्द्र सिंह | पुत्र | 54 वर्ष | |
| | | | श्री वेदपाल सिंह | पुत्र | 44 वर्ष | |
| | | | श्रीमती रामेश्वरी | पुत्री | 70 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती मुकेश देवी | पुत्री | 53 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



### त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2023

त्यौहारों के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा त्यौहार विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी :-

04049/04050 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस — 26 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04049 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04049 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04050 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04050 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:30 | नई दिल्ली | 06:25 | ---- |
| 11:25 | ---- | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | ---- | 18:30 |

**चलने के दिन : 04049 नई दिल्ली** से प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार को दिनांक 16.10.2023 से 30.11.2023 तक एवं **04050 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा** से प्रत्येक मंगलवार एवं रविवार को दिनांक 17.10.2023 से 01.12.2023 तक।
**ठहरावः** सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जंक्शन, अंबाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और उधमपुर स्टेशन।
**स्थानः** 2 टीयर वाता. सह 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य (आरक्षित)।

04080/04079 नई दिल्ली – वाराणसी जं. – नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04080 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04080 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04079 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04079 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 19:20 | नई दिल्ली | 09:00 | ---- |
| 09:45 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 18:35 |

**चलने के दिन : 04080 नई दिल्ली** से प्रत्येक सोमवार, बृहस्पतिवार एवं शनिवार को दिनांक 06.11.2023 से 30.11.2023 तक एवं **04079 वाराणसी जं.** से प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 07.11.2023 से 01.12.2023 तक।
**ठहरावः** गाजियाबाद, मुरादाबाद, आलमनगर, लखनऊ और प्रतापगढ़ स्टेशन।
**स्थानः** 2 टीयर वाता. सह 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य (आरक्षित)।

01654/01653 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा – वाराणसी जं. – श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा त्यौहार सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 01654 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 01654 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 01653 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 01653 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:20 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:20 | ---- |
| 23:55 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 06:20 |

**चलने के दिन : 01654 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 22.10.2023 से 26.11.2023 तक एवं **01653 वाराणसी जं.** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 24.10.2023 से 28.11.2023 तक।
**ठहरावः** उधमपुर, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ और सुल्तानपुर स्टेशन।
**स्थानः** 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता. एवं 3 टीयर वाता. इकोनॉमी क्लास।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20 | उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 28 सितम्बर 2023

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

# सांसदी से विधायकी की भाजपायी उलटबांसी

भारतीय जनता पार्टी प्रयोगों के नये दौर से गुजर रही है। दुनिया में नेतृत्व व जनप्रतिनिधित्व का विकास नीचे से ऊपर तरफ होता है। कतिपय अपवादों को छोड़कर अपने कार्यकर्ताओं को ग्राम पंचायत या पार्षद स्तर से विधायकी और फिर वहां से सासंदी का रास्ता दिखलाया जाता है लेकिन भाजपा में उल्टी धारा बह रही है। इसी नवम्बर में जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं उनमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ भी हैं। दोनों राज्यों के अब तक जितने उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है उनमें अनेक ऐसे हैं जो साफ तौर पर भाजपायी प्रयोग के गिनीपिग बनाये जा रहे हैं। ये सांसद हैं लेकिन उन्हें विभिन्न विधानसभाई सीटों पर लड़ाया जा रहा है। कुछ तो मंत्री भी हैं। संसद सदस्यों को राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये उतारना साबित करता है कि भाजपा के पास मुद्दों के साथ-साथ चेहरों की भी कमी है। हालांकि कई राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इसके पीछे पार्टी के सर्वेसर्वा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके प्रमुख सहयोगी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुनियोजित चाल हो सकती है। देखना होगा कि यह कदम आत्मघाती साबित होता है या सफलता दिलाएगा।

छत्तीसगढ़ की पहले बात कर लें! यहां भाजपा बेहद कमजोर स्थिति में है जहां 90 सीटों वाले सदन में उसके केवल 14 सदस्य हैं। यहां जिन प्रत्याशियों के नामों का ऐलान हो गया है, उनमें दुर्ग से लोकसभा में पहुंचे विजय बघेल को उनके चाचा व प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन क्षेत्र से उतारा गया है। यह सीट दुर्ग की 8 विधानसभा सीटों में से एक है। राज्यसभा के सदस्य रामविचार नेताम सरगुजा क्षेत्र की रामानुजगंज सीट से चुनाव लड़ेंगे। रायपुर (शहर) सीट पर वर्तमान विधायक श्रीचंद सुंदरानी के साथ ही राजधानी के पूर्व महापौर सुनील सोनी का नाम सबसे आगे चल रहा है जो इस वक्त रायपुर के सांसद हैं। बिलासपुर सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले अरूण साव भाजपा के अध्यक्ष हैं जिनके बारे में कहा जा रहा है कि उन्हें बिलासपुर विधानसभा सीट से लड़ाया जा सकता है ताकि जीत की स्थिति में (जो वर्तमान परिदृश्य में दूर की कौड़ी है) उनका ओबीसी चेहरा काम आ सके और भूपेश बघेल का यह चुनाव प्रचार के दौरान जवाबी नाम भी हो। छत्तीसगढ़ की पिछले मुख्यमंत्रियों के समय से यह परम्परा बनी है कि जो पार्टी अध्यक्ष बहुमत दिला सके वही सीएम बन सकता है। 2003 में डॉ. रमन सिंह को सीएम पद इसलिये मिला था क्योंकि उन्हीं के नेतृत्व में भाजपा जीती थी। ऐसे ही, भूपेश बघेल की अध्यक्षता में कांग्रेस जीती जिसके बाद उनकी इस पद की दावेदारी पर पार्टी हाईकमान की मुहर लगी थी। देखना होगा कि अरूण साव को टिकट थमाई जाती है या नहीं और अगर ऐसा होता है तो क्या साव इस मौके को अपने लिये भुना पायेंगे? छत्तीसगढ़ की केन्द्रीय मंत्रिमंडल में एकमात्र प्रतिनिधि सरगुजा लोकसभा क्षेत्र की सांसद रेणुका सिंह हैं। क्या उन्हें भी छग में किसी सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये कहा जायेगा? अब तक इसका खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि अभी काफी सीटों पर नाम घोषित होने बकाया हैं।

खैर, मध्यप्रदेश का मसला और भी दिलचस्प है। पेचीदा भी। छग में तो भाजपा के पास खोने के लिये कुछ नहीं है परन्तु मप्र में तो पूरी सरकार ही उसकी झोली से सरक सकती है। वैसे भी पिछली बार कांग्रेस की ही सरकार बनी थी। कमलनाथ के नेतृत्व में वह डेढ़ साल चली भी परन्तु ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगुवाई में दर्जन भर से ज्यादा विधायकों को तोड़कर अपने पक्ष में लेते हुए शिवराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी थी। इस लिहाज से यह पराजित पार्टी की सरकार है। इस बीच सरकार के खिलाफ जन आक्रोश तगड़ा है। वहां तीन तरह की भाजपा बतलाई जाती है- शिवराज की, महाराज की (सिंधिया) और नाराज की (असंतुष्टों की)। यहां पीएम व शाह के लगातार दौरे हो रहे हैं लेकिन हालत सुधरने के नाम नहीं ले रहे हैं। उल्टे, कांग्रेस सतत मजबूत हो रही है। ज्योतिरादित्य के निकटस्थ कई लोग कांग्रेस में लौट चुके हैं। पिछले हफ्ते मोदी जब आये तो उन्होंने मंच पर शिवराज से जो व्यवहार किया तथा सम्बोधन के दौरान उनका नाम तक नहीं लिया, उससे कुछ साफ संकेत मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि चौहान साहब अब मोदी के विश्वासपात्र नहीं रहे। उन्हें निपटाने के लिये ही मोदी-शाह ने तीन केन्द्रीय मंत्रियों- प्रह्लाद पटेल, नरेन्द्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते समेत 7 सांसदों को विधानसभा सीटों की टिकटें थमाकर राज्य में भेज दिया है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित, जो कभी खुद ही प्रत्याशी तय करते थे, अब इंदौर-1 से चुनाव लड़ेंगे। कहा जाता है कि मप्र भाजपा के सामने मुद्दों के साथ चेहरों के भारी अभाव के ही चलते भाजपा ने इतने सांसदों को उतारा है। अब भाजपा को बहुमत मिलता है तो मुख्यमंत्री पद के लिये और हारती है तो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिये बड़ों के बीच घमासान तय है। मजेदार बात यह है कि अब तक खुद शिवराज सिंह चौहान की उम्मीदवारी का अता-पता नहीं है। अगर वे चुनावी मैदान में नहीं उतारे जाते तो किसके चेहरे पर पार्टी चुनाव लड़ेगी, यह सवाल भी बड़ा है। स्थानीय चेहरे के अभाव में यह चुनाव अपने आप मोदी की छवि और उन्हीं के चेहरे पर लड़ा जायेगा। पराजय सामने दिख रही है, तो ऐसे में क्या मोदी अपना नाम राज्य इकाई को उधार देंगे? रणनीति की यह उलटबांसी भाजपा के लिये वरदान बनती है या कयामत- देखना दिलचस्प होगा।

# सरकार की अंतरात्मा कहां है?

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

कुछ दिनों पहले की घटना है। उत्तरप्रदेश में एक स्कूल में शिक्षिका ने एक मुस्लिम बच्चे को कथित तौर पर उसके ही सहपाठियों से थप्पड़ लगवाए थे। बच्चे एक-एक करके आ रहे थे और उस रोते हुए बच्चे को थप्पड़ मार कर जा रहे थे। इस घटना का वीडियो भी बनाया गया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक धक्का और तर्ज की पर उस शिक्षिका को वीडियो में ये कहते हुए सुना गया कि थोड़ा और जोर से मारो। इस मामले ने बड़ा विवाद खड़ा किया। शिक्षिका ने अपनी सफाई दी, वहीं ये भी पता चला कि बच्चे के पिता ने अपने बच्चे को उस स्कूल से निकाल लेने का फैसला किया, कुछ किसान नेताओं ने पिटने वाले और पीटने वाले बच्चों को आपस में गले मिलवाकर मामले को खत्म करवाने की कोशिश भी की। इस बीच वो मासूम किस मानसिक पीड़ा से गुजर रहा होगा, इसकी परवाह व्यापक समाज करे, इतनी फुर्सत शायद नहीं है। क्योंकि समाज तो सरकार के रचे नित नए मायाजाल में ही फंसता जा रहा है। नए संसद भवन में प्रवेश, सत्ता का राजदंड सोने का भारी-भरकम सेंगोल, आसमान छूती मूर्तियों का अनावरण, आडंबर से भरे पूजा-पाठ, ट्रेनों, बसों को हरी झंडी दिखाना, चुनाव को ध्यान में रखते हुए नए-नए विधेयक पारित करवाना, जी-20 की तड़क-भड़क, ऐसे कई किस्म के जगर-मगर करते इवेंट भाजपा सरकार में किए जा रहे हैं और इनकी चकाचौंध के बीच समाज में कालिमा बढ़ाने वाली घटनाएं हो रही हैं। उप्र में स्कूल में बच्चे को उसके ही सहपाठियों से पिटवाना ऐसी ही एक घटना थी। इस मामले को रफा-दफा करने की तमाम कोशिशों के बीच इसे सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचाया गया, जहां न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने सुनवाई के दौरान जांच के तरीकों और दर्ज एफआईआर में पिता के लगाए आरोप हटाने को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस को फटकार लगाई है। पीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है। जिस तरह की यह घटना हुई है उससे राज्य की अंतरात्मा को झकझोर देना चाहिए।

अदालत ने राज्य की अंतरात्मा और संवेदनशीलता का जिक्र तो किया है, लेकिन सवाल यही है कि क्या इस वक्त भाजपा सरकार में अंतरात्मा की आवाज सुनी जाती है या किन्हीं और ही आवाजों के निर्देश पर काम हो रहा है। अंतरात्मा जैसी कोई चीज सरकार में है नहीं या फिर राहुल गांधी की बात ही सही है कि ये सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है। राजा की जान तोते में बसी होने की कहानी समाज ने सुनी है, वैसे ही सरकार के प्राण आखिर किस रिमोट कंट्रोल में है और वो रिमोट कंट्रोल किसके पिंजरे में है, ये भी तो जनता को पता होना चाहिए। सरकार के पास अंतरात्मा होती तो अब तक न जाने कितनी बार हिल चुकी होती। अभी तो जैसा हाल देश का है, उसमें यही समझ आ रहा है कि अंतरात्मा को या तो पूरी तरह कुचल दिया गया है, या उसे किसी तहखाने में दबा दिया गया है। भाजपा सरकार अगर अंतरात्मा की आवाज सुनने लगे तो उन आवाजों का शोर इतना अधिक होगा कि सरकार का चैन उड़ जाएगा। अंतरात्मा की आवाज सुनने का मतलब

अदालत ने राज्य की अंतरात्मा और संवेदनशीलता का जिक्र तो किया है, लेकिन सवाल यही है कि क्या इस वक्त भाजपा सरकार में अंतरात्मा की आवाज सुनी जाती है या किन्हीं और ही आवाजों के निर्देश पर काम हो रहा है। अंतरात्मा जैसी कोई चीज सरकार में है नहीं या फिर राहुल गांधी की बात ही सही है कि ये सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है।

सच और इंसाफ की राह पर निकल पड़ना है, जाहिर है सरकार इस वक्त इसके लिए तैयार नहीं है।

जिस उत्तरप्रदेश के मामले में अदालत ने यह सख्त टिप्पणी की, उसी राज्य में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने लव जिहाद, धर्मांतरण और इसके साथ लैंड जिहाद का मुद्दा छेड़ दिया है। लव जिहाद और धर्मांतरण की बात तो देश बहुत समय से सुनता आया है, अब इसमें लैंड जिहाद भी जोड़ा गया है, इसमें मुस्लिमों पर आरोप लगाया जाता है कि मजार, मस्जिदें बनाने के नाम पर मुस्लिम जमीनों पर कब्जे करते जा रहे हैं। देश में किसी भी पीपल, नीम, इमली, बरगद या आंवले के पेड़ के नीचे या बीच चौराहे पर किसी पत्थर पर केसरिया रंग पोतकर उसे सिद्धि वाले मंदिर कितने बनाए गए हैं, इसकी कोई गिनती नहीं है। नवरात्रि और गणेश चतुर्थी जैसे मौकों पर सड़कें घेर कर धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं, लोगों की आवाजाही, कामकाज, पढ़ाई, कारोबार सब बाधित होते हैं, तब कोई तकलीफ नहीं होती, तब किसी को लैंड या सैंड या ट्री जिहाद दिखाई नहीं दिया। मगर अब मुस्लिमों को निशाने पर लेने के लिए ये नए किस्म का जिहाद गढ़ दिया गया है। संघ प्रमुख ने अपने लोगों से कहा कि इसको रोकने के लिए तेजी से और आक्रामक ढंग से अभियान चलाने की ज़रूरत है।

भाजपा ने अपने शासन की मजबूती दिखाने के लिए कानून व्यवस्था से अधिक बुलडोजर के इस्तेमाल पर भरोसा किया, इससे पहले डबल इंजन सरकार का मुहावरा चलाया गया और अब संघ प्रमुख आक्रामक अभियानों की बात कह रहे हैं। क्या भाजपा इस बात का जवाब दे पाएगी कि यहां किस किस्म की आक्रामकता की वकालत की जा रही है। अखलाक और नासिर-जुनैद जैसे लोगों को मारने जैसी आक्रामकता, मुस्लिम बच्चे को पिटवाने और नूंह में दंगे करवाने जैसी आक्रामकता, ट्रेन में कपड़ों से पहचान कर मारने जैसी या फिर संसद में गालियां देकर शाब्दिक हिंसा करने जैसी आक्रामकता। संघ की निगाह में ये सारे प्रकरण पिछले साढ़े 9 सालों के मोदी राज की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में शुमार हो सकते हैं। इन्हीं से हिंदुओं को ये समझ आया है कि अब उनका हिंदुत्व सुरक्षित है। क्योंकि जिस हिंदुत्व की पैरवी संघ करता आया है, और जो भाजपा की सत्ता का मूल मंत्र है, उसमें ऐसी ही आक्रामकता ऑक्सीजन का काम करती रही है। जब तक ऐसी आक्रामकता नहीं थी और देश में सब कुछ संविधान के हिसाब से चल रहा था। मंदिर-मस्जिद के झगड़ों के बीच भी समाज में जिहाद जैसे शब्दों के लिए ज्यादा जगह नहीं बनी थी। लोग ईद, दीवाली जैसे त्योहार बिना आक्रामक हुए मनाते थे। त्योहारों में खुशियां आती थीं, तनाव नहीं होते थे। धार्मिक काम सद्भाव की छांव में हो जाते थे, पुलिस के पहरों में नहीं। और खास बात ये है कि तब समाज में हिंदुओं के एक बड़े तबके के सामने यह सवाल खड़ा ही नहीं हुआ था कि उसका धर्म सुरक्षित है या नहीं। लेकिन भाजपा ने धर्म की असुरक्षा का एक भाव बड़ी चालाकी से लोगों के मन में भर दिया। इससे धर्म सुरक्षित हुआ या अधर्म बढ़ा, इसका विश्लेषण लोग अपने विवेक से कर लें, लेकिन इतना तय है कि धर्म को असुरक्षित बताकर भाजपा ने अपनी सत्ता की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली। और भाजपा की सत्ता को संरक्षित करने का काम कुछेक उद्योगपतियों ने कर लिया। राहुल गांधी इन्हीं के हाथों में सत्ता का रिमोट कंट्रोल होने की बात कहते हैं। इसलिए माननीय अदालत की टिप्पणी का पूरा सम्मान करते हुए यह तथ्य रेखांकित किया जाना चाहिए कि भाजपा में आत्मा, परमात्मा, अंतरात्मा जैसी कोई अवधारणाएं काम नहीं कर रही हैं। अगर ज़मीर जिंदा होता तो फिर नकली आंसू निकालने के लिए नकली बहाने गढ़ने की जरूरत नहीं पड़ती। तब मणिपुर में महीनों से चल रही हिंसा को सरकार देख कर भी चुप नहीं बैठती। मित्रो के हवाईजहाज में इतना ईंधन तो आ ही जाता, जो सरकार बहादुर को मणिपुर तक ले जाता। या कि संसद में गालियां देने वाले रमेश बिधूड़ी के खिलाफ लोकतंत्र की मानहानि का मुकदमा दर्ज करा दिया जाता और उतनी ही तेजी से उन्हें संसद से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता, जिस तेजी से राहुल गांधी को संसद से निकाला गया था। ज़मीर जिंदा होता तो सरकार के कामों के बूते भाजपा चुनावी मैदान में उतरती, और विपक्ष का सम्मान करते हुए चुनाव लड़ती।

लेकिन अभी श्री मोदी इंडिया गठबंधन को घमंडिया के अलावा और कौन से नए नाम देकर उसे कमतर साबित करें, कैसे गांधी-नेहरू परिवार की आलोचना करें, कैसे खुद ग्यारहवें अवतार के तौर पर साबित करें, इन्हीं प्रयासों में जुटे नजर आ रहे हैं। इन कोशिशों के बीच अंतरात्मा के सवाल पर सोचने का अवकाश उनके या भाजपा के नेताओं के पास कहां हैं। अंतरात्मा को जिंदा रखा जाता तो देश के हाल देखकर उसमें हलचल होती, अन्याय और उत्पीड़न देकर वह हिल जाती, लेकिन अभी अंतरात्मा और आक्रामकता के बीच भाजपा दूसरे पक्ष को चुनती दिखाई दे रही है।

# भाजपा ने खुली रखी है मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री की कुर्सी की दावेदारी

एक आश्चर्यजनक और नाटकीय कदम में, भाजपा ने तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सांसदों को राज्य में स्थानांतरित कर दिया, और उन्हें आगामी चुनावों में मध्यप्रदेश में विधानसभा के लिए लड़ने के लिए कहा। पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस कदम के दोहरे उद्देश्य हैं। पार्टी को लगता है कि इस बार उसकी स्थिति डांवाडोल है और इसलिए वह ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारना चाहती है जिनकी जीत सौ फीसदी तय मानी जाये। दूसरे, अगर मुख्यमंत्री बदलना हो तो इस पद के लिए अनुभवी नेता उपलब्ध हों। गौरतलब है कि यह नाटकीय बदलाव तब किया गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियों को संबोधित करने के बाद भोपाल से रवाना हुए।

सांसदों के अलावा, एक और आश्चर्यजनक समावेशन कैलाश विजयवर्गीय का है। वह पार्टी के महासचिव का कार्यभार संभाल रहे हैं। इससे पहले वह राज्य विधानमंडल के सदस्य थे। 2018 के विधानसभा चुनाव में उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दिया गया था। भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों की दूसरी सूची में सात सांसद शामिल हैं। पहली और दूसरी दोनों सूचियों में 39-39 उम्मीदवार, कुल 78 उम्मीदवार शामिल हैं।



एल एस हरदेनिया

यह सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं का दावा करने वाली पार्टी की अंदरूनी हार पर पक्की मुहर है। यह सांसदों के विकास के 'खोखले दावों' की पोल खोलता है। उन्होंने कहा, 'भाजपा को यह अहसास होना चाहिए कि लोग सब कुछ जानते हैं, जनता उनसे 18 साल के कुशासन का हिसाब लेगी।' चुनावी राज्य मध्यप्रदेश के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सबसे तीखा हमला बोला।

सूची में तीन केंद्रीय मंत्री - नरेंद्र सिंह तोमर (कृषि), जो भाजपा राज्य चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं, प्रह्लाद सिंह पटेल (खाद्य प्रसंस्करण और जलशक्ति मंत्रालय में राज्यमंत्री) और फग्गन सिंह कुलस्ते (इस्पात और ग्रामीण विकास में राज्यमंत्री) हैं। चार लोकसभा सांसद - पूर्व राज्य भाजपा प्रमुख राकेश सिंह, गणेश सिंह, रीति पाठक और उदय प्रताप सिंह भी नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

इस सूची में कम से कम चार नाम शामिल हैं, जिन्हें कभी न कभी संभावित मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में देखा गया है। यदि भाजपा जीतती है, तो शीर्ष पद के लिए कई दावेदार होने की संभावना है। 2000 के बाद से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ही भाजपा सरकार और संगठन का एकमात्र चेहरा रहे हैं।

तोमर को मुरैना की दिमनी विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। वह दो बार राज्य भाजपा प्रमुख रहे और तीन बार ग्वालियर और मुरैना लोकसभा सीटों से सांसद रहे। तोमर 2014 से नरेंद्र मोदी सरकार के दिग्गजों में से एक हैं, जिनके पास ग्रामीण विकास और पंचायती राज, खान, इस्पात, आवास और शहरी मामले, कृषि और किसान कल्याण जैसे प्रमुख विभाग हैं। वह 2003 से 2008 तक राज्य में कैबिनेट मंत्री रहे।

प्रह्लाद सिंह पटेल, जो दमोह से सांसद हैं, नरसिंगपुर विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में उनके भाई और दो बार के विधायक जालिम सिंह पटेल कर रहे हैं। प्रह्लाद बालाघाट और दमोह से पांच बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में उन्हें छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के खिलाफ मैदान में उतारा गया था, जिसमें वह 63,708 वोटों से हार गये। मंडला से छह बार सांसद रहे कुलस्ते को निवास आदिवासी आरक्षित सीट से मैदान में उतारा गया है। उन्हें मध्यप्रदेश में बीजेपी का सबसे प्रमुख आदिवासी चेहरा माना जाता है।

भाजपा की दूसरी सूची पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा- यह तथ्य कि उन्होंने लोकसभा से अपने दिग्गजों को चुना है, यह दर्शाता है कि उन्होंने पहले ही हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने ट्वीट किया, 'मध्यप्रदेश में हार स्वीकार कर चुकी भाजपा ने आज उम्मीद का आखिरी झूठा दांव खेला है। भाजपा उम्मीदवारों की सूची भाजपा सरकार के 18.5 साल और शिवराज शासन के 15 साल से अधिक के विकास के दावों को खारिज करती है।'

यह सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं का दावा करने वाली पार्टी की अंदरूनी हार पर पक्की मुहर है। यह सांसदों के विकास के 'खोखले दावों' की पोल खोलता है। उन्होंने कहा, 'भाजपा को यह अहसास होना चाहिए कि लोग सब कुछ जानते हैं, जनता उनसे 18 साल के कुशासन का हिसाब लेगी।'

चुनावी राज्य मध्यप्रदेश के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सबसे तीखा हमला बोला। पार्टी कार्यकर्ताओं की एक विशाल बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की तुलना जंग लगे लोहे से की और कहा कि अगर वह विधानसभा चुनाव जीतती है तो वह मध्यप्रदेश को फिर से 'बीमारू' राज्य की श्रेणी (बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, और उत्तरप्रदेश) में ले जायेगी। कांग्रेस ने नारों से लेकर नीतियों तक, शहरी नक्सलियों तक सब कुछ आउटसोर्स कर दिया है, उन्होंने कहा।

छह महीने में मध्यप्रदेश के अपने सातवें दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, कांग्रेस ने भारत के 'लोकतंत्र' को वंशवाद शासन में बदल दिया है। उन्होंने मतदाताओं से विकास को चुनने का आग्रह किया और कहा, 'जहां भी कांग्रेस गई है, उसने उस राज्य को नष्ट कर दिया है'।

भाजपा के पितामह पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित भाजपा रैली ने अपनी जन आशीर्वाद यात्रा के समापन का प्रतीक बनाया, जिसने राज्य के 230 विधानसभा क्षेत्रों में से 210 से होते हुए गुजरा।

विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक को 'घमंडिया गठबंधन' कहते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने महिला आरक्षण विधेयक का 'झिझक' के साथ समर्थन किया क्योंकि उनके पास कोई रास्ता नहीं था। 'उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वे नारी शक्ति की शक्ति को समझती थीं। पिछले नौ वर्षों में महिलाएं सशक्त हुई हैं और इन दलों में महिला आरक्षण बिल का विरोध करने की हिम्मत नहीं थी। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मोदी का मतलब है गारंटी को पूरा करने की गारंटी' इसलिए बिल पास हुआ।'

उन्होंने केंद्र में सत्ता में रहते हुए इस विधेयक को पारित नहीं होने देने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि अगर 'मौका दिया गया' तो विपक्षी गठबंधन आसानी से इससे पीछे हट सकता है।

## पावन प्रसंग

# तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने की आवश्यकता

व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहे तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अत: स्वस्थ रहें और यह समझ लें कि स्वास्थ्य ही जीवन का सबसे बड़ा धन है।

मनुष्य यदि स्वस्थ नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और न ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। तन के स्वस्थ रखने के साथ मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता है। इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में प्रचार प्रसार कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का निश्चय लेकर आगे बढ़ना होगा। फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा। शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।

स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वत: दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाले खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि बीमारियों से बचा जा सकता है। हिंदुस्तान में हृदय रोग, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अत: जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने फिट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

# बदल रहा है पीर पंजाल में पर्यटन का दौर

जब भी प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन की बात आती है तो लोगों के दिल और दिमाग में एकमात्र नाम कश्मीर की वादियों का आता है. इसमें कोई दो राय नहीं है कि कश्मीर को कुदरत ने अपने हाथों से संवारा है। लेकिन बहुत कम लोगों को मालूम है कि जम्मू के पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिलों से लगे पीर पंजाल के खूबसूरत पहाड़ और इन पहाड़ों से गुजरने वाले ऐतिहासिक मुगल राजमार्ग भी किसी सुंदरता से कम नहीं है. स्थानीय स्तर पर इसे मिनी कश्मीर भी कहा जाता है। लेकिन इसके बावजूद इसे कभी भी वह दर्जा हासिल नहीं हुआ जो कश्मीर की वादियों को मिलता रहा है।

लेकिन 'सबका साथ, सबका विकास' के नारों ने अब समूचे परिदृश्य को बदलना शुरू कर दिया है। पिछले कई वर्षों से पर्यटन मानचित्र से गायब पीर पंजाल का क्षेत्र वर्तमान में पर्यटन विकास की राह पर चल पड़ा है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर में संपन्न हुए जी 20 पर्यटन समूह की सफल बैठक के बाद पूरी दुनिया की निगाहें इस जन्नत-ए-बेनजीर की ओर बढ़ने लगी हैं, वहीं पीर पंजाल और चिनाब क्षेत्र में भी पर्यटकों का आगमन शुरू हो गया है। जिसका ताजा उदाहरण हाल के दिनों का है, जब पुंछ के जिला विकास आयुक्त ने पीर पंजाल क्षेत्र में ट्रैकिंग के नए क्षेत्रों और पर्यटक स्थलों की खोज के लिए इंडिया हाइक्स (ट्रैकर्स) की एक टीम भेजी है। वहीं इससे पहले स्थानीय युवाओं के एक ट्रैकिंग ग्रुप ने न केवल पीर पंजाल की ऊंची चोटियों का भ्रमण किया, बल्कि कुछ नए पर्यटक स्थलों की भी खोज की, जिससे पर्यटन की असीम संभावनाएं बढ़ गई हैं. इसके अलावा जम्मू के पुंछ और राजौरी जिलों में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं जो सराहनीय हैं।

पीर पंजाल में कितने पर्यटक स्थल हैं या उनका इतिहास क्या है? इसकी सूची बनाने के लिए एक लंबे लेख की आवश्यकता होगी। मगर जम्मू-कश्मीर में जी 20 शिखर सम्मेलन ने इस पीर पंजाल क्षेत्र के लिए पर्यटन के कई सारे द्वार खोल दिए हैं। इस दिशा में जहां केंद्र सरकार की कई सारी नीतियां कारगर साबित हो रही हैं, वहीं इस केंद्रशासित प्रदेश के मुखिया एलजी मनोज सिन्हा की भूमिका भी सराहनीय है जो स्वयं इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने में विशेष रुचि ले रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में पुंछ के जिला विकास आयुक्त यासीन मुहम्मद चौधरी और पुंछ विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. मुहम्मद तनवीर भी सम्मान और बधाई के पात्र हैं। जिनकी देखरेख में न केवल पूरे जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, बल्कि पुंछ जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील मंडी के पांच गांवों को पर्यटन गांव भी घोषित किया गया है। इसके अलावा पुंछ जिले की प्रसिद्ध नदी सुरन नदी में पहली बार राफ्टिंग की पहल, जाभी में लोक उत्सव का आयोजन, विभिन्न स्थानों पर ट्रैकिंग, पुंछ और मंडी में कई जगहों पर सेल्फी पॉइंट की स्थापना, सीमा पर बसे गांव अजोट में सेना द्वारा 70 फीट ऊंचा तिरंगा का फहराना और विशेष पर्यटन हॉट स्पॉट बनाने की योजना तैयार करना जैसे सराहनीय पहल शामिल हैं।

आने वाले दिनों में हम पीर पंजाल के पर्यटन क्षेत्र में और अधिक विकास की बहार देखेंगे। बहरहाल, इससे उम्मीद की जा सकती है कि निश्चित रूप से आने वाले कुछ वर्षों में पीर पंजाल के क्षेत्र में न केवल विकास होगा बल्कि रोजगार के नए अध्याय भी खुलेंगे जो यहां के बेरोजगार युवाओं के लिए आजीविका का साधन भी बनेंगे। जरूरत इस बात की है कि पीर पंजाल में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने में जरा भी लापरवाही न बरती जाए, क्योंकि पहले ही बहुत देर हो चुकी है।

**सैयद अनीस उल हक, पुंछ, जम्मू**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## इजराइल ने गाजा सीमा पर किया ड्रोन हमला

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने गाजा-इजरायल सीमा के पास हमास की एक चौकी पर ड्रोन से हमला किया। यह हवाई हमला इजरायली सैन्य चौकी पर पहले फेंके गए पेट्रोल बम का जवाब था। एक बयान में कहा कि एक मानव रहित विमान द्वारा हमला इजराइल और गाजा पट्टी के बीच सुरक्षा बाड़ पर एक हिंसक दंगे के जवाब में शुरू किया गया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विरोध प्रदर्शन के दौरान, एक संदिग्ध ने बाड़ के पास एक इजरायली सैन्य चौकी पर मोलोटोव कॉकटेल फेंका, जिससे सैन्य चौकी में आग लग गई।

# नाजी इकाई के लड़ाके को 'हीरो' कहने वाले कनाडाई संसद के अध्यक्ष का इस्तीफा

**ओटावा,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। एंथनी रोटा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी इकाई के लिए लड़ने वाले एक व्यक्ति को निमंत्रण दिए जाने और बाद में सदन द्वारा उसे सम्मानित किए जाने पर कनाडाई संसद के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।

सीटीवी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रोटा ने मंगलवार दोपहर पार्लियामेंट हिल में सदन में सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक के बाद पद छोड़ने के अपने अभूतपूर्व निर्णय की घोषणा की। सभी पार्टियों के सांसदों की ओर से सम्मानजनक काम करने और अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ने के लिए लगातार बढ़ते दबाव के बीच उन्होंने यह कदम उठाया है। रोटा ने कहा, इस सदन का काम हममें से किसी से भी ऊपर है। इसलिए, मुझे आपके अध्यक्ष पद से हट जाना



■ सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक के बाद पद छोड़ने की घोषणा की

चाहिए। पिछले शुक्रवार को कनाडाई संसद में यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के संबोधन के बाद रोटा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यूक्रेन की स ?वतंत्रता के लिए लड़ने वाले यूक्रेनी व्यक्ति यारोस्लाव हुंका की प्रशंसा की और संसद की ओर से उसे सम ?मानित किया। दो दिन बाद पता चला कि वह यूक्रेनी नाजी इकाई की ओर से लड़ा था। इसके बाद सदन में उसे दिए गये सम्मान और स्टैंडिंग ओवेशन पर विवाद शुरू हो गया। रोटा ने पहले रविवार को और फिर सोमवार को सभी सांसदों से माफ़ी मांगते हुये गलती की पूरी ज़िम्मेदारी ली। उन ?होंने वेफेन-एसएस गैलिसिया डिवीजन के साथ अपने घटक की ऐतिहासिक भागीदारी के बारे में विवाद उजागर होने तक जागरूक नहीं होने के लिए माफी मांगी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 98 वर्षीय हुंका कनाडा की संसद में गैलरी में बैठे थे और रोटा ने यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की की यात्रा के दौरान उन्हें हीरो बताया, जिसके बाद उन्हें सांसदों द्वारा स्टैंडिंग ओवेशन दिया गया।

## फंडिंग कम होने से बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों के सामने संकट




**संयुक्त राष्ट्र,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि सहायता राशि में कमी के कारण बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में रोहिंग्या शरणार्थियों को अब गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को कहा कि सात साल पहले म्यांमार से पलायन के बाद से बार-बार जलवायु के झटके झेलने वाले रोहिंग्या को अब भूख का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी कमजोरियां और बढ़ गई हैं। दुजारिक ने विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि दानदाता फंडिंग में कटौती ने एजेंसी को कॉक्स बाजार में पूरी रोहिंग्या आबादी के लिए अपनी जीवन रक्षक सहायता को कम करने के लिए मजबूर किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फंडिंग की कमी के कारण रोहिंग्या के राशन में दो बार में एक-तिहाई की कटौती की जा चुकी है। मार्च में इसे प्रति व्यक्ति प्रति माह 12 डॉलर से घटाकर 10 डॉलर और फिर जून में घटाकर 8 डॉलर कर दिया गया। डब्ल्यूएफपी ने कहा कि मौजूदा नकद भत्ते के साथ, रोहिंग्या के पास प्रत्येक भोजन के लिए 9 सेंट से भी कम है जो उन्हें हाशिये पर धकेल रहा है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतरेस के प्रवक्ता ने दी जानकारी

## सुडोकू 6324

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | 9 | | 7 |
| | | 9 | | | 8 | | 6 | |
| | | 2 | | 5 | | | | |
| | | | 6 | 9 | | | 2 | 5 |
| | | 6 | 5 | | 4 | 7 | | |
| 5 | 8 | | | 3 | 2 | | | |
| | | | | 7 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | | 3 | | |
| 7 | | 5 | | | | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## पुलिस ने निज्जर की हत्या की जांच में देरी का दावा किया खारिज

**टोरंटो।** कट्टरपंथी खालिस्तान नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद पुलिस की प्रारंभिक प्रतिक्रिया में देरी हुई थी। इस दावे को रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने खारिज कर दिया है और कहा कि उसके अधिकारी घटनास्थल पर चार मिनट में ही पहुंच गए थे। आरसीएमपी के सरे डिवीजन की ओर से यह स्पष्टीकरण सोमवार को वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के बाद आया जिसमें कहा गया था कि 18 जून को सरे के एक गुरुद्वारे की पार्किंग में निज्जर की हत्या में कम से कम छह लोग और दो वाहन शामिल थे। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि गोलियों की आवाज के बाद पुलिस को पहुंचने में 12 से 20 मिनट का समय लगा। सरे आरसीएमपी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, इस घटना के संबंध में पहली कॉल रात 8.27 बजे प्राप्त हुई थी और अधिकारी चार मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

## वर्ग पहेली 6324

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. एक मणि जो चंद्रमा के किरणों से पसीज जाता है, कुमुद, चंद्रकांत
३. अंधेरा
५. निंदित,नीच
६. निर्दयी, पाषाण हृदय (उर्दू)
७. उत्तराधिकार से प्राप्त धनपर लगने वाला कर
९. निधन, मृत्यु
१०. लिहाज़ा, इसलिए
१२. उदासीन, तटस्थ, मुखरहित
१३. वैसा होने पर भी, तो भी
१४. सुरक्षित, सकुशल (उर्दू)
१६. फायदा, लाभ (उर्दू)
१८. फूल, पुष्प
२०. नगाड़ा (उर्दू)
२१. बातचीत
२३. आलोकित होना, प्रकाशवान होना

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौ पैरों वाला, कनखजूरा
२. दीप्तिहीन, आभाहीन
३. परिवर्तित, अंतरण किया हुआ
४. करने वाला
५. वह देवता जिसकी पूजा कुल विशेष में पीढ़ियों से होती आ रही हो
८. मुर्गा
१०. आगे का, आने वाला
११. अकेला
१२. जंगल, वन
१३. उसके समान
१४. विनयपूर्वक, विनम्र
१५. ब्राह्मणों के लिए एक सम्मानसूचक संबोधन
१७. दूरी, अंतर (उर्दू)
१८. जहा जाना आसान हो, आसान
१९. झुकाना
२२. किंतु, में, लेकिन

### वर्ग पहेली-6323

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ प्र | स्था | 3 न | ■ | ४ अ | सं | ५ भ | व |
| नु | ■ | रो | ■ | ६ र | क्त | प | ■ | गि | ■ |
| ७ र | क्ता | क्ष | ■ | सं | ■ | ८ ना | ज | नी | ९ न |
| क्त | ■ | क | ■ | १० हा | र | ना | ■ | ■ | ग |
| ■ | ११ स | र | १२ का | र | ■ | ■ | १३ सं | त | रा |
| ■ | ह | ■ | र | ■ | १४ नि | र्दे | श | ■ | ग |
| १५ शी | र्ष | १६ को | ण | ■ | ह | ■ | १७ य | १८ ती | म |
| र्षा | ■ | ला | ■ | १९ उ | त्था | २० न | ■ | स | ■ |
| २१ स | ला | ह | ■ | जा | ■ | २२ जा | फ | रा | २३ न |
| न | ■ | २४ ल | क | ड़ | हा | रा | ■ | ■ | ग |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 28 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 14

### राशिफल

मेष - सामाजिक प्रसंग में सगे- संबंधियों और मित्रों के साथ आपका समय अच्छा गुजरेगा। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा और उनसे लाभ भी होगा। पर्यटन पर जाना हो सकता है। सरकारी और अर्ध सरकारी काम में सफलता मिलेगी।

वृषभ - नए काम की शुरुआत करने वालों के लिए समय अनुकूल है। नौकरी तथा व्यवसाय में लाभदायक परिणाम मिलेगा। पदोन्नति मिलेगी। व्यापार में नई दिशाएं खुलती हुई प्रतीत होंगी। सरकार से लाभ के समाचार मिलेंगे।

मिथुन - आज आपको थोड़ी-सी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। परिणामस्वरूप निर्धारित काम पूरे नहीं होंगे। मानसिक चिंता से थकान का अनुभव होगा।

कर्क - क्रोध और नकारात्मक विचार से आपका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होगा। ऐसे में खुद पर संयम रखें। खान-पान का ध्यान रखें, अन्यथा स्वास्थ्य खराब होने की पूरी संभावना है। परिवार में वाद-विवाद होगा।

सिंह - आज दांपत्यजीवन में मामूली बात पर जीवनसाथी से मनमुटाव होने की आशंका बनी रहेगी। पति- पत्नी दोनों में से किसी एक का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। व्यापारी भागीदारों के साथ धैर्य से चर्चा करें।

कन्या - आज आपको सभी मामले में अनुकूलता का अनुभव होगा। घर में सुख-शांति स्थापित होगी, इससे मन प्रसन्न रहेगा। सुखप्रद घटनाएं घटेंगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

तुला - बौद्धिक चर्चा जोरों पर रहेंगी। आपकी कल्पना और सृजनशक्ति की प्रगति से संतोष का अनुभव होगा। व्यर्थ वाद-विवाद या चर्चा में न पड़ें। स्वास्थ्य के मामले में पाचनतंत्र से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

वृश्चिक - मानसिक और शारीरिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। बुजुर्गों के साथ अनबन होने की घटना आपके मन को व्यथित करेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आर्थिक नुकसान और सार्वजनिक जीवन में मानहानि होगी।

धनु - आध्यात्म की तरफ आपका विशेष आकर्षण रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए शुभ समय है। मित्रों और सगे- संबंधियों के आगमन से घर में प्रसन्नता रहेगी। हाथ में लिए हुए काम सफलतापूर्वक पूरे होंगे। यात्रा होगी।

मकर - आपको वाणी और व्यवहार में संयम रखने की सलाह दी जाती है। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें। शेयर- सट्टे में पूंजी निवेश का आयोजन करेंगे। आर्थिक लाभ होगा। स्वास्थ्य संबंधी कुछ शिकायत रहेगी।

कुंभ - आज शारीरिक मानसिक रूप से आपका दिन प्रफुल्लित रहेगा। सगे- संबंधियों तथा मित्रों और पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद लेंगे।

मीन - आर्थिक आयोजन और पूंजी निवेश के समय खूब ध्यान रखें। एकाग्रता कम और बेचैनी अनुभव करेंगे। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च होगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ मतभेद खड़े होंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1836-आध्यात्मिक गुरु शिरडी साई बाबा का जन्म।
1837-अंतिम मुग़ल बादशाह बहादुर शाह द्वितीय ने दिल्ली का शासन संभाला।
1887-चीन के ह्वांग-हो नदी में बाढ़ से करीब 15 लाख लोग मरे।
1907-महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह का जन्म।
1923-इथोपिया ने राष्ट्र संघ की सदस्यता छोड़ी।
1928-अमेरिका ने चीन की राष्ट्रवादी च्यांग काई-शेक की सरकार को मान्यता दी।
1929-ख्यातिप्राप्त भारतीय पार्श्वगायिका लता मंगेशकर का जन्म।
1950-इंडोनेशिया संयुक्त राष्ट्र का 60वां सदस्य बना।
1958-फ्रांस में संविधान लागू हुआ।
1982-प्रसिद्ध भारतीय निशानेबाज़ अभिनव बिन्द्रा का जन्म।
1994-एतोमिया के जल पोत के तुर्क सागर में डूब जाने से 800 लोगों की मृत्यु।
1997-अमेरिकी अंतरिक्ष शटल अटलांटिक रूसी अंतरिक्ष केन्द्र %मीर% से जुड़ा।
2000-सिडनी ओलम्पिक में 200 मीटर की दौड़ के स्वर्ण पदक का ख़िताब मोरियाना जोंस तथा केंटेरिस ने जीता।
2001-अमेरिका एवं ब्रिटिश सेना और सहयोगियों ने 'ऑपरेशन एंड्योरिंग फ़्रीडम' प्रारम्भ किया।
2003-यान रूस की धरती पर सुरक्षित उतरा।
2004-विश्व बैंक ने भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कहा।
2006-जापान के नव निर्वाचित एवं 90वें प्रधानमंत्री के रूप में शिंजो एबे ने शपथ ली।
2007-मेक्सिको के तटीय क्षेत्रों में चक्रवर्ती तूफ़ान लोरेंजो ने भारी तबाही मचाई।

## विपक्षी दल के नेता का गिरफ्तारी वारंट खारिज

**सोल,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की सोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट अदालत ने बुधवार को मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख ली जे-म्युंग की गिरफ्तारी वारंट को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने पिछले सप्ताह विश्वास के उल्लंघन और रिश्वतखोरी सहित आरोपों पर पार्टी प्रमुख ली के खिलाफ अनुरोध किया था। ली ने आरोपों से पूरी तरह इनकार किया। सैकड़ों छापों के बावजूद उनके समर्थन में कोई स्पष्ट सबूत नहीं मिला था। देश के आधुनिक इतिहास में यह पहली बार था कि एक मुख्य विपक्षी दल का प्रमुख गिरफ्तारी वारंट के लिए अदालत की सुनवाई में उपस्थित हुआ। देश की संसद ने पिछले सप्ताह विपक्षी प्रमुख ली की गिरफ्तारी के लिए मतदान किया, जिसमें पक्ष में 149 और विपक्ष में 136 वोट पड़े। कानून के अनुसार, नेशनल असेंबली के सत्र के दौरान मौजूदा सांसदों को गिरफ्तारी से छूट दी गई है और उन्हें केवल तभी हिरासत में लिया जा सकता है जब सहकर्मी कानून निर्माता इस पर सहमति देते हैं। 298 सदस्यीय विधानसभा में डेमोक्रेटिक पार्टी के पास बहुमत है। पिछले शनिवार को अपनी भूख हड़ताल समाप्त करने के बाद श्री ली स्वास्थ्य लाभ के लिए चिकित्सा उपचार ले रहे हैं।

# इराक में विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत

**बगदाद,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह के अल-हमदानिया शहर में एक विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक घायल हो गए है। निनेवेह के गवर्नर नज्म अल-जुबौरी ने बुधवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। आधिकारिक इराकी समाचार एजेंसी (आईएनए) ने इराकी नागरिक सुरक्षा के हवाले से बताया कि प्रांतीय राजधानी मोसुल से 35 किमी दक्षिण-पूर्व में अल-हमदानिया शहर में अल-हेथम विवाह हॉल में मंगलवार रात आग लग गई। आईएनए ने कहा



कि शुरुआती रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि जश्न के दौरान आतिशबाजी की गई होगी जिससे आग लग सकती है। इमारत अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों से ढकी हुई थी, जिससे आग तेज हो गई और इमारत का एक हिस्सा ढह गया।

## आर्मेनिया में ईंधन डिपो विस्फोट में मृतकों की संख्या 68 हुई

**बाकू।** आर्मेनिया के नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र में ईंधन डिपो विस्फोट में मरने वालों की संख्या करीब 68 हो गई है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है।आर्मेनिया की सरकारी समाचार एजेंसी आर्मेनप्रेस ने स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि मृतकों की संख्या 68 हो गयी है और अब तक केवल 21 पीड़ितों की पहचान हो पायी है। रिपोर्ट में बताया गया कि विस्फोट के बाद लगभग 300 लोग घायल हो गए हैं, जबकि 105 लोग अभी भी लापता हैं।

# फिलीपींस ने देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बनाया कानून



नए कानून से देश के श्रमिकों के कौशल को बढ़ाने में मिलेगी मदद

**मनीला,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज मार्कोस ने बुधवार को देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक मास्टर प्लान बनाने वाले कानून पर हस्ताक्षर किया। श्री मार्कोस ने एक बयान में कहा, नया कानून देश के श्रम क्षेत्र को परेशान करने वाली चुनौतियों का समाधान करने में मदद करेगा, जैसे कि कम गुणवत्ता वाली नौकरियां, बेमेल कौशल और अल्परोजगार आदि। नये कानून से देश के श्रमिकों के कौशल को अपडेट करने और डिजिटल प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को बढ़ावा को बल देगा। श्री मार्कोस ने कहा कि यह अधिनियम रोजगार सृजन और पुन: प्राप्ति की नींव रखेगा और सरकार को कानून के लागू नियमों और विनियमों को तेजी से लागू करने का आदेश दिया गया है। फिलीपींस सांख्यिकी प्राधिकरण ने कहा कि जुलाई 2023 में देश की बेरोजगारी दर जून में 4.5 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो गई और कुल 20.27 लाख फिलिपिनो नौकरी से बाहर हो गए। राष्ट्रीय आर्थिक और विकास प्राधिकरण (एनईडीए) ने कहा कि यह कानून उच्च गुणवत्ता और उच्च भुगतान वाली नौकरियां सृजित करने की सरकार की प्राथमिकता का समर्थन करता है, जिससे असुरक्षित रोजगार, विशेष रूप से स्व-नियोजित और अवैतनिक पारिवारिक श्रमिकों में असुरक्षित रोजगार के बढ़ते मुद्दे को संबोधित किया जा सके।

## चीन में मुक्त व्यापार परीक्षण क्षेत्रों का तेज विकास

**बीजिंग,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। चीनी राज्य परिषद के न्यूज कार्यालय ने 27 सितंबर को न्यूज ब्रीफिंग बुलाई। बताया जाता है कि पिछले दस सालों में वाणिज्य मंत्रालय ने संबंधित क्षेत्रों और विभागों के साथ सक्रियता से मुक्त व्यापार परीक्षण क्षेत्रों में विशेष और श्रेष्ठ व्यवसायों का नवाचार विकास बढ़ाया और विकास की नई प्रेरक शक्ति मजबूत की। चीन के 21 मुक्त व्यापार परीक्षण क्षेत्रों में इसका समर्थन किया गया, ताकि भिन्न क्षेत्र वस्तुगत स्थिति के अनुसार विकास की अलग-अलग योजना बनाएं और विशेष व्यवसायों का उच्च गुणवत्ता वाला विकास बढ़ा सकें। चीन मुक्त व्यापार परीक्षण क्षेत्र औद्योगिक विकास की पूरी श्रृंखला और उद्यम के विकास के पूरे चक्र के अनुसार व्यवस्थित सुधार करेगा, ताकि विकास की कठिनाई दूर की जा सके। चीन व्यापार, निवेश, वित्त और तकनीक आदि क्षेत्रों में सुधार और नवाचार बढ़ाएगा। इसके साथ पूंजी, प्रौद्योगिकी, प्रतिभा, डेटा और अन्य तत्वों के मुक्त और सुविधाजनकप्रवाह को बढ़ाया जाएगा, ताकि बाजार, कानूनी और अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक वातावरण तैयार हो सके।

**परेशानी** *पिछले एक साल से रियासी में कई आतंकियों की हुई गिरफ्तारियां*

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बनी चिंता का कारण

**जम्मू, 27 सितम्बर (देशबन्धु)। वैष्णो देवी का तीर्थस्थान जिस रियासी जिले में है वह लिथियम के भंडार की खोज के अतिरिक्त आतंकियों, हाइब्रिड आतंकियों तथा ओजीडब्ल्यू की गिरफ्तारियों के साथ-साथ हथियारों व गोला बारूद की बरामदगियों के कारण पिछले एक साल से सुर्खियों में है। नतीजतन वैष्णो देवी के तीर्थस्थान और आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की चिंता इस बार भी नवरात्रों के दौरान प्राथमिकता पर है। पिछले साल अगस्त महीने में रियासी से जो आतंकी गिरफ्तार हुए और उनकी निशानदेही पर जो स्टिकी बम बरामद हुए वे इस चिंता को और इसलिए बढ़ाते थे क्योंकि आतंकी दावा यह था कि स्टिकी बमों की खेप यात्रा को क्षति पहुंचाने के लिए ही एकत्र की गई थी।**

पुलिस के बड़े अधिकारी सुरक्षा समीक्षा की बैठकों में ऐसी चिंताओं को व्यक्त करते हुए कहते रहे हैं कि नवरात्रों में वैष्णाो देवी की यात्रा को स्टिकी बमों से बचाना भी एक चुनौती होगी।

ऐसे में कटड़ा कस्बे और जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे के दोमेल से कटड़ा तक जाने वाले राजमार्ग पर भी अतिरिक्त जवानों की तैनाती का प्लान तैयार करते हुए प्रशासन से अतिरिक्त सैंकड़ों जवानों की मांग की गई है। साथ ही भीड़ में छुपे संदिग्धों पर कड़ी नजर की खातिर ड्रोन भी तैयार किए जा रहे हैं। वैष्णो देवी यात्रा की सुरक्षा को फूल प्रूफ बनाने की खातिर इलाके के ओजीडब्ल्यू की लिस्ट बनाने, सोशल मीडिया पर संदिग्ध पैटर्न पर नजर रखने के अतिरिक्त उन सभी सूचनाओं को गंभीरता से लेने के लिए जोर दिया



■ श्रद्धालुओं की सुरक्षा की चिंता इस बार भी नवरात्रों के दौरान प्राथमिकता पर

जा रहा है जिनमें वैष्णो देवी की सुरक्षा के प्रति कोई भी चाहे छोटी ही बात क्यों न कही गई हो। अधिकारियों के बकौल, वैष्णो देवी की यात्रा में शिरकत करने वाले श्रद्धालु हमेशा ही आतंकियों के टारगेट पर रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि यात्रा को निशाना बना वे प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को पटरी से नीचे उतार सकते हैं। जानकारी के लिए पिछले साल 13 मई को वैष्णो देवी के बेस कैंप कटड़ा में चलती यात्री बस में सवार वे लोग बदकिस्मत निकले थे जिन्हें स्टिकी बम के धमाके ने अपनी चपेट में ले लिया तो पांच की मौत हो गई। बीस से अधिक जख्मी हो गए थे। कई दिनों तक पुलिस इसे इंजन में हुआ धमाका बताती रही थी तो बाद में आतंकी गुट जम्मू कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स द्वारा वीडियो जारी कर इस धमाके की जिम्मेदारी ली गई तो पुलिस ने मान लिया कि धमाका स्टिकी बम से किया गया था। ऐसा ही एक अन्य धमाका पिछले ही साल 9 मार्च को उधमपुर में ही उपायुक्त के कार्यालय के बाहर एक रेहड़ी पर हुआ था जिसमें दो की मौत हो गई थी। तब भी इस धमाके को गैस सिलेंडर का विस्फोट बताया गया था पर बाद में जांच से पता चला कि धमाकों के लिए स्टिकी बमों का इस्तेमाल किया गया था।

## दुनिया को जानें

### बाइडेन के जर्मन शेफर्ड कुत्ते ने एक और सीक्रेट सर्विस एजेंट को काटा

**वाशिंगटन,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन परिवार के दो वर्षीय जर्मन शेफर्ड कुत्ते 'कमांडर' ने एक और सीक्रेट सर्विस एजेंट को काट लिया है। बीबीसी के मुताबिक सीक्रेट सर्विस ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कमांडर ने अधिकारी पर सोमवार रात को हमला किया और घटनास्थल पर ही अधिकारी का इलाज किया गया। यह 11वीं बार है जब कुत्ते ने व्हाइट हाउस या बाइडेन परिवार के घर पर किसी गार्ड को काटा है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने पहले इन हमलों के लिए व्हाइट हाउस में रहने के कारण होने वाले तनाव को जिम्मेदार ठहराया था। प्रेस सचिव ने जुलाई में कहा था, जैसा कि आप सभी जानते हैं, व्हाइट हाउस परिसर अनोखा और बहुत तनावपूर्ण हो सकता है। मुझे यकीन है कि आप सभी इसे समझ सकते हैं। उन्होंने कहा, यह अनोखा है और यह हम सभी के लिए तनावपूर्ण है। तो आप कल्पना कर सकते हैं कि परिवार के पालतू जानवर या परिवार के पालतू जानवरों के लिए यह कैसा होगा। कमांडर बाइडेन परिवार के दो जर्मन शेफर्ड में सबसे छोटा है।

# प्रादेशिकी

## चोरी के माल सहित तीन वाहन चोर गिरफ्तार

**देहरादून।** पुलिस ने चोरी के दो विक्रमव मोटरसाईकिल के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 सितम्बर को विजयपाल सिंह पुत्र धूम सिंह निवासी शास्त्रीनगर काले की ढाल हरिद्वार रोड ऋषिकेश द्वारा रात्रि में उनका विक्रम शास्त्रीनगर काले की ढाल सुजुकी शोकरूम के पास से चोरी होने में मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं अमितपाल पुत्र पदम प्रसाद निवासी भैरव कालोनी लक्ष्मण झूला रोड ऋषिकेश द्वारा रात्रि में उनके घर के बाहर से विक्रफम चोरी का मुकदमा दर्ज कराया।

# श्रीनगर बेस अस्पताल में 1.46 करोड़ की लागत से बनेगा हाईटेक स्किल सेंटर : डा धन सिंह

- स्वास्थ्य ने श्रीनगर मेडिकल कॉलेज को दी एक और सौगात
- कहा, इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज की मिलेगी विशेष ट्रेनिंग




**श्रीनगर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के टीचिंग बेस अस्पताल में अति आधुनिक स्किल सेंटर का शिलान्यास किया। प्रथम चरण में 146.60 लाख की लागत से तैयार होने वाले इस सेंटर में बेस चिकित्सालय व राज्य के समस्त चिकित्सको, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, पुलिस व डिजास्टर रिस्पांस टीम को इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट, बेसिक लाइफ सपोर्ट और एडवांस लाइफ सपोर्ट की ट्रैनिंग दी जायेगी। स्किल सेंटर के शिलान्यास अवसर पर सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि श्रीनगर मेडिकल कॉलेज की उपलब्धि में एक और अध्याय जुड़ गया है। जिसका लाभ पूरे प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में स्किल सेंटर खोलने के लिये भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था जिस पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडविया ने अपनी सैद्धांतिक सहमति दी थी। जिसके लिये उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का विशेष आभार जताया। डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेश में इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज को सुधारने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। राज्य सरकार का मकसद राजकीय अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और इमरजेंसी डिपार्टमेंट में काम करने वाले डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल स्टाफ को इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज की ट्रेनिंग देना है, ताकि किसी भी गंभीर स्थिति से बेहतर स्थिति से निपटा जा सके। इस अवसर पर एनेस्थिसिया विभाग के एचओडी डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने स्किल सेंटर की स्थापना के लिए स्वास्थ्य मंत्री आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत ने मेडिकल कॉलेज में स्किल सेंटर बनाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सेंटर बनने से यहां नेशनल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट कोर्स शुरु किया जाएगा। सेंटर में पांच स्किल स्टेशन, लेक्चर रूम, फैकल्टी रूम सहित तमाम सुविधाएं होगी।

इस मौके पर बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.रविन्द्र सिंह बिष्ट, डॉ. केएस बुटोला, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. दीपा, डॉ. एएन पांडेय, पेयजल निगम के एई अरविंद चन्द्र, जेई मनोज कुमार, विक्रम भंडारी आदि मौजूद रहे।

### 15 हजार गांवों लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश के 15 हजार गांवों में स्वास्थ्य चेकअप कैंप लगेगे, जिसके तहत हर छह माह में प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य का निरूशुल्क चेकअप होगा। यदि कोई गंभीर बीमारी से ग्रसित होगा तो उसे जल्द उपचार शुरु किया जायेगा। इसके अलावा उन्होंने डेंगू सहित अन्य बीमारियों के फैलने के दृष्टिगत डॉक्टरों की टीम से विशेष अध्ययन करने की बात कही।

### आयुष्मान भव: कार्यक्रम में युवाओं का मिला पूरा सहयोग

स्वास्थ्य मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने कहा कि आयुष्मान भव कार्यक्रम में 80 प्रतिशत युवाओं का योगदान रहा है। पूरे प्रदेश में आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत 500 कैंप लगाये जा चुके है। रक्तदान के लिए अभी तक 1 लाख 47 हजार लोगों ने पंजीकरण कर दिया है। जबकि 49 हजार लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया है। अबतक प्रदेश में 61 लाख लोगों की आभा आईडी बन चुकी है, जबकि 1 करोड़ आभा आईडी बनाने का लक्ष्य है।

# सरकार शिक्षा विभाग में जल्द ही 550 पीजीटी शिक्षकों के पदों को भरेगी : रोहित ठाकुर



**शिमला,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। सरकार शिक्षा विभाग में जल्द ही 550 पीजीटी शिक्षकों के पदों को भरेगी। राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से शिक्षकों के इन पदों को भरा जाएगा। इसके अलावा नए भर्ती आयोग के गठन के साथ ही प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा विभाग में भी 2521 पदों पर भर्ती होगी। प्रारंभिक शिक्षा विभाग में नर्सरी व केजी कक्षाओं को पढ़ाने के लिए इस साल 4 हजार प्राथमिक पूर्व शिक्षकों की भर्ती की योजना है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बुधवार को राज्य सचिवालय में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा विभाग में शिक्षकों की सभी श्रेणियों के रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि टीजीटी और जेबीटी की बैचवाइज भर्ती शुरू हो गई है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्री प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती में आ रही अड़चनों को दूर किया जा रहा है। प्रयास रहेगा कि इसी वर्ष इस भर्ती को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मिड डे मील के लिए केंद्र सरकार की ओर से बजट प्राप्त नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार अपने स्तर पर ही बच्चों को भोजन उपलब्ध करवाने का इंतजाम कर रही है।

### आपदा में मरहम लगाने भी नहीं पहुंचे पीएम

रोहित ठाकुर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी हिमाचल को अपना दूसरा घर बताते हैं। मगर विडंबना यह है कि पीएम मोदी प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के दौरान मरहम तक लगाने नहीं पहुंचे। केंद्र ने प्रदेश की सिर्फ मौखिक मदद की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ओपीएस बहाली की गारंटी को पूरा किया है। बाकी गारंटियों को भी पूरा करने के लिए सरकार वचनबद्ध है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का बयान भी पूरी तरह गलत है। आपदा राशि के अलावा प्रदेश को कुछ नहीं मिला है।उन्होंने कहा कि शिमला प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी गलत आंकड़े पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि जिस आर्थिक सहायता की बात अनुराग कर रहे हैंए वह एसडीआरएफ के तहत हिमाचल को मिलनी तय थी।

### हिमाचल को केदारनाथ त्रासदी की तर्ज पर आर्थिक पैकेज मुहैया करवाए केंद्र : रोहित

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल को 2013 की केदारनाथ त्रासदी की तर्ज पर केंद्र से विशेष आर्थिक पैकेज मिलना चाहिए। कहा कि प्रदेश सरकार विशेष पैकेज देने जा रही है।

## सार संक्षेप

### पुष्पांजलि मामले में 41 खाते सीज

**देहरादून।** पुष्पांजलि रियलम्स (बिल्डर्स) के मामले में पुलिस ने ग्रुप और उसके सहयोगियों के 41 खातों को फ्रीज कर दिया। इन खातों में 205 करोड़ रुपये का लेनदेन मिला है। इस पैसे को कई जगह निवेश कर बैंक खातों को खाली कर दिया गया है। पुलिस को मित्तल दंपती के विदेशी खातों के बारे में भी जानकारी मिली है। 2020 में कुछ निवेशकों ने पुष्पांजलि बिल्डर्स के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत की थी। पुलिस ने ग्रुप के मालिक दीपक मित्तल, पत्नी राखी मित्तल और राजपाल वालिया के खिलाफ डालनवाला थाने में मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद शिकायतों पर पुलिस ने नौ मुकदमे दर्ज किए। दो मुकदमों में दीपक मित्तल के पिता अश्वनी मित्तल को भी आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने मंगलवार को अश्वनी मित्तल को हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा भी पुष्पांजलि ग्रुप के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा और कस दिया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया, पुष्पांजलि ग्रुप व अन्य सहयोगियों के बैंक खातों की जांच की गई थी। इनमें 41 खातों को फ्रीज किया गया है। इन सभी खातों से 205 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। बताया, दुबई के एक बिल्डर को भी बड़ी धनराशि दी गई है। कुछ संपत्तियों का खरीदना भी सामने आया है। अब गैंगस्टर एक्ट में इन सभी की संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी। बताया, पुलिस जल्द ही मित्तल दंपती और वालिया को भी गिरफ्तार कर लेगी।

### आदमखोर गुलदार शिकारी ने किया ढेर

**टिहरी।** टिहरी जिले की भरदूरा पट्टी में लम्बे समय से ग्रामीणों के मध्य आतंक के पर्याय बने आदमखोर गुलदार को शिकारी दल द्वारा बीती रात मार गिराया गया है। इस आदमखोर के मारे जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। पिछले काफी लम्बे समय से भरदूरा पट्टी के लोग आदमखोर गुलदार के भय के साये में जी रहे थे। 1 अगस्त को लमगाँव इलाके में इस आदमखोर गुलदार द्वारा एक महिला को अपना निवाला बनाने के बाद 26 अगस्त को फिर भरपूरिया गाँव के एक मासूम बच्चे को अपना निवाला बना लिया गया था। जिसके बाद समस्त इलाके के ग्रामीणों द्वारा जंगलात विभाग के खिलाफ जबरदस्त रोष प्रकट किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप विभाग ने इस आदमखोर को मारने का परमिट जारी किया और मशहूर शिकारी जॉय हुकिल को ये जिम्मा सौंपा गया, जिस पर एक महीने की कड़ी मशक्कत के बाद बीती रात शिकारी जॉय हुकिल द्वारा इस आदमखोर गुलदार से ग्रामीणों को निजात दिलाया गया है। बता दें कि जॉय हुकिल का 46वाँ आदमखोर शिकार है, जिनके अनुसार इस आदमखोर गुलदार की उम्र तकरीबन ८६9 साल के आसपास होगी।

### सुडोकू 6330 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 2 |

# लाखों की स्मैक सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

**देहरादून,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। नशा तस्करी पर बड़ी कार्यवाही करते हुए एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा देर रात रायवाला क्षेत्र से 26 लाख रूपये की स्मैक सहित एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी के दामाद को एसटीएफ मई माह में ही लाखों की स्मैक सहित गिरफ्तार कर चुकी है जो इन दिनों जमानत पर है। अब ससुर भी एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स की गिरफ्त में आ चुका है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि नशा मुक्त उत्तराखण्ड बनाने की दिशा में एसटीएफ द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में बीते रोज एसटीएफ की एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना मिली कि एक नशा तस्कर रायवाला क्षेत्र में भारी मात्रा में स्मैक सहित आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा थाना रायवाला के साथ मिलकर संयुक्त कार्यवाही करते हुए मोतीचूर फ्लाईओवर के पास से एक व्यक्ति जिसका नाम आनंद कुमार पुत्र सोनाथ निवासी ग्राम मुस्सेपुर थाना मंडावली जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश बताया जा रहा है को 260 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया गया है। जिसके द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह यह स्मैक बरेली से लेकर आया है जिसको वह अपने दामाद कपिल जो कि पिछले माह जमानत पर छूट कर आया है, के माध्यम से रायपुर थाना क्षेत्र में अपने पैडलरो के माध्यम से बिक्री करने जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल द्वारा आगे जानकारी देते हुये बताया गया कि पकड़े गये नशा तस्कर आनंन्द कुमार के दामाद कपिल को इसी साल माह मई में उसकी शादी की सालगिरह के दिन 207 ग्राम स्मैक के साथ एसटीएफ द्वारा गिरसार किया गया था।

# अंकिता हत्यकांड प्रकरण में हरीश ने सरकार को घेरा




**देहरादून,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने को न्याय दिलाने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भाजपा को घेरा है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में महिलाओं को न्याय नही मिल पा रहा है। तो केन्द्र की बात ही क्या करें।

हरीश रावत ने कहा कि महिलाओं दलित और किसानों में मामले में भाजपा सरकार पूरी तरह से कटघरे में है। इनमें से किसी को भी न्याय नही मिल पा रहा है। महिला, दलित और किसानों के स्वाभिमान की लड़ाई अब कांग्रेस लड़ेगी। रोजगार को लेकर सरकार पर दबाव और सुझाव दोनों विषयों पर काम किया जाएगा। भाजपा सारी सभ्यताओं का प्रतीक खुद को बताती है। रमेश बिधुड़ी का संसद में व्यवहार देखने को मिला। उन पर हेट स्पीच का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उन्होंने भाजपा से ऐसे नेता को निष्कासित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन सभी मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने देश के आर्थिक हालातों पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जो विकास का मॉडल केंद्र ने दिखाया वह खोखला साबित हुआ है। भाजपा सरकार ने 2014 से पहले आर्थिक सुधार को लेकर जनता को भ्रमित किया है। कांग्रेस सत्ता में आई तो आर्थिक न्याय पर कार्य करेगी। केंद्र और राज्य सरकार अप्रत्यक्ष रूप से आरक्षण को खत्म कर रही है। सरकारी पदों को ना भरना भी आरक्षण को खत्म करना ही है। भाजपा सरकार के खिलाफ संघर्ष के लिए पार्टी ने मुद्दे तय करेगी और अन्य विषयों को भी शामिल करेगी।

# धारी देवी मंदिर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र

**श्रीनगर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत आज देवी धारी देवी मंदिर पहुंचे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत भी उनके साथ मौजूद रहे। धारी देवी मंदिर पहुंचे त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने धारी देवी मंदिर परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर धारी देवी वन वाटिका की भी आधारशिला रखी। वाटिका के जरिए धारी देवी परिसर के आस पास के इलाके में देव वनों को लगाया जा रहा है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के बाद पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने धारी देवी मंदिर पुजारी वर्ग से भी बातचीत की। धारी देवी मंदिर पहुंचे पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने देवस्थानम बोर्ड को एक बार फिर याद किया। उन्होंने कहा हमारी ही सरकार ने देवस्थानम बोर्ड को भंग किया, मगर आज भी लोग इसकी जरूरत महसूस करते हैं। उन्होंने कहा इस बोर्ड के जरिए चार धामों में व्यवस्थाओं को बनाने के लिए धन जुटाया जा सकता था।

इस दौरान मंदिर न्यास के पुजारियों ने पानी की दिक्कत से भी मंत्री धन सिंह रावत को अवगत कराया। धन सिंह रावत ने पुजारी वर्ग को बताया कि पुरानी पेयजल लाइन से मंदिर और धारी और कल्यासौड़ को नहीं जोड़ा जा सका था लेकिन लेकिन नई पेयजल लाइन से इस पूरे क्षेत्र को जोड़ दिया जाएगा।

इस दौरान मंत्री धन सिंह रावत ने कहा धारी देवी मंदिर परिसर में टैक्सी स्टैंड, स्नान घाट सहित पार्किंग भी बनाई जा रही है। इसके लिए नगर निगम में प्रस्ताव रखा जाएगा। जल्द इन कार्यों के भूमि पूजन की तिथि घोषित की जाएगी।

# प्रियंका गांधी ने शिमला के शिव बावड़ी में प्राकृतिक प्रकोप से प्रभावित पीड़ितों के साथ किया वायदा निभाया



**शिमला,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। आम तौर पर राजनेताओं पर वायदा कर भूलने के आरोप लगते हैं। कई मर्तबा तो राजनेताओं को लोग चुनाव के वक्त उनका पुराना वायदा याद दिलाते हैं। मगर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शिमला के शिव बावड़ी में प्राकृतिक प्रकोप से प्रभावित पीड़ित परिवारों के साथ किया वायदा निभाया। बीते रोज शिमला पहुंचने के बाद प्रियंका गांधी बुधवार प्रात: करीब 9 बजे बालूगंज पहुंची। बालूगंज में उन्होंने स्व. पवन शर्मा की पुत्री नितिका व उनके पति से मुलाकात की। प्रियंका गांधी करीब एक घंटा बालूगंज में रुकी। मुलाकात के दौरान उन्होंने नितिका को ढाढस बंधाया। सनद रहे कि समरहिल के शिव बावड़ी हादसे में नितिका के पिता पवन शर्मा, उनकी पत्नी, बेटा , बहू व तीन पोते पोतियों की मृत्यु हुई थी। पिता व परिजनों पर टूटे प्राकृतिक आपदा के पहाड़ से नितिका अभी सदमे में है। उनका विवाह लुधियाना में हुआ है। वह इन दिनों बालूगंज आई हैं।

प्रियंका गांधी बीते 13 सितंबर को भी प्राकृतिक आपदा ग्रस्त शिव बावड़ी व शिमला के स्लाटर हाउस में पहुंची थी। उन्होंने यहां से केंद्र सरकार से हिमाचल की त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की थी। शिव बावड़ी में आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर प्रियंका गांधी की आंखें नम हो गई थी। उन्होंने 13 सितंबर को प्रभावितों से दोबारा मिलने का वायदा किया था। शिमला पहुंच कर उन्होंने नितिका से मुलाकात की। कुछ देर बाद प्रभावित से मिलने के बाद प्रियंका वापस छराबड़ा लौट गईं। इस कार्यक्रम की पुलिस को भी भनक नहीं थी।

पवन शर्मा के परिवार के 7 सदस्य सहित 20 लोग 14 अगस्त को शिव मंदिर भूस्खलन की चपेट में आए थे। इस त्रासदी में पवन शर्माए उनकी पत्नीए बेटा.बहू और दो पोतियों की मौत हो गई थी। अब इकलोती बेटी नीतिका हैंए जो लुधियाना में ब्याही हुई हैं। वह शिमला आई हुई हैं। इस दौरान प्रियंका ने उनसे मुलाकात की।

प्रियंका व सोनिया गांधी के शिमला प्रवास पर होने की वजह से पुलिस ने छराबड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। छराबड़ा में कल्याणी हेलीपैड के समीप प्रियंका गांधी ने देवदार के घने जंगल के बीच खूबसूरत मकान बनाया है।

# अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे अमृतसर से जुड़ेंगे कूल्लू व शिमला, यात्रियों के लिए शीघ्र शुरू होगी हवाई सेवा : सुक्खू



**शिमला,** 27 सितम्बर (देशबन्धु) । राज्य में हवाई सेवा को विस्तार प्रदान करते हुए कुल्लू और शिमला को अमृतसर से जोड़ने वाले दो नए हवाई मार्ग शीघ्र ही शुरू किए जाएंगे। कुल्लू-अमृतसर-कुल्लू मार्ग पर उड़ानें प्रथम अक्तूबर, 2023 से शुरू की जाएंगी। यह उड़ानें सप्ताह में तीन बार, विशेष रूप से सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होंगी। शिमला-अमृतसर-शिमला हवाई मार्ग पर प्रथम नवंबर, 2023 से सप्ताह में तीन बार हवाई सेवाएं संचालित की जाएंगी। एलायंस एयर ने कुल्लू-अमृतसर-कुल्लू मार्ग के लिए टिकट बुकिंग सुविधा भी शुरू कर दी है। इससे यात्रियों के लिए आरामदायक हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी। कुल्लू-अमृतसर हवाई मार्ग पर प्रात: 8.25 बजे कुल्लू से उड़ान भरी जाएगी जो सुबह 9.30 बजे अमृतसर पहुंचेगी। अमृतसर से वापसी उड़ान प्रात: 10.00 बजे होगी जो 11.05 बजे कुल्लू पहुंचेगी। इस रूट पर 50 प्रतिशत सीटों पर उपदान उपलब्ध रहेगा, जिसके अन्तर्गत कुल्लू से अमृतसर सेक्टर के लिए हवाई किराया 2637 रुपये और अमृतसर से कुल्लू के लिए 3284 रुपये होगा।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र राज्य के युवाओं के लिए रोज़गार के अवसर प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है और प्रदेश के राजस्व में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। राज्य की नैसर्गिक सुन्दरता और यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से पर्यटकों को अवगत करवाने के लिए सरकार यातायात सेवाओं को सुदृढ़ कर रही है। राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए हवाई सेवा को विस्तार प्रदान करते हुए हेलीपोर्ट स्थापित करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रमुख पर्यटन स्थलों तक हवाई सेवा को विस्तार प्रदान कर रही है। शिमला के जुब्बड़हट्टी, कुल्लू के भुंतर और कांगड़ा के गग्गल हवाई अड्डों पर बेहतर सुविधाओं के अलावा, राज्य के हवाई सेवा नेटवर्क को और सुदृढ़ करते हुए बड़े विमानों की लैंडिंग को आसान बनाने के लिए कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार किया जा रहा है।

# प्राकृतिक कृषि पद्धति से मजबूत होगी किसानों की आर्थिकी : शिवप्रताप शुक्ला



**शिमला,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्राकृतिक खेती की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस कृषि पद्धति को अपनाने से न केवल किसानों की आर्थिकी मजबूत होगी बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

राज्यपाल ने मंगलवार सायं किन्नौर ज़िला के कल्पा में कृषि विज्ञान केंद्र, शारबो में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी द्वारा आयोजित किसान मेले के दौरान कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन में विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों को भारत में प्राकृतिक खेती से तैयार मोटे अनाज के व्यंजन परोसे गए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हमें प्राकृतिक उत्पादों को अपनाना होगा और इसके लिए हमें पौष्टिक अनाज की पैदावार करनी होगी। उन्होंने कहा कि किन्नौर जिला में बाजरा की खेती की संभावना है और किसानों को इस खेती का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से काले जीरे की खेती को प्रोत्साहित करने पर भी बल दिया।

उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को इस दिशा में कार्य करने और किसानों को प्रोत्साहित और प्रशिक्षित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यदि विश्वविद्यालय और किसान मिलकर इस दिशा में कार्य करें तो यह लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने जिला प्रशासन से पौष्टिक अनाज के लिए उपयुक्त विपणन प्रणाली विकसित करने और स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को अच्छा बाज़ार उपलब्ध करवाकर उन्हें प्रोत्साहित करने को कहा। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। राज्यपाल ने कृषि उपज पर आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इससे पहले, औद्यानिकी विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति और निदेशक, विस्तार शिक्षा डॉ. इंद्र देव ने राज्यपाल का स्वागत किया और क्षेत्रीय औद्यानिकी अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र शारबो की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों ने सेब की बागवानी, महिला सशक्तिकरण और कृषि, प्राकृतिक खेती, औषधीय पौधों और मधुमक्खी पालन के संबंध में अपने अनुभव भी साझा किए। शारबो केन्द्र के सह निदेशक डॉ. अशोक ठाकुर ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

इससे पहले, राज्यपाल ने सब्जी उत्पादन अनुसंधान केंद्र कल्पा का भी दौरा किया और उच्च घनत्व सेब की बागवानी का जायज़ा लिया। उन्होंने ड्रोन का प्रदर्शन भी देखा। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि में नवीन तकनीक का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्च घनत्व वृक्षारोपण एवं ड्रोन तकनीक का प्रयोग कर किसानों को काफी लाभ मिल सकता है।

इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा, किन्नौर के उपायुक्त तोरुल रवीश, पुलिस अधीक्षक विवेक चहल और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# खालिस्तानी समर्थकों के खिलाफ उत्तराखण्ड में छापेमारी



**देहरादून,** 27 सितम्बर (देशबन्धु) खालिस्तानी समर्थकों के खिलाफ भारत सरकार के तल्ख तेवर हैं। उत्तराखंड में भी बुधवार को एनआईए ने छापेमारी की है। देहरादून समेत कई शहरों में एनआईए की कार्रवाई जारी है।

उत्तराखंड में एनआईए की छापेमारी चल रही है। खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट नामक संगठन को गोली सप्लाई करने के आरोप में बुधवार को एएनआईए की टीम देहरादून पहुंची है। देहरादून क्लेमेंट टाउन स्थित परीक्षित नेगी के घर सरकारी जांच एजेंसी की टीम और पुलिस मौजद है।

पिछले साल दिल्ली में भारी मात्रा में अवैध कारतूस पकड़े जाने के मामले में दिल्ली पुलिस ने देहरादून के आर्म्स डीलर परीक्षित नेगी को गिरफ्तार किया था।। इन दिनों परीक्षित जमानत पर बाहर है और अपने क्लेमेनटाउन स्थित घर में है। एनआईए को इनपुट मिला था कि देहरादून के परीक्षित नेगी के गन स्टोर से खालिस्तान समर्थकों को कारतूस उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा अमृतसर समेत अन्य स्थानों पर भी कारतूस सप्लाई करने की सूचना एनआईए को मिली थी। एनआईए ने बुधवार सुबह देहरादून के क्लेमेनटाउन में परीक्षित नेगी के घर पर छापा मारा, पुलिस बल की मौजूदगी में एनआईए की टीम पूछताछ कर रही है।

# प्रादेशिकी

## सिगरेट न लाने के विवाद की रंजिश में मदरसे में छात्रों व इमाम की पिटाई

**फर्रुखाबाद,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। सिगरेट न लाने के विवाद की रंजिश में मदरसे में छात्रों व इमाम की पिटाई की गई, प्रधानाचार्य जान बचाकर भागे। थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला हाता इस्लाम निवासी प्राचार्य मोहम्मद नकी पुत्र रफी ने मोहल्ला तकिया नसरत शाह निवासी मुदस्सर पुत्र नसीम फरमान कासिम आदि के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानाचार्य जकी 11.30 बजे मोहल्ला गढी अशरफ अली स्थित मदरसा सरैय्या जमेउन्नूर के कार्यालय में बैठे थे। तभी स्कूल से निकला गया छात्र शाहिद मोहल्ले के नामजद आरोपियों व 8- 10 अज्ञात लोगों के साथ लाठी डंडों से लैस होकर मदरसे में घुस गए जो मदरसे के छात्र शाहबाज समीर आदि को गाली देकर पीटने लगे। छात्रों के शोर मचाने पर प्रधानाचार्य ऑफिस के बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि आरोपी छात्रों को कमरे में बंद कर मार रहे थे।

# प्रमुख पर्यटन स्थलों पर मिलेगी इलेक्ट्रिक वाहनों की सुविधा : योगी

### विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित समारोह को किया संबोधित

**लखनऊ/गोरखपुर,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पर्यटन की संभावनाओं के साथ ग्रीन इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-बस व ई रिक्शा) की सेवा उपलब्ध कराई जाए। वहां डीजल-पेट्रोल से चलने वाले वाहनों का संचलन न हो। इसके लिए निजी ऑपरेटर्स को प्रोत्साहित किया जाएगा।

योगी बुधवार अपराह्न विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित प्रर्दशनी का उद्घाटन, उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित ए टू जेड पुस्तिका का विमोचन, युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों को किट वितरण एवं उत्तर प्रदेश के अग्रणी पर्यटन उद्यमियों का सम्मान करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यटन




**जीवन को जीने की एक नई विधा प्रस्तुत करता है पर्यटन : योगी आदित्यनाथ**

दिवस की थीम है टूरिज्म एंड ग्रीन इन्वेस्टमेंट। प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इलेक्ट्रिक वाहनों की सुविधा से लोगों को एक बहुत अच्छा वातावरण मिलेगा।

वहां पर अपने आप एक आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण मिलेगा। पर्यटन स्थल को हम इस ढंग से विकसित करें कि वहां पर जनरेटर भी न चले, सोलर लाइट की व्यवस्था करें। कोई ऐसी व्यवस्था करें जो ग्रीन एनर्जी के माध्यम से उसे क्षेत्र के विद्युतीकरण की व्यवस्था को पूरा कर सकती हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश के अंदर 30 करोड़ पर्यटक धार्मिक दृष्टि के अलग-अलग पवित्र धामों का दर्शन करने आए। यह 30 करोड़ केवल संख्या नहीं है बल्कि इसके पीछे पूरा एक इको सिस्टम छिपा हुआ है। इनसे वाहन संचलन से जुड़े लोगों, फूल, प्रसाद बेचने वालों, होटल, धर्मशाला और रेस्टोरेंट कारोबार से जुड़े, और अन्य भी तमाम लोगों को रोजगार मिला होगा, उनकी आजीविका समृद्ध हुई होगी।

सीएम योगी ने कहा कि सिर्फ सावन के माह में अकेले काशी विश्वनाथ धाम में लगभग 2 करोड़ श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। जबकि पहले इतनी बड़ी संख्या में लोग नहीं आते थे।

### विश्व पर्यटन दिवस की दीं शुभकामनाएं

विश्व पर्यटन दिवस की सबको शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन हम सबके जीवन में एक नया परिवर्तन करते हुए जीवन को जीने की एक नई विधा प्रस्तुत करता है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक के जीवन में उत्साह और उमंग की भावना का संचार करने के लिए पर्यटन की ढेर सारी संभावनाओं को सामने लाने की आवश्यकता है। अगर भारत या उत्तर प्रदेश की दृष्टि से देखें तो प्रमुख रूप से दो प्रकार के टूरिज्म देखने को मिलते हैं एक धार्मिक और दूसरा मनोरंजन से जुड़ा। दोनों प्रकार के टूरिज्म के साथ पूरा इको सिस्टम काम करता है। एक आस्था से जुड़ा है तो दूसरा मनोरंजक के साथ ज्ञानवर्धक भी है। सीएम ने कहा कि अगर यूपी की दृष्टि से देखेंगे तो स्पिरिचुअल टूरिज्म का जितना धनी उत्तर प्रदेश है, उतना दुनिया के अंदर कहीं अन्यत्र मिलना मुश्किल है।

## एएस के खिलाड़ियों ने 12 गोल्ड व 15 सिल्वर मेडल झटके

**मवाना,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। ए.एस. इंटर कॉलेज मवाना की कु. रमा को जूनियर वर्ग में तीन गोल्ड मेडल, सब जूनियर में एएस इंटर कॉलेज मवाना की कु.खुशी को 3 गोल्ड, सीनियर वर्ग में कृषक इंटर कॉलेज मवाना की कु. आस्था को 3 गोल्ड मेडल, मेजर आशा राम इंटर कॉलेज गणेशपुर के अभिषेक को मिले 2 गोल्ड व एक सिल्वर मेडल मिले। ए एस इंटर कॉलेज मवाना मेरठ में तीन दिवसीय क्षेत्रीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन बुधवार को नगर पालिका मवाना के चेयरमैन अखिल कुमार कौशिक, प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी तथा प्रधानाचार्य डॉ.मेघराज सिंह ने प्रशस्ति पत्र तथा मेडल पहनाकर किया।



**कृषक इंटर कॉलेज मवाना को 8 गोल्ड व 7 सिल्वर मेडल मिले**

क्षेत्रीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन सीनियर वर्ग बालिका ट्रिपल कूद में वैशाली एएस इंटर कॉलेज, मवाना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पैदल चाल में रामभतेरी एएस इंटर कॉलेज,मवाना ने प्रथम स्थान, लम्बी कूद में एएस इंटर कॉलेज की वैशाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्रॉस कंट्री मे एएस इंटर कॉलेज, की रामभतेरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## अल्पसंख्यक छात्रों को उत्तर प्रदेश सरकार का तोहफा

- मेरिट के आधार पर वरीयता प्रणाली लागू
- अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों को लाभान्वित करने के लिए नियमावली में किया गया संशोधन

**लखनऊ,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश की योजनाओं में बिना भेदभाव हर किसी को उसका हक देने की पक्षधर योगी सरकार ने अब अल्पसंख्यक छात्रों को बड़ा तोहफा दिया है। अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग द्वारा संचालित राज्य छात्रवृत्ति योजनाओं में पारदर्शिता, प्रक्रियाओं का सरलीकरण एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार ने नियमावलियों में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। संशोधित नियमावली के तहत अब मेरिट बेस्ड वरीयता प्रणाली को लागू किया जा रहा है। इसमें आधार वेरिफिकेशन और आधार बेस्ट पेमेंट सिस्टम (डीबीटी) प्रणाली द्वारा भुगतान किए जाने की व्यवस्था की गई है। यही नहीं, शिक्षण संस्थाओं के लिए AISHE/UDISE कोड की अनिवार्यता की गई है तथा दशमोत्तर के विभिन्न कोर्स ग्रुप के लिए बजट का अनुपातिक रूप से निर्धारण किया गया है, ताकि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को अधिक संख्या में लाभान्वित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि पूर्व में प्रचलित व्यवस्था में रिन्यूअल कैटेगरी के आवेदकों को प्राथमिकता एवं वरीयता दिए जाने के कारण उच्चतर मेधा वाले नई कैटेगरी के आवेदक लाभान्वित होने से वंचित रह जाते थे। नई नियमावली में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों की उच्च मेधा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से मेरिट आधारित प्रणाली को लागू किया गया है, जिससे अभ्यर्थियों के चयन में पारदर्शिता भी आएगी। उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि प्रदेश के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में पूर्व दशम कक्षाओं में अध्ययनरत छात्रों की छात्रवृत्ति योजना की नियमावली वर्ष 2016 में प्रख्यापित की गई थी, जिसमें दो बार संशोधन किया गया तथा दशमोत्तर कक्षाओं की योजना के लिए वर्ष 2012 में छात्रवृत्ति नियमावली प्रख्यापित की गई थी।

**सार संक्षेप**

### मवाना के कृषक इंटर कॉलेज में विवाद

**मवाना।** कृषक इंटर कालेज मवाना में प्रधानाचार्य व शिक्षकों के बीच पैदा हुआ विवाद थम नहीं रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक मेरठ को हस्तक्षेप करते हुए विवाद की जांच करने को तीन सदस्यीय कमेटी कालेज में भेजनी पड़ी। तीन सदस्यीय कमेटी ने शुक्रवार को दोबारा जांच कर अपनी रिपोर्ट डीआईओएस को भेजेगी। कृषक इंटर कालेज मवाना में प्रधानाचार्य के द्वारा रखे गये एक निजी कर्मचारी ने फेसबुक पर शिक्षकों के चरित्र के बारे में टिप्पणी कर दी। इस मामले को लेकर शिक्षकों में रोष व्याप्त हो गया। उस देख कालेज में शिक्षकों ने प्रधानाचार्य से शिकायत की।

### समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव बने प्रभुदयाल

**मवाना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि को समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है। इससे सपा में पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि का कद बढ़ गया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय सचिव नामित कर उनसे समाजवादी पार्टी में सक्रिक्रयता निभाते, अच्छा कार्य करने की उम्मीद की है। उनके राजनीति सफर के अनुसार प्रभुदयाल वाल्मीकि वर्ष 2002 में पहली बार हस्तिनापुर विधान सभा सीट से सपा विधायक बने और करीब छह माह बाद वर्ष 2003 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनी, जिसमें प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने उन्हें प्रदेश में काम करने का मौका देते हुए लघु उद्योग व रेशम विभाग का राज्य मंत्री बनाया था। इसके बाद प्रभुदयाल वाल्मीकि पार्टी की सेवा करते रहे। दोबारा सपा ने उन पर भरोसा करते हुए वर्ष 2012 में टिकट पर चुनाव लड़ाया और दोबारा विधायक चुने गए।

### मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के निदेशक मंडल की बैठक सम्पन्न

**मेरठ।** आयुक्त सभागार में आयुक्त सेल्वा कुमारी जे.की अध्यक्षता में मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. मेरठ के निदेशक मंडल की 26वीं बैठक आहूत की गई। बैठक में आयुक्त महोदया द्वारा जनपद में इलेक्ट्रिक बसो के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाने हेतु भूमि चिन्हांकन के लिए समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरएम रोडवेज को निर्देशित करते हुये कहा कि चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए अवस्थिति सहित रोडमैप तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि स्थान चयन करते समय यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि उक्त स्थान पर विद्युत आपूर्ति सुगमतापूर्वक हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, एमडीए उपाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, नगर आयुक्त डा.अमित पाल शर्मा, एसपी ट्रैफिक जितेन्द्र श्रीवास्तव, आरटीओ हिमेश तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व मेरठ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरी इण्टरमीडिएट वर्ष 2019-2020 अनुक्रमांक 4009104 यूपी बोर्ड की मार्कशीट व सनद वास्तव में खो गई हैं।

**-नितिन कुमार पुत्र राकेश ग्राम बपारसी तहसील सरधना जिला मेरठ।**

## सफाई व्यवस्था से लेकर बिजली की मिलेगी भरपूर आपूर्ति

**मवाना,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने नगरपालिका में आ रहीं शिकायतों के निस्तारण को लेकर बुधवार जनता से रूबरू होकर मलिन बस्तियों में पहुंचकर सफाई से लेकर बिजली आदि निर्माण कार्यो जैसी अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर हाल जाना। बुधवार को नगरपालिका मवाना चेयरमैन अखिल कुमार कौशिक ने वार्ड दो मौहल्ला तिहाई एवं कपिल सिनेमा के पीछे स्थित मलिन बस्तियों में रहने वाले परिवार के बीच पहुंचे और जनता जनार्दन से बिजली, पानी, साफ-सफाई आदि की समस्याओं को सुना।



- **नगरपालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने मलिन बस्तियों में पहुंचकर जनता से जाना हाल**

मलिन बस्तियों में रहने वाले नागरिको ने बताया गया कि मलिन बस्तियों में बन्द पडी लाईटो एवं नालियों की सफाई आदि नियमित रूप से कराने की समस्याओं को रखा। श पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने नगरपालिका सम्बन्धित कर्मचारियों को बुलाकर उनका निस्तारण कराया गया।

## इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव में उप्र को तीसरा स्थान

- आगरा देश का तीसरा सबसे स्मार्ट शहर
- उत्तर प्रदेश को 10 अलग-अलग श्रेणियों में मिले पुरस्कार, वाराणसी नॉर्थ जोन में टॉप
- उत्तर प्रदेश के चार बड़े शहरों को स्मार्ट सिटी रैंकिंग की अलग अलग श्रेणियों में मिला पुरस्कार

**लखनऊ,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी के मामले में उत्तर प्रदेश को देश के टॉप थ्री राज्यों में चुना गया है। इसके अलावा आगरा देश का तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट शहर बन गया है। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से इंदौर (मप्र) के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव 2023 में उत्तर प्रदेश को विभिन्न श्रेणियों में 10 पुरस्कार हासिल हुए हैं। कॉन्क्लेव में बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यूपी को सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में तीसरे स्थान पर आने पर पुरस्कृत किया। वहीं नॉर्थ जोन में वाराणसी को सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी में नंबर वन पायदान पर रखते हुए पुरस्कृत किया गया है। समारोह में प्रदेश के अन्य शहरों को भी अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया है। देश की सौ स्मार्ट सिटी के बीच विभिन्न श्रेणियों में कान्टेस्ट का आयोजन बीते वर्ष केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने कराया था। प्रदेश सरकार की ओर से प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात, व स्मार्ट सिटी मिशन डायरेक्टर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया।

बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी नगर निगमों में स्मार्ट सिटी के साथ-साथ सेफ सिटी बनाये जाने का कार्य भी प्रगति पर है।

### नौ हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाएं

स्मार्ट सिटी मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के 10 शहर आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी शामिल हैं। इन शहरों में 9313.45 करोड़ रुपए की लागत से स्वच्छता, जलापूर्ति, पथ-प्रकाश, सीवरेज जैसी बेहतर नागरिक सुविधाओं के साथ-साथ स्मार्ट मार्ग, स्मार्ट पार्किंग, पार्को एवं वाटर बॉडीज की कुल 670 परियोजएं प्रस्तावित हैं। अबतक 5889.14 करोड़ रुपए की 456 परियोजनाओं को पूरा कर लिया गया है, जबकि 3424.31 करोड़ रुपए की लागत से 214 कार्य प्रगति पर हैं। इसमें भी प्रदेश के आगरा, कानपुर, वाराणसी व झांसी को पूर्ण धनराशि प्राप्त हो चुकी है, जबकि लखनऊ, बरेली, प्रयागराज व अलीगढ़ द्वारा मात्र अन्तिम किस्त की धनराशि प्राप्त की जानी है।

## जीटीबी के छात्रों ने बनाईं गणेश की इको-फ्रेंडली प्रतिमाएं



**मेरठ,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में आर्ट एण्ड क्राफ्ट विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चो ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर विभिन्न प्रकार गणेश प्रतिमाएं बनाई। मिट्टी का प्रयोग कर बच्चों ने गणेश जी की की सुंदर-सुंदर प्रतिमाएं बनाई। दूसरी ओर कुछ बच्चों ने गणेश जी के पोस्टर भी बनाए जोकि सबको अपनी ओर आकर्षित किया तथा सभी बच्चों ने मिलकर गणेश पूजन भी किया। बाद में सभी बच्चों ने शिक्षकों के साथ मिलकर मिट्टी से बने गणेश जी की प्रतिमाओं का इको-फ्रेंडली तरीके से विसर्जन कर सबको अपनी ओर मंत्रमुग्ध कर दिया।

## शारीरिक रूप से फिट होते हैं सैनिक स्कूलों के बच्चे : गीता

- **स्वामीनाथ शुक्ल**



**अमेठी,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। अमेठी सैनिक स्कूल की लेफ्टिनेंट कर्नल गीता महाडीक ने कहा कि सैनिक स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को पाठ्यक्रम की शिक्षा के साथ सेना से जुड़ी सभी प्रकार की गतिविधियां पढ़ाई और कराई जाती है। जिससे सैनिक स्कूल के छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से फिट होते हैं।

सामान्य छात्रों से ज़्यादा अनुशासित और बुद्धिमान होते हैं। इसीलिए सैनिक स्कूलों के ज़्यादा बच्चे सेना में चयनित होते हैं। अमेठी सैनिक स्कूल की लेफ्टिनेंट कर्नल गीता महाडीक बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को सफल बनाने और एक तारीख, एक घंटा, एक साथ होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भारत के 24 प्रदेशों में 33 सैनिक स्कूल खुले हैं। इसमें सबसे ज्यादा तीन स्कूल अमेठी, झांसी और मैनपुरी उत्तर प्रदेश में हैं। इसके बाद आंध्र प्रदेश, बिहार, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान में दो-दो सैनिक स्कूल है। बाकी अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में एक-एक सैनिक स्कूल खुले हैं। अमेठी सैनिक स्कूल की प्रिंसिपल गीता महाडीक ने बताया कि छह से नौ तक की कक्षाएं संचालित की जाती है। 27 लड़कियों को जोड़कर 340 छात्र है। तीन साल पहले कक्षा छह से कक्षाओं का संचालन शुरू किया गया था। हर साल एक कक्षाएं बढ़ रही है। आगे छह से बारह तक की कक्षाएं संचालित होगी। उन्होंने बताया कि हर साल नब्बे छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।

## डांस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया अभिनय

**मेरठ,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर बीए जेएमसी विभाग द्वारा एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तर्ज पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के कई राज्यों से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर अपनी डांस प्रतिभा का परिचय दिया। मुख्य अतिथि माधुरी डांस अकादमी की निदेशक माधुरी मिश्रा रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान की प्राचार्या डॉ.अनुप्रिता शर्मा ने कहा कि विश्व पर्यटन दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन को बढ़ाना और और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना है उन्होंने कहा कि पर्यटन के द्वारा हम दूसरे देशों की संस्कृति तथा सभ्यता की जानकारी प्राप्त करते हैं। वही संस्थान के निदेशक इंजी. विकास कुमार ने जानकारी दी।

## ऑडिट की तिथि बढ़ी, लेकिन व्यापारियों को राहत नहीं



- यूपी उद्योग व्यापार मंडल ने जताया विरोध
- तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर वित्त मंत्री को भेजा पत्र

**मेरठ,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। इस वित्तीय वर्ष में ऑडिट करने की तिथि का समय 1 अप्रेल से शुरू हो गया था, परन्तु तकनीकी दिक्कतों कारण पोर्टल ने 12 जुलाई से कार्य करना शुरू किया। जिसके चलते केन्द्र सरकार ने ऑडिट व रिटर्न की अंतिम तिथि को एक माह बढ़ाया है। परन्तु इसमें व्यापारी वर्ग को राहत नहीं है। जिससे व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है। इसी के मद्देनजर यूपी उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष लोकश कुमार अग्रवाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भेजा है। पत्र में मांग की गई है कि सरकार द्वारा इनकम टैक्स का ऑडिट करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2023 व रिटर्न फाईल करने की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 निर्धारित की गई है, परन्तु डिपार्टमेंट का पोर्टल ने 12 जुलाई के बाद से काम करना शुरू किया है। आपके द्वारा ट्रस्ट, इंस्टीट्यूशन, यूनिवर्सिटी एवं अन्य एजुकेशनल इंस्टीट्यूशलन आदि की तो ऑडिट की तिथि बढ़ाकर 31 अक्टूबर 2023 व रिटर्न जमा करने की तिथि 30 नवम्बर 2023 कर दी गई है। लेकिन व्यापरी वर्ग को इसमे कोई राहत नहीं दी गई। कम समय होने के चलते व्यापारी को ऑडिट कराने व रिटर्न फाइल करने का प्रर्याप्त समय नहीं मिल पाया है। उन्होंने मांग की है कि अन्य संस्थानों की तरह व्यापारियों के लिए भी ऑडिट कराने की अन्तिम तिथि बढ़ाकर 31 अक्टूबर व रिटर्न जमा करने की तिथि 30 नवम्बर कर दी जाए।

**आयोजन** *जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट का किया गया आयोजन*

## गोद लिए गए गांव में जागरूकता शिविर लगाएगा विवि

**मेरठ,27 सितम्बर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के 25 छात्रों एवं पांच शिक्षकों का दल दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। कार्यक्रम में देश भर से प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के छात्र एवं शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।इस महत्वपूर्ण यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित किया गया। जिसकी शुरुआत में प्रधानमंत्री द्वारा जी-20 सबमिट के ऊपर लिखी गई**

चार पुस्तकों का विमोचन कर कि गई तत्पश्चात छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले 2047 तक भारत विश्व का एक विकसित राष्ट्र बनकर रहेगा और इसके लिए जो कुछ भी उन्हें करना होगा वह करके रहेंगे। जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट का उद्देश्य भारत के युवाओं में भारत के जी-20 प्रेसिडेंसी की समझ को बढ़ाना है और उनकी भागीदारी को विभिन्न जी-20 घटनाओं में बढ़ावा देना है। युवा शक्ति को संबोधित करते समय प्रधानमंत्री ने परिवर्तन की बात की और इसे भारत के भविष्य के लिए एक मंच के




रूप में विवेचित किया। उन्होंने वहां लिए गए निर्णयों की महत्वपूर्णता को बताया, जो वैश्विक सुधार और राष्ट्रों के बीच सामान्य मूल स्थिति की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों से आग्रह करते हुए कहां की हमें आने वाले 2 अक्टूबर को अपने देश को एक स्वच्छ देश बनाना है जिसके लिए आपका सहयोग आवश्यक है। इसके अलावा उन्होंने बल देते हुए कहा कि अब समय आ गया है अब हमे वोकल फॉर लोकल होने की आवश्यकता है।

हमें अपने घरों में मेड इन इंडिया प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना चाहिए इसके अलावा उन्होंने सभी छात्रों से यूपीआई का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने पर जोर दिया और कहा कि अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करे। शोभित विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री की बात की गंभीरता को समझते हुए विवि द्वारा गोद लिए गए गांव में यूपीआई को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की पहल बात कही। जिसके लिए विश्वविद्यालय के छात्र इन सभी गांव में जाकर वहां के लोगों के बीच यूपीआई को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे। इसके अलावा आगामी 2 अक्टूबर को स्वच्छता कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और अपने आसपास होने वाली गंदगी को जड़ से खत्म करेंगे। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, जी-20 शेर्पा अमिताभ कांत, मुख्य सचिव पी.के. मिश्रा, और यूजीसी चेयरमैन मामीदाला जगदीश कुमार ने भी अपनी सहभागिता की और छात्रों को संबोधित किया। छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र को धन्यवाद किया।

- शोभित विवि के छात्रों व शिक्षकों ने सुना पीएम का संबोधन
- आगामी दो अक्टूबर को स्वच्छता कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा

## डॉ. शल्या शिक्षा गौरव सम्मान से सम्मानित

**मेरठ,**27 सितम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद में लोक पहल एवं अरुणोदय संस्था के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धेय अशोक सिंघल की जयंती पर बौद्धिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज को शिक्षा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.प्रवेश कुमार चौधरी, लोक पहल के अध्यक्ष डॉ.बीएल आर्या एवं अरुणोदय संस्था की अध्यक्ष डॉ. अनुभूति चौहान ने डॉ. शल्या राज को प्रेषित किया। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ.शल्या राज ने लोक पहल एवं अरुणोदय संस्था को धन्यवाद किया। उन्होंने राष्ट्र सेवक श्रद्धेय अशोक सिंघल को उनकी जयंती पर नमन किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अशोक सिंघल द्वारा श्री राम जन्मभूमि आन्दोलन में अग्रणी रह कर राष्ट्र एकता हेतु किया गया।



## आने वाले महीनों में मेरी स्पेशल ट्रिप का प्लान, फ्रांस और पेरू के बीच में उलझी हूं: निक्की शर्मा

मुंबई, 27 सितम्बर (एजेंसियां)। शो 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में 'शक्ति' की भूमिका निभा रही एक्ट्रेस निक्की शर्मा ने 'विश्व पर्यटन दिवस' पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि दुनिया अद्भुत जगहों से भरी है और हर यात्रा अपने आप में एक खास अनुभव है। दिल्ली की रहने वाली निक्की ने कहा कि 'विश्व पर्यटन दिवस' पर, वह केवल अपनी अद्भुत यात्राओं के बारे में सोच सकती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'यात्रा करना सिर्फ नई जगहों पर जाने के बारे में नहीं है। यह खुद को बेहतर तरीके से जानने के बारे में भी है। मैं गोवा गई हूं और लंदन, सर्बिया और आयरलैंड की बिजी सड़कों का अनुभव भी किया है। हर एक लोकेशन की अपनी स्पेशल स्टोरी मेरे दिल में है।'

# आईआईटी कानपुर ने खोजा दूर बैठे फेफड़ों के मरीजों की निगरानी का उपाय

**कानपुर,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने फेफड़ों को स्वस्थ्य रखने के लिए 'ए-कंटीन्यूअस लंग हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम' नामक एक तकनीक विकसित की है। यह दूर बैठे मरीज की न सिर्फ निगरानी करेगा, बल्कि उसकी आवाज का डेटा एकत्रित कर इलाज में सहयोग प्रदान करेगा। इस प्राणली से डॉक्टरों को मरीजों की किसी भी स्थिति में परिवर्तन गिरावट के बारे में तत्काल जानकारी हो जायेगी। यह तकनीक आईआईटी कानपुर ने आईआईटी खड़गपुर और आईआईआईटी रायपुर के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर विकसित की है। यह मास्क रिपोर्ट बताने के साथ डॉक्टर तक भी रियल टाइम रिपोर्ट भेज देगा। संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. एस गणेश ने बताया कि इस सिस्टम का नाम ए कंटीन्यूअस लंग हेल्थ मॉनीटरिंग सिस्टम रखा गया है। इसे विकसित करने के लिए इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वित्तीय सहायता दी थी। इसका पेटेंट मिल गया है। प्रो. एस गणेश ने बताया कि शोधकर्ताओं की टीम ने एक किफायती और क्रांतिकारी रोगी निगरानी प्रणाली का आविष्कार किया है, जो विशेष रूप से फेफड़ों की देखभाल की क्षमता को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह आईआईटी कानपुर की अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो मरीजों को सीधे लाभ पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि संक्रामक फेफड़ों की बीमारियों के कारण मरीज आमतौर पर घर पर ही रहते हैं, जिससे निरंतर चिकित्सा निगरानी के लिए चुनौतियां पैदा होती हैं। रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम एक समाधान तो प्रदान करते हैं, फिर भी उन्हें देरी और नेटवर्क समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आईआईटी कानपुर की यह तकनीक फेफड़ों की बीमारी के डेटा तक तेजी से पहुंच प्रदान करती है और मरीज को कहीं भी बैठकर बीमारी की निगरानी करने की सुविधा देती है। इस सिस्टम में अत्यधिक संवेदनशील ध्वनि सेंसर के साथ ध्वनिक मास्क है जिसे मुंह और नाक में लगाया जाएगा। इससे श्वास की आवाज को इंटेलीजेंट कार्ड व साउंड कार्ड डिवाइस तक पहुंचेगी। यह डिवाइस में एक वाई-फाई मॉड्यूल लगा है। इसमें प्रोसेसिंग इकाई है, जिसमें इनबिल्ट मेमोरी और माइक्रोप्रोसेसर है जो रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके बाद रियल टाइम रिपोर्ट डॉक्टर तक पहुंचाने में मदद करेगी।




**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने फेफड़ों को स्वस्थ्य रखने के लिए 'ए-कंटीन्यूअस लंग हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम' नामक एक तकनीक विकसित की है। यह दूर बैठे मरीज की न सिर्फ निगरानी करेगा, बल्कि उसकी आवाज का डेटा एकत्रित कर इलाज में सहयोग प्रदान करेगा।**

प्रो.एस गणेश ने कहा कि इस उपकरण का रोगी स्वास्थ्य निगरानी बाजार पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा क्योंकि यूएस-आधारित मार्केट्स एंड मार्केट्स की एक वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार यह अनुमान लगाया गया है कि 2027 तक निगरानी उपकरणों का मूल्य पूर्वानुमानित अवधि के दौरान 9.1 फीसद की सीएजीआर से बढ़कर 65.4 बिलियन डॉलर होने की संभावना है।

# धोने के बाद चेहरे की त्वचा के सख्त होने का खुलासा



**न्यूयॉर्क,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। क्या आपने कभी सोचा है कि क्लींजर से धोने के बाद आपके चेहरे की त्वचा सख्त क्यों महसूस होती है? एक शोध में इस समस्या के पीछे का कारण पता चला है। शोध से इस बात का पता चला है कि यह हमारी त्वचा की सबसे बाहरी परत स्ट्रेटम कॉर्नियम के संकुचन के कारण होता है। त्वचा शरीर का सबसे बड़ा अंग है। यह लगातार हमारे आस-पास के वातावरण के संपर्क में रहती है। स्ट्रेटम कॉर्नियम अवांछित रसायनों और बैक्टीरिया को बाहर रखने और नमी बनाए रखने के लिए एक बाधा के रूप में कार्य करता है। अमेरिका में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने दिखाया है कि कैसे हमारी त्वचा की बाहरी सतह परिवर्तन संवेदनाओं में तब्दील हो जाती है। यह निर्धारित करने के लिए एक मात्रात्मक दृष्टिकोण कि मॉइस्चराइजर या क्लींजर का उपयोग करने के बाद लोग अपनी त्वचा को कैसा महसूस करेंगे।

स्टैनफोर्ड के सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर रेनहोल्ड डौस्कार्ड ने कहा, 'यह कार्य इस बात की एक नई समझ प्रदान करता है कि उत्पाद हमारी त्वचा के भौतिक गुणों को कैसे प्रभावित करते हैं जिसमें न केवल त्वचा का स्वास्थ्य बल्कि त्वचा की संवेदी धारणा भी शामिल है।

**'यह कार्य इस बात की एक नई समझ प्रदान करता है कि उत्पाद हमारी त्वचा के भौतिक गुणों को कैसे प्रभावित करते हैं जिसमें न केवल त्वचा का स्वास्थ्य बल्कि त्वचा की संवेदी धारणा भी शामिल है। यह एक महत्वपूर्ण प्रगति है:-**
**रेनहोल्ड डौस्कार्ड, प्रोफेसर**

यह एक महत्वपूर्ण प्रगति है।' टीम ने अनुमान लगाया कि इस सिकुड़न या सूजन से उत्पन्न यांत्रिक बल त्वचा के माध्यम से एपिडर्मिस के नीचे मैकेनोरिसेप्टर (एक इंद्रिय अंग) तक पहुंचते हैं, जो तब मस्तिष्क को संकेत भेजते हैं जिसे हम त्वचा की जकड़न की भावना के रूप में समझते हैं। 'पीएनएएस नेक्सस' जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने मानव शरीर के तीन स्थानों - गाल, माथे और पेट - की त्वचा के नमूनों पर नौ अलग-अलग मॉइस्चराइजिंग फॉर्मूला और छह अलग-अलग क्लींजर के प्रभावों का अध्ययन किया। उन्होंने प्रयोगशाला में स्ट्रेटम कॉर्नियम में परिवर्तनों को मापा और फिर उस जानकारी को मानव त्वचा के परिष्कृत मॉडल में डाला ताकि मैकेनोरिसेप्टर्स द्वारा भेजे जाने वाले संकेतों की भविष्यवाणी की जा सके। उनके विश्लेषण की भविष्यवाणियां लगभग पूरी तरह से प्रत्येक सूत्र के लिए मानव परीक्षणों में लोगों द्वारा बताई गई बातों से मेल खाती हैं।

लोरियल रिसर्च एंड इनोवेशन के सहयोगियों ने नौ मॉइस्चराइजर का आकलन करने के लिए फ्रांस में 2,000 महिलाओं और चीन में छह क्लींजर का आकलन करने के लिए 700 महिलाओं को भर्ती किया। प्रतिभागियों को दिए गए फ़ॉर्मूले का उपयोग करने के बाद त्वचा की जकड़न की उनकी कथित भावनाओं को क्रमबद्ध किया गया। डॉसकार्ड ने कहा, 'त्वचा उपचार प्रसाधनों का उपयोग करने के बाद लोग कैसा महसूस करेंगे यह समझने के लिए सौंदर्य प्रसाधन कंपनियों को अपने फॉर्मूलेशन में सुधार करने में मदद मिल सकती है।'

# बेहतर लाइफ स्टाइल अपनाएं, दिल को स्वस्थ बनाएं

## नियमित स्वास्थ्य जांच, वजन प्रबंधन और हल्की एक्सरसाइज से हार्ट अटैक के खतरे को कम किया जा सकता है

**ग्रेटर नोएडा,** 27 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल से जुड़ी बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है। आज के समय में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण तनाव और तनावपूर्ण जीवनशैली के साथ-साथ खाने से जुड़ी समस्याएं काफी बढ़ी हैं। पिछले दशक में इन्हीं समस्याओं के कारण हृदय रोगों, हार्ट अटैक और स्ट्रोक से पीड़ित लोगों की संख्या काफी बढ़ गई है।



डॉ विवेक टंडन, एडिशनल डायरेक्टर, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा ने कहा कि भारत में मृत्यु दर के प्रमुख कारणों में से एक हृदय रोग है। पिछले कुछ साल में हार्ट अटैक के मामलों की संख्या में काफी बढ़ोतरी देखी गई है। इनको विभिन्न अध्ययनों में भी दर्ज किया गया है। इनमें दावा किया गया है कि 40 वर्ष से कम उम्र के 25: भारतीयों को दिल का दौरा पड़ने या दिल से जुड़ी अन्य गंभीर बीमारी होने का खतरा अधिक होता है। 40 से 50 वर्ष की उम्र के लोगों के लिए यह जोखिम 50: तक बढ़ जाता है।

डॉक्टरों ने इस बात पर जोर दिया है कि भारत में दिल की सेहत एक गंभीर चिंता का विषय रही है। इसलिए हृदय

- **29 सितम्बर को वर्ल्ड हार्ट डे**
- **हृदय रोग, धूम्रपान और उच्च तनाव स्तर की फैमिली हिस्ट्री वाले लोगों को ज्यादा खतरा होता है**

संबंधी किसी भी बीमारी से बचने के लिए थोड़ी एक्सरसाइज, वेट मेंटेन करना, स्वस्थ आहार, शराब और तंबाकू का सेवन कम करना बेहद जरूरी है।

डॉ विवेक टंडन, एडिशनल डायरेक्टर, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा 'यहां तक कि अगर हम एक्टिव हैं, संतुलित आहार लेते हैं, धूम्रपान और शराब छोड़ देते हैं और तनाव के स्तर को नियंत्रित रखने के तरीके अपनाते हैं तो अचानक हृदय गति रुकने से बचा जा सकता है। युवा आबादी में हार्ट अटैक के मामले बढ़ने का एक प्रमुख कारण लंबे समय तक काम करना, कम नींद और रिलेशनशिप से जुड़े मुद्दे हैं। यही तनाव और हृदय रोग का कारण बनते हैं। डॉक्टरों ने कहा है कि अगर किसी की हृदय रोग से जुड़ी फैमिली हिस्ट्री है या कोई खराब जीवनशैली जी रहा है तो उसे डॉक्टरों से अपनी जांच करवानी चाहिए।

फोर्टिस ग्रेटर नोएडा के फैसेलिटी डायरेक्टर प्रमित मिश्रा ने कहा कि इस प्रतिस्पर्धी समय में हमारी नींद पर असर पड़ता है, जिससे कि हमारा स्वास्थ्य खराब हो जाता है। जबकि जो लोग अपनी नींद का चक्र पूरा करते हैं और स्वस्थ नींद लेते हैं, वे स्वस्थ हृदय के साथ-साथ वजन और बीपी जैसे स्वास्थ्य कारकों का प्रबंधन करने में बेहतर होते हैं।

# सुल्तान ऑफ दिल्ली में काम कर खुश है मौनी रॉय



**मुंबई,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय फिल्म सुल्तान ऑफ दिल्ली में काम कर बेहद खुश है। सुल्तान ऑफ दिल्ली, असेंशन बाय अर्णब रे किताब पर आधारित है।इस सीरीज के प्रोड्यूसर रिलायंस एंटरटेनमेन्ट और इसका निर्देशन मिलन लुथरिया ने किया है। सुपर्ण वर्मा ने इसे सह-निर्देशित किया है और इसके सह-लेखक भी हैं। मौनी रॉय ने 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में नयनतारा की भूमिका निभायी है। सुल्तान ऑफ दिल्ली में अपने किरदार के बारे में मौनी रॉय ने कहा, नयनतारा आजाद और निडर है। उसके विचार स्पष्ट हैं और वह जानती है कि उसे क्या चाहिये। वह एक बंगाली शेरनी जैसी है। जब मैं पहली बार मिलन सर से मिली और उन्होंने इस किरदार के बारे में मुझे बताया, तब मैं अपने मन में उम्मीद कर रही थी कि वह मुझे लेंगे। वह जिस तरह से सोचती है, महसूस करती है और अपने रास्ते में आगे बढ़ती है, इससे मैं सचमुच प्रभावित हुई। यदि आप किताब को पढ़ेंगे, तो उसकी दुनिया में होने का अनुभव करेंगे और मैं यही चाहती थी, इसलिये अपनी भूमिका से बेहद खुश हूं। सुल्तान ऑफ दिल्ली में ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, विनय पाठक और निशांत दहिया,अनुप्रिया गोयनका, मौनी रॉय, हरलीन सेठी और मेहरीन पीरज़ादा की मुख्य भूमिका है। 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' 13 अक्टूबर 2023 को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## 13 अक्टूबर को रिलीज होगी तापसी पन्नू की फिल्म धकधक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू निर्मित फिल्म धकधक 13 अक्टूबर को रिलीज होगी। तापसी पन्नू फिल्म धक-धक से बतौर प्रोड्यूसर नया सफर शुरू करने जा रही हैं। इस फिल्म को तापसी पन्नू वायाकॉम 18 के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रही हैं।

तरुण दुदेजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में फातिमा सना शेख ,दीया मिर्जा, रत्ना पाठक शाह और संजना सांघी की मुख्य भूमिका है।फातिमा सना शेख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म धकधक का पोस्टर शेयर किया, जिसमें फातिमा सना शेख, रत्ना पाठक शाह, दीया मिर्जा और संजना सांघी नजर आ रही हैं। इस पोस्टर में चारों बाइक पर सवार हैं। तापसी पन्नू ने फिल्म धकधक के पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा, मेरी चार हीरोज आपको एक ऐसे सफर पर आपको ले जाने के लिए तैयार हैं, जो आपको जिंदगी भर याद रहेगा। फिल्म 'धक-धक' 13 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# डेंगू का डेन-2 स्ट्रेन मिलने से गाजियाबाद के सरकारी अस्पतालों में जांच शुरू

## डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए लगातार स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

**गाजियाबाद**, 27 सितम्बर (एजेंसियां)। डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए लगातार स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है लेकिन दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा में मरीजों में डेंगू का डेन-2 स्ट्रेन पाए जाने के बाद स्वास्थ्य महकमा और चौकन्ना हो गया है। गाजियाबाद और नोएडा में स्वास्थ्य विभाग ने सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डेंगू-मलेरिया की जांच शुरू कर दी है। अस्पतालों में बेड आरक्षित कर दिए गए हैं। 26 सितम्बर की शाम तक गाजियाबाद में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 594 पहुंच गई है। यहां अब तक दो मरीजों की मौत हो चुकी है। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों मरीजों की मेडिकल हिस्ट्री देखी गई तो मल्टी ऑर्गन फेल्योर से मौत होने की बात सामने आई है। गौतमबुद्धनगर में भी 26 सितंबर तक डेंगू मरीजों की संख्या 506 पहुंच गई है। गाजियाबाद में स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया, 10 सितंबर को डेंगू के 50 पॉजिटिव और निगेटिव सैंपल जांच के लिए केजीएमसी लखनऊ भेजे गए थे। रैंडमाइजेशन के बाद इसमें पांच केस डेन-2 सीरो टाइपिंग मिले हैं। बता दें कि पिछले दिनों नोएडा में भी 17 मरीजों में डेंगू के डेन-2 स्ट्रेन की पुष्टि हुई थी।



# चीन ने अपना नवीनतम रिमोट सेंसिंग उपग्रह प्रक्षेपित किया

**जिउक्वान,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन ने बुधवार को उत्तर पश्चिम चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से अपना नवीनतम रिमोट सेंसिंग उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा। उपग्रह, याओगन-33 04, को लॉन्ग मार्च-4सी वाहक रॉकेट पर सुबह 4:15 बजे (बीजिंग समय) पर प्रक्षेपित किया गया। यह सफलतापूर्वक अपनी नियोजित कक्षा में प्रवेश कर गया है। उपग्रह का उपयोग वैज्ञानिक प्रयोगों, भूमि संसाधन सर्वेक्षण, फसल उपज अनुमान और आपदा रोकथाम और राहत कार्यों के लिए किया जाएगा। यह प्रक्षेपण लॉन्ग मार्च वाहक रॉकेट शृंखला का 489वां उड़ान मिशन था।



# आवाज के जादू से संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया लता मंगेशकर ने

**मुंबई,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड में लता मंगेशकर को ऐसी पार्श्वगायिका के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने अपनी आवाज के जादू से संगीत प्रेमियों के दिलों पर करीब सात दशक तक राज किया। मध्य प्रदेश के इंदौर में 28 सितम्बर 1929 को जन्मीं लता मंगेशकर (मूल नाम हेमा हरिदकर) के पिता दीनानाथ मंगेशकर मराठी रंगमंच से जुड़े हुये थे। पांच वर्ष की उम्र में लता ने अपने पिता के साथ नाटकों में अभिनय करना शुरू कर दिया। इसके साथ ही लता संगीत की शिक्षा अपने पिता से लेने लगी। उन्होंने वर्ष 1942 में फिल्म किटी हसाल के लिये अपना पहला गाना गाया लेकिन उनके पिता को लता का फिल्मों के लिये गाना पसंद नहीं आया और उन्होंने उस फिल्म से लता के गाये गीत को हटवा दिया। वर्ष 1942 में 13 वर्ष की छोटी उम्र में ही लता के सिर से पिता का साया उठ गया और परिवार की जिम्मेदारी उनके उपर आ गयी। इसके बाद उनका पूरा परिवार पुणे से मुंबई आ गया। लता को फिल्मों में अभिनय करना जरा भी पसंद नहीं था बावजूद इसके परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी को उठाते हुये उन्होंने फिल्मो में अभिनय करना शुरू कर दिया।



## 'जन्मदिवस 28 सितम्बर के अवसर पर'

वर्ष 1942 मे लता को 'पहली मंगलगौर' में अभिनय करने का मौका मिला। वर्ष 1945 में लता की मुलाकात संगीतकार गुलाम हैदर से हुयी। गुलाम हैदर लता के गाने के अंदाज से काफी प्रभावित हुये। गुलाम हैदर ने फिल्म निर्माता एस .मुखर्जी से यह गुजारिश की कि वह लता को अपनी फिल्म शहीद में गाने का मौका दे। एस.मुखर्जी को लता की आवाज पसंद नही आई और उन्होंने लता को अपनी फिल्म में लेने से मना कर दिया । इस बात को लेकर गुलाम हैदर काफी गुस्सा हुये और उन्होंने कहा यह लड़की आगे इतना अधिक नाम करेगी कि बड़े-बड़े निमार्ता-निर्देशक उसे अपनी फिल्मों में गाने के लिये गुजारिश करेगें।

वर्ष 1949 में फिल्म महल के गाने आयेगा आने वाला गाने के बाद लता बालीवुड में अपनी पहचान बनाने में सफल हो गयी। इसके बाद राजकपूर की बरसात के गाने जिया बेकरार है, हवा मे उड़ता जाये जैसे गीत गाने के बाद लता बालीवुड में एक सफल पार्श्वगायिका के रूप में स्थापित हो गयी। सी.रामचंद्र के संगीत निर्देशन में लता ने प्रदीप के लिखे गीत पर एक कार्यक्रम के दौरान एक गैर फिल्मी गीत ए मेरे वतन के लोगों गाया। इस गीत को सुनकर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू इतने प्रभावित हुये कि उनकी आंखो मे आंसू आ गये। लता के गाये इस गीत से आज भी लोगो की आंखे नम हो उठती है ।

लता की आवाज से नौशाद का संगीत सज उठता था । संगीतकार नौशाद लता के आवाज के इस कदर दीवाने थे कि उन्होने अपनी हर फिल्म में लता को ही लिया करते थे ।वर्ष 1960 मे प्रदर्शित फिल्म मुगले आजम के गीत मोहे पनघट पे गीत की रिकाडिंग के दौरान नौशाद ने लता से कहा था मैंने यह गीत केवल तुम्हारे लिये ही बनाया है, इस गीत को कोई और नहीं गा सकता है। हिन्दी सिनेमा के शो मैन कहे जाने वाले राजकपूर को सदा अपनी फिल्मो के लिये लता की आवाज की जरूरत रहा करती थी। राजकपूर लता के आवाज के इस कदर प्रभावित थे कि उन्होने लता मंगेश्कर को सरस्वती का दर्जा तक दे रखा था। साठ के दशक में लता पार्श्वगायिकाओं की महारानी कही जाने लगी।

# गौवंश को लंपी से बचाने के लिए एक करोड़ वैक्सीन लगवाएगी यूपी सरकार



- **उत्तर प्रदेश सरकार ने गोवंश को लंपी चर्म रोग से बचाने के लिए एक माह में एक करोड़ वैक्सीन लगाने का निर्देश दिया**

**लखनऊ,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार ने गोवंश को लंपी चर्म रोग से बचाने के लिए एक माह में एक करोड़ वैक्सीन लगाने का निर्देश दिया है। प्रतिदिन 3.5 लाख टीकाकरण करने का निर्देश दिया गया है। यूपी के पशुधन व दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने टीम के साथ बैठक कर प्रदेश में लंपी की रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। सरकार की ओर से कहा गया है कि गोवंश के बचाव के लिए प्रत्येक स्तर पर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाएं। प्रदेश के जो जनपद प्रभावित नहीं हैं, वहां गोटपॉक्स वैक्सीन से टीकाकरण कराया जाएगा। अपर मुख्य सचिव डॉ. रजनीश दुबे ने बताया कि अब तक 65 लाख टीकाकरण किया गया है। प्रदेश के समस्त जनपदों को वैक्सीन उपलब्ध करा दी गई है। अब तक 1,17,84,100 वैक्सीन जनपदों को वितरित की जा चुकी है। बीमारी से 40 जनपद प्रभावित हुए हैं। कुल 8,825 गोवंश प्रभावित हैं। बीमारी से मात्र 59 गोवंश की मृत्यु हुई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोआश्रय स्थलों एवं गोसंरक्षण केंद्रों के सैनिटाइजेशन एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। लंपी रोग से बचाव के लिए और अधिक सतर्कता बरतने व प्रभावित गोवंश के समुचित उपचार का भी निर्देश दिया गया है। वहीं पशु मेला/हाट आदि के आयोजन पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया गया है।

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम बुधवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एलटी | 1.70 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.51 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.44 प्रतिशत |
| मारुति | 1.42 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.18 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाइटन | 1.24 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.81 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.68 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.57 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.54 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## बासमती पर न्यूनतम निर्यात मूल्य घटाने की तैयारी में सरकार

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय चावल निर्यातक संघ (आईआरईएफ) के अध्यक्ष डॉ. प्रेम गर्ग ने कहा है कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बासमती चावल के निर्यात पर न्यूतम निर्यात मूल्य (एमईपी) घटाने का आश्वासन दिया है। डॉ गर्ग ने बासमती चावल पर एमईपी को बढ़ाए जाने के कारण निर्यातकों की परेशानी को वाणिज्य मंत्रालय के सामने एक बैठक में उठाया जिसमें केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि एमईपी बढ़ाने से ईराक और ईरान जैसे बाजारों में पहले से सस्ती दर के बासमती का निर्यात करने वाले निर्यातकों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है ।

डॉ गर्ग ने 'यूनीवार्ता' को बताया कि श्री गोयल ने चावल निर्यातक समुदाय की ओर से रखी गयी उनकी बात को गौर से सुना और बासमती पर एमईपी 850 डालर प्रति टन (एफओबी) तक घटाने की मांग पर आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व दुनिया के बाजारों में चावल की कीमतों में तेजी को देखते हुए सरकार ने गैर बसमती चावल के निर्यात पर पाबंदी लगा दी। इसके अलावा सस्ते किस्म के बामती के निर्यात को हतोत्साहित करने के लिए यह अधिसूचना भी जारी कर दी कि 1200 डालर प्रति टन (एफओबी) से कम मूल्य पर बासमती का निर्यात नहीं किया जा सकता।



डॉ गर्ग का कहना है कि बासमती पर 1200 डालर/टन का एमईपी लागू किए जाने से ऐसे निर्यातकों के कारोबार पर बहुत बुरा असर पड़ा है जो पहले से ही 850-1000 डॉलर/टन की दर पर ईरान, इराक और कुछ अन्य देशों में निर्यात कर रहे थे। भारतीय चावल निर्यात ने इस मुद्दे पर सरकार और एपेडा से बातचीत करने का अनुरोध किया था। उनके अनुरोध पर सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में गोयल, एपेडा अध्यक्ष - अभिषेक देव, अतिरिक्त सचिव - राजेश अग्रवाल और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। चावल निर्यातक संघ के अध्यक्ष ने कहा कि बासमती पर एमईपी घटाए जाने पर भारत फिर से पिछले वर्ष के आदेश के अनुसार बड़ी मात्रा में निर्यात कर सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था और किसानों को उनकी आने वाली फसल के लिए बेहतर मूल्य मिलेगा।

## फंडिंग खबरों के बीच डंज़ो ने की 150-200 और कर्मचारियों की छंटनी

- प्रभावित कर्मचारियों को सूचित किया है कि उन्हें जनवरी में अपना फुल एंड फाइनल सेटलमेंट्स प्राप्त होगा
- स्टार्टअप ने इस साल अब तक दो जॉब कट राउंड में लगभग 400 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है




**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। क्विक-ग्रोसरी डिलीवरी प्रोवाइडर डंज़ो गंभीर नकदी संकट के बीच कथित तौर पर 150-200 कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। कई रिपोर्टों के अनुसार, डंज़ो अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 30-40 प्रतिशत की और कटौती कर सकता है।

कंपनी ने कथित तौर पर प्रभावित कर्मचारियों को सूचित किया है कि उन्हें जनवरी में अपना फुल एंड फाइनल सेटलमेंट्स प्राप्त होगा। एक बैठक में कर्मचारियों को आधिकारिक तौर पर ताजा छंटनी की जानकारी दी गई। स्टार्टअप ने इस साल अब तक दो जॉब कट राउंड में लगभग 400 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इस महीने की शुरुआत में, फंड की कमी के कारण डंजो ने अपने कर्मचारियों के जून और जुलाई के वेतन में इस बार नवंबर तक की देरी कर दी। इसके सह-संस्थापक और सीईओ कबीर बिस्वास के अनुसार, स्टार्टअप लागत में कटौती के लिए बेंगलुरु में अपना कार्यालय भी खाली कर सकता है। बिस्वास ने कथित तौर पर कर्मचारियों से कहा कि उनका जून और जुलाई का लंबित भुगतान अब नवंबर में कर दिया जाएगा।

धन जुटाने में असमर्थ होने के कारण डंज़ो ने पहले वेतन को अक्टूबर के पहले सप्ताह तक विलंबित कर दिया था। कंपनी ने अब तक लगभग 500 मिलियन डॉलर जुटाए हैं, 2022 की शुरुआत से लगभग 300 मिलियन डॉलर आ रहे हैं।

## कामधेनु लिमिटेड ने दिल्ली और हरियाणा के डीलरों किया सम्मानित

नई दिल्ली, 27 सितंबर (देशबन्धु)। खुदरा क्षेत्र में ब्रांडेड सरिया निर्माता कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने कारोबार विस्तार में सहयोग करने वाले डीलरों को सम्मानित किया। अमृतसर में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली और हरियाणा के डीलरों को कंपनी के निदेशक सचिन अग्रवाल और वरिष्ठ अधिकारी राजीव शर्मा ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान, उत्पाद परिचय, नए विपणन और व्यावसायिक रणनीतियों, प्रचार अभियान, ब्रांड जागरूकता अभियान और बिक्री बढ़ाने के लिए अनूठी तकनीकों पर चर्चा भी की गई। इसके साथ वित्तीय वर्ष के लिए सभी डीलरों को बिक्री लक्ष्य को भी अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर सचिन अग्रवाल ने कहा कि कामधेनु परिवार के अभिन्न सदस्यों के रूप में हमारे सम्मानित चैनल भागीदारों और डीलरों की महत्वपूर्ण उपस्थिति को कम करके आंका नहीं जा सकता है। हम उनके असाधारण प्रदर्शन का बहुत सम्मान करते हैं, और यह कार्यक्रम हमारी वास्तविक कृतज्ञता व्यक्त करने का मौका हमें प्रदान करता है। इसके अलावा, यह हमें अधिक व्यक्तिगत बंधन स्थापित करने, उनकी जरूरतों के बारे में गहरी जानकारी प्राप्त करने और मजबूत सहयोग को बढ़ावा देने की सुविधा देता है। यह खुशी और उत्सव का क्षण है, हमारे विस्तारित परिवार को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान और सराहना करने का समय है, उन्हें कंपनी की सेवा में और भी अधिक सफलता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती हैं।

## 2023 में भारतीय कंपनियों में महिला कार्यबल बढ़कर हुआ 26 प्रतिशत : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। एक रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि भारतीय कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं की संख?या में बढ़ोत्तरी आई है। 2023 में महिला कार्यबल बढ़कर 26 प्रतिशत हो गया। यह 2021 में 21 प्रतिशत था। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, जहां उच्चतम और निम्नतम महिला उपस्थिति वाले उद्योगों के बीच महिलाओं के प्रतिनिधित्व में 38 प्रतिशत का अंतर है। इससे पता चलता है कि महिलाएं कम महिला प्रतिनिधित्व वाले उद्योगों में भी काम कर रही है। इसके अलावा, लगभग आठ प्रतिशत भारतीय सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) महिलाएं हैं, जिनमें से 32 प्रतिशत महिलाएं वरिष्ठ नेतृत्व पदों पर हैं, जिनके संगठनों में महिला साथियों की कमी है। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंडिया की सीईओ यशस्विनी रामास्वामी ने कहा, हमारे निष्कर्षों से पता चलता है कि 2023 में भारतीय कंपनियों में महिला कार्यबल में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिसके परिणामस्वरूप 89 प्रतिशत महिलाएं अपनी भूमिकाओं से मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती हैं।



उन्होंने कहा, यह 2021 में 21 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में प्रभावशाली 26 प्रतिशत हो गई है, जिसमें सबसे अच्छे कार्यस्थल अपने समकक्षों की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक महिलाओं को रोजगार देकर आगे बढ़ रहे हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि शिक्षा और प्रशिक्षण और गैर-लाभकारी और चैरिटी आर्गेनाइजेशन जैसे क्षेत्र, क्रमशः 45 प्रतिशत और 47 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व के साथ बढ़े हुए विश्वास स्तर को प्रदर्शित करते हैं। जबकि, परिवहन, विनिर्माण और उत्पादन जैसे उद्योग, 13 प्रतिशत और 9 प्रतिशत की कम लिंग विविधता के साथ, अभी भी कर्मचारियों के बीच मध्यम से उच्च विश्वास स्तर हासिल करने का प्रबंधन करते हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि सभी के लिए अनुभव को प्राथमिकता देने वाले संगठनों में पेशेवर और नेतृत्व विकास के साथ-साथ निर्णय लेने में कर्मचारियों की भागीदारी 14 प्रतिशत बढ़ी है।

## शेयर बाजार गुलजार

**मुंबई** 27 सितंबर (एजेंसियां)। एशियाई बाजारों की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार गुलजार रहा। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 173.22 अंक की तेजी लेकर 66118.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 51.75 अंक की बढ़त के साथ 19716.45 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.76 प्रतिशत की छलांग लगाकर 32,309.87 अंक और स्मॉलकैप 0.68 प्रतिशत उछलकर 37,476.71 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3799 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2008 में तेजी जबकि 1640 में गिरावट रही वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियों में लिवाली जबकि 17 में बिकवाली हुई। बीएसई के सोलह समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.11, सीडी 0.12, ऊर्जा 0.33, एफएमसीजी 0.77, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 1.13, इंडस्ट्रियल्स 0.97, आईटी 0.48, दूरसंचार 0.77, यूटिलिटीज 0.08, कैपिटल गुड्स 1.14, धातु 0.14, पावर 0.17, रियल्टी 0.70, टेक 0.43 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 0.27 प्रतिशत की तेजी रही।

एशियाई बाजारों में तेजी जबकि यूरोपीय बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान जापान का निक्केई 0.18, हांगकांग का हैंगसेंग 0.83 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.16 प्रतिशत चढ़ गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16 और जर्मनी का डैक्स 0.10 प्रतिशत गिर गया।




कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 20 अंक फिसलकर 65,925.64 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,549.96 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,172.27 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,945.47 अंक के मुकाबले 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 66,118.69 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 28 अंक उतरकर 19,637.05 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,554.00 अंक के निचले जबकि 19,730.70 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 19,664.70 अंक की तुलना में 0.26 प्रतिशत उछलकर 19,716.45 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 20 कंपनियों में एलटी ने सबसे अधिक 1.70 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही आईटीसी 1.51, सन फार्मा 1.44, मारुति 1.42, रिलायंस 1.18, एक्सिस बैंक 1.17, भारती एयरटेल 0.82, विप्रो 0.69, इंफोसिस 0.51, टेक महिंद्रा 0.49, टीसीएस 0.13, टाटा मोटर्स 0.10, एचसीएल टेक 0.08 और जेएसडब्ल्यूएस के शेयर 0.04 प्रतिशत तक मजबूत रहे। वहीं, टाइटन 1.24, एसबीआई 0.81, एचडीएफसी बैंक 0.68, आईसीआईसीआई बैंक 0.57, टाटा स्टील 0.54, नेस्ले इंडिया 0.42, बजाज फाइनेंस 0.41, एनटीपीसी 0.35, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.33 और बजाज फिनसर्व के शेयरों में 0.11 प्रतिशत की गिरावट रही।

## केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस और हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक में हुआ समझौता



**नई दिल्ली** 27 सितंबर (एजेंसियां)। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस) ने हिमाचल प्रदेश में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के व्यापक शाखा नेटवर्क के माध्यम से जीवन बीमा उत्पादों की एक श्रृंखला की पेशकश करने के लिए हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक (एचपीजीबी) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है,जो एचपीजीबी के ग्राहकों के लिए कंपनी के बीमा समाधान लाएगा। एचपीजीबी छठा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक है जिसे कंपनी के वितरण नेटवर्क में जोड़ा गया है। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस मुख्य रणनीति अधिकारी ऋषि माथुर ने कहा कि हम हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं जो बैंकिंग क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम है और इसकी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ग्राहकों की सेवा करने की परंपरा है।

## सोया रिफाइंड सस्ता

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड तेल सस्ता हो गया जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 66 रिंगिट उबलकर 3684 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.43 सेंट की तेजी के साथ 58.14 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सोया रिफाइंड में 146 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6350-6450, दाल चना 7350-7450, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## भारत से मोबाइल फोन निर्यात 45,000 करोड़ रुपये के पार, एप्पल सबसे आगे

**नई दिल्ली,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देते हुए, भारत ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त की अवधि के बीच 5.5 बिलियन डॉलर (45,000 करोड़ रुपये से अधिक) के मोबाइल फोन निर्यात किए। आईएएनएस को मिले वाणिज्य विभाग और इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अनुमान के अनुसार, अप्रैल-अगस्त की अवधि में 5.5 अरब डॉलर के मोबाइल फोन निर्यात हुए, जबकि वित्त वर्ष 22-23 की समान अवधि में 3 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था। उद्योग सूत्रों के अनुसार अप्रैल-अगस्त की अवधि में भारत निर्मित फोन निर्यात में एप्पल सबसे आगे रहा और पहली बार कुल अनुमानित आंकड़े के 50 प्रतिशत से अधिक को पार कर सैमसंग दूसरे स्थान पर रहा। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि जून तिमाही में, एप्पल ने देश के कुल 12 मिलियन स्मार्टफोन शिपमेंट में से लगभग 50 प्रतिशत निर्यात किया, जबकि सैमसंग ने 45 प्रतिशत निर्यात किया। यह पहली बार है जब एप्पल ने देश से स्मार्टफोन निर्यात मात्रा में अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष सैमसंग को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि इसमें आईफोन 15 सीरीज की मजबूत बिक्री और मांग देखी गई जो पिछले साल की तुलना में 100 प्रतिशत (या 2 गुना) से अधिक थी। भारत चालू वित्त वर्ष में मोबाइल फोन निर्यात में 1,20,000 करोड़ रुपये को पार करने के लिए तैयार है, जिसमें एप्पल वित्त वर्ष 24 में 50 प्रतिशत से अधिक के साथ बाजार में अग्रणी रहेगा।



नवीनतम आंकड़ों के अनुसार घरेलू विनिर्माण से प्रेरित, एप्पल आईफोन इस साल एंड्रॉइड-प्रभुत्व वाले स्मार्टफोन बाजार में 7 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए भी तैयार है। देश में इस साल की पहली छमाही में एप्पल आईफोन शिपमेंट में 68 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई।

मार्केट रिसर्च फर्म साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार, पहली छमाही में एप्पल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की और 63 प्रतिशत की मजबूत बाजार हिस्सेदारी के साथ सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट (50,000 रुपये से 100,000 रुपये के बीच) पर अपना दबदबा बनाया। पहली बार एप्पल ने अपनी वैश्विक बिक्री के पहले दिन भारत निर्मित आईफोन 15 और 15 प्लस बेचे, साथ ही उन इकाइयों को कुछ अन्य बाजारों में भी निर्यात किया। ऐसा अनुमान है कि लॉन्च तिमाही में आईफोन 15 की शिपमेंट, जो भारत में बड़े पैमाने पर त्योहारी सीजन की शुरुआत करती है, मेक इन इंडिया पहल में वृद्धि के कारण लगभग 65 प्रतिशत रहेगी।

## सार संक्षेप

### कोटक म्यूचुअल फंड का सीखो पैसे की भाषा अभियान

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी)/कोटक म्यूचुअल फंड (केएमएफ) ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के साथ साझेदारी में एक निवेशक शिक्षा और जागरूकता संबंधी पहल सीखो पैसे की भाषा शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि यह पहल भारत में शिक्षकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शिक्षा और जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों की एक व्यापक श्रृंखला आयोजित करके वित्तीय साक्षरता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए तैयार है। इस पहल का उद्देश्य लगभग 75,000 शिक्षकों को शिक्षित करना और उनमें जागरूकता पैदा करना है, ताकि उन्हें सशक्त बनाया जा सके तथा उनकी वित्तीय समझ के विकास को बढ़ावा दिया जा सके, जिससे अंततः संभावित प्रगतिशील भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा में योगदान करने में भी मदद मिल सकती है।इस पहल के तहत अक्टूबर तक 1,000 वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। %सीखो पैसे की भाषा% पहल वित्तीय रूप से सजग नागरिकों की एक पीढ़ी को तैयार करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। कार्यक्रम 100 से अधिक स्थानों पर आयोजित किए जाने वाले हैं, जिससे पूरे देश में शिक्षकों के लिए व्यापक पहुंच और उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### होंडा एक्टिवा का लिमिटेड एडिशन लाँच

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज एक्टिवा लिमिटेड एडिशन को लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 80,734 रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि नये स्कूटर के लिए बुकिंग शुरू हो चुकी हैं और यह सीमित अवधि के लिए देश भर में होंडा की सभी रैडविंग डीलरशिप पर उपलब्ध होगा। नए दौर के युवा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया एक्टिवा लिमिटेड एडीशन दो आकर्षक कलर शेड्स मैट स्टील ब्लैक मैटेलिक और पर्ल साइरेन ब्लू में उपलब्ध है। राइडर की सुविधा को बढ़ाने के लिए डीएलएक्स वेरिएन्ट में एलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जबकि टॉप-स्पेक वेरिएन्ट में स्मार्ट की दी गई है।

### ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के नए अध्यक्ष बने मनीष डेढ़िया



**नई दिल्ली।** भारत में प्लास्टिक उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाली शीर्ष संस्था, ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईपीएमए) ने एक नए युग का स्वागत करते हुए मनीष डेढ़िया को अध्यक्ष के रूप में चुनाव किया है। इसका चयन एआईपीएमए ने वर्ष 2023-24 की अपनी पहली प्रबंध समिति की बैठक में लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में आने वाले वर्ष के लिए एसोसिएशन की रणनीतिक दिशा और नेतृत्व की रूपरेखा तैयार की गई। यह बैठक उद्योग जगत के उद्योगपतियों के लिए सहयोग करने, अंतर्दृष्टि साझा करने और भारत में प्लास्टिक उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों को सामूहिक रूप से संबोधित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है।

# खेल जगत

## अंकिता रैना, सुमित नागल एकल क्वार्टर में हारे



**हांगझोउ,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। सर्वोच्च रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना का 19वें एशियाई खेलों के महिला एकल में अभियान बुधवार को यहां जापान की हारुका काजी से हार के साथ समाप्त हो गया, जबकि पुरुष एकल में सुमित नागल का अभियान क्वार्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हुआ। 2018 संस्करण में कांस्य पदक जीतने वाली अंकिता को करीबी मुकाबले में हारुका से 6-3, 4-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। 30 वर्षीय भारतीय, दिन के अंत में युकी भांबरी के साथ फिलीपींस के खिलाफ मिश्रित युगल राउंड 3 मैच में भाग लेंगे। दूसरी ओर, पांचवीं वरीयता प्राप्त सुमित शीर्ष वरीय चीन के झांग झिझेन के खिलाफ 7-6(3) 1-6 2-6 से हार गए। पहले सेट में टाई-ब्रेकर जीतने के बाद, भारतीय खिलाड़ी शेष मैच में झांग की तीव्रता का मुकाबला करने में विफल रहा।

# भारत ने दो स्वर्ण समेत सात पदकों पर लगाया निशाना

**हांगझोउ** 27 सितंबर (एजेंसियां)। 19वें एशियाई खेलों के चौथे दिन बुधवार को भारत ने निशानेबाजी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य सहित सात पदक जीत लिये। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिद्म सांगवान की तिकड़ी को महिलाओं के 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक मिला। इसके बाद 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत की सिफ्ट कौर सामरा ने दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। सिफ्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 469.6 अंक का स्कोर करते हुए व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जो नया विश्व रिकॉर्ड है। सिफ्ट कौर सामरा ने नीलिंग में 154.6, प्रोन में 157.9 और स्टैंडिंग एलिमिनेशन में 157.1 का स्कोर बना कर महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी में क्यूनग्यू झांग चीन को 7.3 अंकों के आसान अंतर से हराया।



भारत की कांस्य पदक विजेता आशी चौकसे रजत पदक जीतने की रेस में थीं, लेकिन उनके आखिरी शॉट में 8.9 से नीचे के स्कोर के कारण क्यूनग्यू झांग ने रजत पदक अपने नाम किया और उन्हे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। क्वालीफाइंग राउंड में, सिफ्ट कौर सामरा ने 594 (28) के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि आशी चौकसे 590 (24) के साथ छठे स्थान पर रहीं और मानिनी कौशिक 580 (28) के साथ 18वें स्थान पर रहीं। भारत की तिकड़ी ने क्वालीफाइंग राउंड में अपने क्युमुलेटिव स्कोर 1764 के दम पर टीम रजत पदक जीता। चीन (1773) और कोरिया गणराज्य (1756) ने क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किया। मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान की भारतीय महिला 25 मीटर पिस्टल टीम ने 1759 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन (1756) और दक्षिण कोरिया (1742) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किया।

मनु भाकर क्वालीफाइंग राउंड में 590 (28) के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान पर रहीं, जबकि ईशा सिंह ने 586 (17) के स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। रिदम सांगवान 583 (23) के साथ सातवें स्थान पर रहीं। ज्ञातव्य है कि व्यक्तिगत स्पर्धा में एक देश से केवल दो ही निशानेबाज अंतिम आठ में पहुंच सकते हैं इसलिए रिदम सांगवान जगह बनाने से चूक गईं। ईशा सिंह ने अपनी शुरुआती सीरीज में केवल 2/5 स्कोर करने के बावजूद फाइनल में रजत पदक जीता। ईशा सिंह ने कुल 34/50 का स्कोर बनाया। वहीं, चीन की रुई लियू ने एशियाई खेलों के रिकॉर्ड 38/50 स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि दक्षिण कोरिया के जिन यांग ने 29/45 के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

मनु भाकर शानदार शुरुआत करने के बावजूद 21/35 के कुल स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। वह सातवीं सीरीज के अंत में बाहर हो गईं। पुरुषों की स्कीट में, अनंतजीत सिंह नरूका ने 58/60 का प्रभावशाली स्कोर हासिल करते हुए रजत पदक जीता। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कुवैत के अब्दुल्ला अब्दुल्ला अल-रशीदी ने भारतीय निशानेबाज को हराने के लिए 60/60 के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। कतर के नासिर अल-अत्तिया को 46/50 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। पुरुष टीम स्पर्धा में, अनंतजीत सिंह नरूका, गुरजोत सिंह खंगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा ने मिलकर 355 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। चीन ने 362 अंकों के साथ स्वर्ण पदक पर अपना कब्ज़ा किया और कतर ने 359 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

अनंतजीत सिंह नरुका पांच राउंड में 121 के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग में चौथे स्थान पर रहने के बाद छह सदस्यीय व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय थे। गुरजोत सिंह खंगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा ने 16वें और 17वें स्थान के लिए 117-117 अंक हासिल किए।

## अंतिम दौड़ रद्द होने से विष्णु स्वर्ण पदक से चूके, पुरुषों की डिंगी में कांस्य पदक मिला



**हांगझोउ,** 27 सितंबर (एजेंसिया)। पुरुषों की डिंगी-आईएलसीए7 वर्ग की 12वीं और अंतिम दौड़ रद्द होने की घोषणा से भारतीय नौकायन शिविर में निराशा फैल गई क्योंकि इससे ओलंपियन विष्णु सरवनन को 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को यहां स्वर्ण पदक जीतने से रोक दिया गया। इसके बजाय, विष्णु को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा क्योंकि उन्हें सिंगापुर और कोरिया गणराज्य के विरोधियों से आगे निकलने का मौका नहीं मिल सका। सरवनन सिंगापुर के स्वर्ण पदक विजेता जून हान रयान लो और कोरिया गणराज्य के रजत पदक विजेता जीमिन हा के बाद तीसरे स्थान पर रहे। निंगबो, जहां एशियाई खेलों की नौकायन प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, के एक वरिष्ठ नौकायन संघ (वाईएआई) अधिकारी ने कहा, विष्णु को स्वर्ण पदक के लिए लड़ना था। लेकिन दुर्भाग्यवश, आज हवा नहीं थी और दौड़ रद्द करनी पड़ी। विष्णु मंगलवार को 11वीं रेस जीतकर पदक की दौड़ में शामिल हो गए थे, जबकि उनके करीबी प्रतिद्वंद्वी हांगकांग के एनबी बेंजी रेस पूरी नहीं कर पाए और उन्हें 14 अंकों की पेनल्टी दी गई।

विष्णु पुरुष लेजर वर्ग में एशियाई चैंपियन हैं, उन्होंने 2022 में अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में स्वर्ण पदक जीता था। यह एशियाई खेलों में उनका पहला पदक था। मंगलवार को नेहा ठाकुर (रजत) और इबाद अली (कांस्य) के बाद 19वें एशियाई खेलों में नौकायन में भारत का यह तीसरा पदक है। एशियाई खेलों में यह पहली बार था कि भारत ने आईएलसीए 7 और आरएसएक्स वर्ग में पदक जीते हैं।

निंगबो के एक समुद्री रिसॉर्ट में निंगबो जियांगशान सेलिंग सेंटर में 11वीं रेस में विष्णु की जीत से उनके कुल 48 अंक और 34 नेट अंक हो गए। और जब बुधवार को अंतिम दौड़ रद्द कर दी गई, तो विष्णु ने लो से आगे निकलने का मौका खो दिया, जो 32 कुल अंक और 26 नेट अंक के साथ पहले स्थान पर थे, और जीमिन हा, जिनके पास 42 कुल अंक और 33 नेट अंक थे। अच्छी दौड़ और थोड़ी किस्मत के साथ, विष्णु अपने दो प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकल सकते थे और स्वर्ण पदक जीत सकते थे।

विष्णु ने 19वें एशियाई खेलों में शानदार शुरुआत की थी और पहली और तीसरी रेस जीती थी। वह छठी रेस में दूसरे स्थान पर रहे लेकिन आठवीं रेस में उन्हें रिटायर होना पड़ा, जिससे उनकी प्रगति बाधित हुई। हालाँकि, 24 वर्षीय नाविक विष्णु, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक खेलों में पुरुष लेजर वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और कुल मिलाकर 20वें स्थान पर थे, 10वीं दौड़ में दूसरे स्थान पर और 11वीं दौड़ में प्रथम स्थान पर रहकर जोरदार वापसी की और खुद को आगे रखा।

स्वर्ण पदक के लिए लड़ने के लिए एक बेहतरीन स्थिति, लेकिन दुर्भाग्य से मौसम की मार ने उनका दिन खराब कर दिया और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## जापान के खिलाफ रोमांचक मुकाबले के लिये भारत ने कसी कमर



**हांगझाउ,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। उज्बेकिस्तान और सिंगापुर को रौंदने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम 19वें एशियाई खेल में गुरुवार को गत चैंपियन जापान के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने पिछले हफ्ते अपने शुरुआती पूल ए मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 16-0 से हराया जबकि मंगलवार को हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने सिंगापुर को 16-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारत अब तक की अपनी सबसे कठिन चुनौती के लिए कमर कस चुका है जब गुरुवार को उसका मुकाबला 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान से होगा।

सिंगापुर के खिलाफ चार गोल करने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हम कल के मैच स्तर से अच्छी तरह वाकिफ हैं। जापान के पास एक मजबूत इकाई है और हम उनकी ताकत और कमजोरियों से परिचित हैं। हमें अपनी खेल शैली पर ध्यान केंद्रित करना होगा, लेकिन अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए मैदान पर जरूरत पड़ने पर रणनीति बदलने के लिए भी तैयार रहना होगा।

जापान भी खेलों में अब तक अजेय रहा है, उसने अपने पहले पूल ए मैच में बांग्लादेश को 7-2 से हराया और उसके बाद अपने दूसरे गेम में उज्बेकिस्तान पर 10-1 से जीत दर्ज की।

हरमनप्रीत ने कहा, जापान की टीम में बहुत सारे गोलस्कोरर हैं। इसलिए उनकी आक्रामक गतिविधियों से निपटने के लिए हमारी रक्षा पंक्ति को मजबूत होने की जरूरत है ताकि हम समय रहते अंतरालों को पाट सकें और उन्हें लय हासिल करने का मौका न दें। यह एक दिलचस्प प्रतियोगिता होगी और हम सभी इसके लिए तैयार हैं।

जापान के खिलाफ भारत की आखिरी भिड़ंत पिछले महीने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के सेमीफाइनल में हुई थी, जिसे भारत ने 5-0 से जीता था। भारत ने इसी टूर्नामेंट में पूल मैच में जापान के खिलाफ भी 1-1 से ड्रा खेला। 2013 के बाद से दोनों टीमें 26 बार आमने-सामने हुई हैं, जिसमें भारत ने 21 बार जीत हासिल की है, जापान ने तीन बार जीत हासिल की है और दो गेम ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, हमने हाल ही में जापान के खिलाफ खेला है, जिससे हमें मैच से पहले आत्मविश्वास मिला है। हम उम्मीद करते हैं कि यह एक करीबी मुकाबला होगा। अगर हम मैदान पर सही निर्णय लेते हैं, तो हमें खेल से सकारात्मक परिणाम मिलेगा। भारतीय टीम का जापान से मुकाबला गुरुवार, 28 सितंबर को शाम सवा छह बजे होगा।

# हमें सही रणनीतियों पर टिके रहना चाहिए: सुनील छेत्री

**होंगझोउ** , 27 सितंबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में सउदी अरब के साथ भारत के राउंड-16 मुकाबले की पूर्व संध्या पर, राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने बुधवार को कहा कि वह उन समस्याओं से अवगत हैं जिनका सामना टीम कर रही है। वह सऊदी अरब के खिलाफ भारत के निराशाजनक ट्रैक रिकॉर्ड और पश्चिम एशियाई पक्ष की वर्तमान ताकत से भी अवगत हैं।

हालाँकि, यह उन्हें गुरुवार को हुआंगलोंग स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में खेले जाने वाले राउंड ऑफ़ 16 मुकाबले पर अपना ध्यान केंद्रित रखने से शायद ही रोक सके।

कप्तान का मानना है कि अगर भारत सही रणनीतियों पर कायम रह सकता है और अगर उसके युवा साथी एकजुट इकाई के रूप में खेलना जारी रखते हैं जैसा कि उन्होंने पहले तीन मुकाबलों में किया था, तो प्री-क्वार्टर फाइनल की लड़ाई रोमांचक हो सकती है। छेत्री ने कहा, हमारे कोच (इगोर स्टिमैक) ने हमें सऊदी खेलों के बहुत सारे क्लिप दिखाए, न केवल वे जो उन्होंने यहां खेले, बल्कि हाल के दिनों के उनके कुछ मैच भी दिखाए। उन्होंने विभिन्न तरीकों के बारे में बात की जिसमें हमें बाहर जाकर खुद को लागू करना चाहिए। अंकित मूल्य पर, वे कई अच्छे खिलाड़ियों के साथ एक बहुत अच्छी टीम हैं ।





एशिया का पांचवां सबसे बड़ा देश और फीफा रैंकिंग में 57वें स्थान पर रहने वाला सऊदी अरब, 102वें स्थान पर मौजूद भारत के खिलाफ हमेशा भारी रहा है, जिसने पांच मुकाबलों में 18 गोल किए हैं, जबकि भारत केवल दो ही गोल कर सका। एशियाई खेलों में दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला दिल्ली में 1982 एशियाड के क्वार्टर फाइनल में सऊदी अरब की एकमात्र गोल की जीत में समाप्त हुआ था। छेत्री ने टीम के भीतर एकता और एकजुटता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एकजुट इकाई के रूप में एक साथ काम करने के महत्व पर जोर दिया।

और इसीलिए कोच का जोर बहुत सरल है- हम एक इकाई के रूप में मैच में जाते हैं और उन स्थितियों से बचते हैं जहां उन्हें एक बनाम एक मिलता है; यह प्रमुख युक्तियों में से एक है। हमने बहुत सारी कतरनें, बहुत सारी संरचनाएँ और विभिन्न चीज़ें देखीं जिन्हें कोच आज़माना चाहता है। उनके पास यह देखने के लिए एक और दिन भी है कि लड़के पांच दिनों में तीन गेम खेलने के बाद कैसे उबरते हैं। अब तक का अनुभव काफी कठिन रहा है। लेकिन अब जब हमने (16वें राउंड के लिए) क्वालीफाई कर लिया है, तो यह भी फायदेमंद है। लेकिन मुझे यह स्वीकार करना होगा, यह उतना आसान नहीं था जितना यह था... लेकिन जो हो गया वह हो गया और अब हम अपना सारा ध्यान और एकाग्रता सऊदी मैच पर केंद्रित कर रहे हैं।

टीम में कई युवा प्रतिभाएं हैं और छेत्री ने उनकी क्षमता पर भरोसा जताते हुए कहा, टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं जिन्हें शायद इस तरह के टूर्नामेंट के माहौल का स्वाद नहीं मिला।

## बायर्न म्यूनिख ने प्रीसेन मुंस्टर को 4-0 से दी मात

**बर्लिन,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। बायर्न म्यूनिख ने तीसरे डिवीजन की टीम प्रीसेन मुंस्टर को 4-0 से हराकर जर्मन कप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। जर्मन दिग्गजों ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। बायर्न ने लगातार प्रीसेन मुंस्टर के खिलाफ दबाव बनाया और 4-0 से जीत हासिल की। मुंस्टर के कोच साशा हिल्डमैन ने कहा, एक कोच के रूप में आप स्पष्ट रूप से गेम हारना पसंद नहीं करते। लड़कों ने मेहनत की। मैं अपनी टीम को स्कोर करते हुए देखना पसंद करता लेकिन मुझे अभी भी गर्व है। बायर्न के कोच थॉमस ट्यूशेल ने कहा, हमने मैच को गंभीरता से लिया और जवाबी हमले की अनुमति नहीं दी। हम 90 मिनट तक सतर्क रहे और पहले हाफ में तीन गोल करके मैच को अपने पक्ष में किया। हालांकि, दूसरा हाफ कठिन था क्योंकि प्रतिस्थापनों ने मुश्किलें पैदा की।

## पीटरसन एमआई केप टाउन के मुख्य कोच नियुक्त, मलिंगा बने गेंदबाजी कोच

**केप टाउन,** 27 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर रॉबिन पीटरसन को एसए 20 2024 के लिए एमआई केप टाउन का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। पीटरसन ने एमआई न्यूयॉर्क को उद्घाटन एमएलसी खिताब के लिए प्रशिक्षित किया था।

श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। एमआई केप टाउन 10 मैचों में 3 जीत के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रहा, पीटरसन 2023 में एमआई केप टाउन के महाप्रबंधक थे। वह मुख्य कोच के रूप में साइमन कैटिच की जगह लेंगे, जबकि मलिंगा न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम की जगह लेंगे। .

पीटरसन और मलिंगा इस साल की शुरुआत में यूएसए के मेजर लीग क्रिकेट के उद्घाटन सत्र में क्रमशः मुख्य कोच और गेंदबाजी कोच के रूप में एमआई न्यूयॉर्क के खिताब जीतने के अभियान का हिस्सा थे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला राशिद खान की कप्तानी वाली एमआई केपटाउन के बल्लेबाजी कोच बने रहेंगे।



एमआई केप टाउन ने अगले सीज़न से पहले चार खिलाड़ियों को रिटेन किया है, सैम करेन, कैगिसो रबाडा और डेवाल्ड ब्रेविस के साथ राशिद खान भी चार खिलाड़ियों में शामिल हैं।

# संगीता की हैट्रिक व नवनीत कौर के दो गोल से भारतीय महिला हॉकी का सिंगापुर पर बड़ी जीत के साथ आगाज

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 27 सितंबर (देशबन्धु)। नौजवान स्ट्राइकर संगीता कुमारी की हैट्रिक तथा आक्रामक मिडफील्डर नवनीत कौर के दो गोल की बदौलत दुनिया में सातवें नंबर पर काबिज भारत की महिला हॉकी टीम ने सिंगापुर का हांगजू (चीन) एशियाई खेलों में बृहस्पतिवार को पूल ए में तेज गर्मी में खेले मैच में अपने सभी प्रयोग करते हुए 13-0 से जोरदार जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। संगीता (23 वें, 47 वें और 56 वें मिनट) ने दो मैदानी गोल किए जबकि एक गोल पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। वहीं नवनीत (14 वें मिनट, एक मैदानी और एक पेनल्टी कॉर्नर पर)दागा। संगीता और नवनीत सहित भारत की महिला हॉकी के लिए दस अलग-अलग खिलाड़ियों का - उदिता(छठे मिनट), सुशीला चानू (8 वें मिनट), दीप ग्रेस एक्का(17वें मिनट), नेहा गोयल (19वें मिनट), सलीमा टेटे(35 वें मिनट) मोनिका(52 वें मिनट) और वंदना कटारिया(56 वें) एक-एक गोल करना बेहद सुखद रहा है। भारत ने छह मैदानी गोल किए और छह गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए जबकि सुशीला चानू ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। भारत ने तूफानी अंदाज में आगाज कर पहले ही क्वार्टर में 5-0 की बढ़त ले ली थी और दूसरे क्वार्टर में तीन और गोल कर हाफ टाइम तक 8-0 की बढ़त ले ली थी

■ **भारत ने छह मैदानी गोल किए और छह गोल पेनल्टी कॉर्नर किए**





सिंगापुर ने तीसरे क्वॉर्टर में गोलरक्षक सहित अपनी सभी 11 खिलाड़ी भारत के हमलों को रोकने के लिए लगा दी। तीसरे क्वार्टर में भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अकेली सलीमा टेटे ही एक मैदानी गोल कर पाई। भारत ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में चार मैदानी गोल कर मैच 13-0 से जीत लिया। भारत की चीफ कोच ने खिलाड़ियों को तेज उमस और गर्मी में अगले मैचों के लिए अपनी ताकत बचाए रखने के मकसद से बहुत समझदारी से अपनी खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया और अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को आखिरी क्वॉर्टर में उतारी कर अपनी नौजवान स्ट्राइकरों दीपिका, संगीता को ललरेमसियामी के मिल कर आगे बढ़ कर सिंगापुर के गोल पर हमलों की रणनीति अपनाई। अपनी ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर के बाहर रहने पर भारत की चीफ कोच शॉपमैन की इनडायरेक्ट गोल करने के लिए नेहा गोयल, मोनिका, नवनीत और उदिता को पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का मौका देना बहुत कारगर रहा।

मोनिका, अनुभवी वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, संगीता कुमारी और दीपिका जैसी भारत की स्ट्राइकरों ने परस्पर तालमेल से खेलते हुए से खेलते हुए हांगजू (चीन) में सिंगापुर के खिलाफ एशियाई खेलों में महिला हॉकी के पूल में ऐसा दबाव बनाया कि उसके किले को बिखेरते देर नहीं लगी। भारत की अग्रिम पंक्ति ने अपनी मध्य पंक्ति में सलीमा टेटे, नवजोत कौर और नेहा गोयल द्वारा ने शुरू के दो क्वार्टर में खासतौर पर पेनल्टी कॉर्नर बनाए और शुरू के दो क्वॉर्टर में छह को गोल मे बदला ही एक गोल पेनल्टी स्ट्रोक पर और एक मैदानी गोल किया। मोनि को भारत की चीफ कोच यांकी शॉपमैन ने डिफेंसिव मिडफील्डर को सेंटर फॉरवर्ड के रूप में खिलाकर सभी को चौंका दिया।

## सार संक्षेप

### विश्व चैंपियन धावक डाफने शिपर्स ने लिया संन्यास

**द हेग।** नीदरलैंड की दो बार की विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स ने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। हर एक खिलाड़ी के जीवन में एक ऐसा क्षण आता है जब उसे न चाहते हुए भी अपने करियर को अलविदा कहना पड़ता है। ऐसा ही समय अब विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स के करियर में आया है। काफी समय से चोटों से जूझने के बाद उन्होंने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। शिपर्स के करियर का मुख्य आकर्षण बीजिंग में 2015 विश्व चैंपियनशिप थी जब उन्होंने 200 मीटर में स्वर्ण और 100 मीटर में रजत पदक जीता था। फिर, दो साल बाद लंदन में उन्होंने 200 मीटर में अपने खिताब का बचाव किया और 100 मीटर में तीसरे स्थान पर रहीं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक खेलों में 200 मीटर में रजत पदक जीता था। शिपर्स के पास अभी भी 2015 में बीजिंग में 21.63 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर में यूरोपीय रिकॉर्ड है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में शिपर्स को कई चोटों का सामना करना पड़ा। उनका अभी भी पेरिस में 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का सपना था, लेकिन अब उन्हें एहसास हुआ कि सपना सच नहीं होगा तो उन्होंने इसे छोड़ने का फैसला किया।

### दीपेंद्र सिंह ने तोड़ा युवराज का 16 साल पुराना रिकॉर्ड, 9 गेंदों में ठोका सबसे तेज अर्धशतक

**हांगझोऊ।** नेपाल क्रिकेट टीम ने चीन में जारी एशियन गेम्स में रिकॉर्ड की बारिश कर दी है। इस टीम के खिलाड़ी दीपेंद्र सिंह ऐरी ने युवराज सिंह के 16 साल पुराने सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। क्रिकेट में बुधवार को मंगोलिया और नेपाल की टक्कर थी। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 314 रन बनाए। ये टी20 में सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान एशियाई खेलों के ग्रुप मैच में दीपेंद्र ने मंगोलिया के खिलाफ सिर्फ 10 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए। उनकी रिकॉर्ड पारी आठ छक्कों से सजी थी। टीम के एक अन्य बल्लेबाज कुशाल मल्ला, जिन्होंने 50 गेंदों में 137 रन बनाए और सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने केवल 34 गेंदों में शतक जड़कर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा (35 गेंद) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। इस विशाल लक्ष्य के जवाब में मंगोलिया 13.1 ओवर में 41 रन पर ढेर हो गई और नेपाल ने 273 रन से जीत दर्ज की, जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले नेपाली बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ने पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज के लगभग 16 वर्षों तक टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन का रिकॉर्ड अपने नाम किया था।